राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त


दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 यू आर द लास्ट वन..., नताशा ...



आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू... 12

गाजियाबाद, गुरुवार 05 दिसंबर 2024 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 11 अंकः 273, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### तेलंगाना के मुलुगु में भूकंप के झटकों से लोग सहमे, 5.3 मापी गई तीव्रता

**हैदराबाद (आरएनएस)।** तेलंगाना के मुलुगु जिले में सुबह-सुबह भूकंप के झटकों से लोग सहम गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.3 मापी गई है।राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप सुबह लगभग 7:27 बजे दर्ज किया गया, जिसका




केंद्र मुलुगु क्षेत्र में 40 किलोमीटर की गहराई पर था।भूकंप के झटके तेलंगाना में मुलुगु और उसके पड़ोसी क्षेत्रों के अलावा हैदराबाद और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता 5 से अधिक होने के बाद भी किसी के हताहत होने या संपत्ति के महत्वपूर्ण नुकसान की कोई तत्काल जानकारी नहीं मिली। बता दें, तेलंगाना भारत में भूकंपीय क्षेत्र 2 के अंतर्गत आता है, जो सबसे कम तीव्रता वाला क्षेत्र है। देश को चार भूकंपीय क्षेत्रों (जोन 2 से जोन 5) में बांटा गया है। जोन 5 तीव्र भूकंपीय गतिविधि के लिए सबसे अधिक संवेदनशील है। भारत का लगभग 59 प्रतिशत भूभाग इन क्षेत्रों में आता है।

### ममता के मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल जल्द, कुछ मंत्रियों का कट सकता है पत्ता

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल में चरणबद्ध फेरबदल अगले साल की शुरूआत से शुरू होने की संभावना है और यह प्रक्रिया अगले दो से तीन महीनों में पूरी होने की उम्मीद है। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों की मानें तो प्रस्तावित फेरबदल मुख्य रूप से उन विभागों पर केंद्रित होगा जो सीधे तौर पर सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री विधानसभा चुनाव 2026 को ध्यान में रखते हुए इन विभागों के काम को बेहतर बनाना चाहती हैं।

इस फेरबदल के कुछ पहलू हो सकते हैं। पहला यह कि कुछ महत्वपूर्ण विभाग, जो सीधे तौर पर सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े हैं, उनका प्रबंधन कुछ मंत्रियों द्वारा किया जा रहा है, जो अन्य विभागों के



भी प्रभारी हैं। पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री उन महत्वपूर्ण विभागों के लिए एक-एक मंत्री को समर्पित करने पर विचार कर रही हैं, ताकि वहां कामकाज में सुधार हो सके। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में, कैबिनेट में नए चेहरों को शामिल किए जाने की काफी संभावना है।

फेरबदल का दूसरा हिस्सा कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभागों को आवश्यकताओं के अनुसार बदलना होगा। उस स्थिति में भी, पार्टी सूत्रों ने कहा कि कुछ मौजूदा मंत्रियों के मंत्रालय चले जाएंगे और उनकी जगह नए चेहरे आ सकते हैं।

सूत्रों ने बताया कि तीसरा हिस्सा कुछ मौजूदा राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र) को कैबिनेट मंत्री के रूप में पदोन्नत करना होगा।

पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया, राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा इस साल अगस्त में शुरू हुई थी। अगर सब कुछ सही दिशा में चला तो अगले साल की शुरूआत से ही यह प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है।

हाल ही में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए थे, जिसमें पार्टी के मामलों, विधायी मामलों और प्रशासनिक मामलों को संभालने वाले व्यक्तियों की पहचान की गई थी।

मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया था कि इन तीनों क्षेत्रों में पुराने लोगों को नए लोगों से ज्यादा प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की युवा और छात्र शाखा के मौजूदा नेतृत्व के कामकाज की समीक्षा करने का भी संकेत दिया था।

## राज्यसभा में उठा किसानों का मुद्दा,एमएसपी का वादा पूरे करने की मांग

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** किसानों व उनकी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का मुद्दा बुधवार को राज्यसभा में उठाया गया। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के अन्य सभी कार्यों को स्थगित कर इस मुद्दे पर नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग की। हालांकि यह मांग स्वीकार नहीं की गई। इसके बाद सभापति ने विपक्ष से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी को इस विषय पर बोलने का अवसर दिया।

इस विषय पर बोलते हुए कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि धरती का भगवान अन्नदाता, उसके ऊपर लाठियां चल रही हैं। किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य का जो वादा किया गया था, वह वादा नहीं निभाया जा रहा। कांग्रेस सांसद ने कहा कि किसानों के संबंध में हमारी आवाज को संवैधानिक पदों पर बैठे हुए लोग भी उठा रहे हैं। उन्होंने राज्यसभा के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम आपको धन्यवाद देते हैं कि आपने हमारी आवाज को उठाया है।



गौरतलब है कि मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वयं एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से प्रश्न किया था कि आखिरकार किसानों से वार्ता क्यों नहीं हो रही है। मंगलवार को एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने मंच पर मौजूद केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से कहा था कि कृषि मंत्री जी, हर पल आपके लिए महत्वपूर्ण है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं, और भारत के संविधान के तहत दूसरे सबसे बड़े पद पर विराजमान व्यक्ति के रूप में मैं आपसे आग्रह करता हूं कि कृपया मुझे बताइए, क्या किसान से कोई वादा किया गया था, और वह वादा क्यों नहीं निभाया गया। हम वादा पूरा करने के लिए क्या कर रहे हैं। पिछले साल भी आंदोलन था, इस साल भी आंदोलन है, और समय जा रहा है, लेकिन हम कुछ नहीं कर रहे हैं। बुधवार को राज्यसभा में कांग्रेस सांसद ने सभापति से मांग की कि वे सरकार को निर्देश दें कि किसानों से किए गए वादे पूरे करें। कांग्रेस सांसद ने कहा कि खासतौर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर हम सरकार से जवाब चाहते हैं। प्रमोद तिवारी के बोलने के उपरांत कांग्रेस व विपक्ष के कई सांसद अपने स्थान पर खड़े होकर इस मुद्दे पर बोलने की मांग करने लगे। जिस पर सभापति ने अपनी नाराजगी व्यक्त की।

> **पिछले साल भी आंदोलन था, इस साल भी आंदोलन है, और समय जा रहा है, लेकिन हम कुछ नहीं कर रहे हैं। बुधवार को राज्यसभा में कांग्रेस सांसद ने सभापति से मांग की कि वे सरकार को निर्देश दें कि किसानों से किए गए वादे पूरे करें**

दरअसल बुधवार को विपक्ष द्वारा किसानों के मुद्दे, तमिलनाडु के साइक्लोन और उत्तर प्रदेश के संभल में हुई हिंसा जैसे मामलों पर चर्चा के लिए नोटिस दिए गए थे। विपक्षी सांसदों ने किसानों के मामले पर चर्चा की मांग की। इस पर सभापति ने कहा कि आपको बहुत देर बाद किसानों की याद आई है। सभापति ने कहा कि 5 दिन विभिन्न मुद्दों पर नियम 267 के तहत चर्चा के लिए नोटिस दिए गए जिसके कारण 5 दिन तक राज्यसभा की कार्रवाई नहीं चल सकी, हालांकि इस दौरान एक बार भी किसानों के मुद्दे पर चर्चा के लिए नोटिस नहीं दिया गया और अब मगरमच्छ के आंसू दिखाए जा रहे हैं।

## नेब सराय में हुए ट्रिपल मर्डर मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्र पर कसा तंज



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में लगातार होती घटनाओं को लेकर एक तरफ आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार केंद्र सरकार को घेरते हुए दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ आज सुबह दिल्ली के नेब सराय में हुए ट्रिपल मर्डर मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया के जरिए केंद्र सरकार पर तंज कसा है। आतिशी ने अपने पोस्ट में लिखा, आज सुबह नेब सराई में ट्रिपल मर्डर हुआ। दिल्ली में दिन दहाड़े हत्याएं हो रही हैं, गोलियां चल रही रही हैं, खुलेआम ड्रग्स बिक रहे हैं। केंद्र सरकार की दिल्ली में एक ही जिम्मेदारी है - दिल्ली वालों को सुरक्षा देना। वो अपनी जिम्मेदारी में पूरी तरह फेल हैं।

गौरतलब है कि लगातार दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय को घेरते हुए दिखाई देते हैं। अरविंद केजरीवाल के मुताबिक उन्हें जो काम दिल्ली में करना था, उन्होंने किया है। लेकिन एक काम जो सबसे महत्वपूर्ण था जिसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार के पास है, वह है दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था और लॉ एंड आर्डर। इसमें केंद्र सरकार फेल होती दिखाई दे रही है। अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ पार्टी के अन्य नेता और खुद दिल्ली की मुख्यमंत्री केंद्र सरकार पर लगातार निशाना साध रहे हैं। अरविंद केजरीवाल अपनी पदयात्रा और जनसभाओं में दिल्ली पुलिस को उसकी नाकामी के लिए कोसते दिखाई दे रहे हैं। इसके साथ साथ अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में लॉ एंड आर्डर को लेकर सोशल मीडिया के जरिए भी भाजपा को लगातार घरा है। केजरीवाल सोशल मीडिया के जरिए दिल्ली में हो रही घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए इसके लिए पुलिस को दोषी बता रहे हैं।

> **दिल्ली में दिन दहाड़े हत्याएं हो रही हैं, गोलियां चल रही रही हैं, खुलेआम ड्रग्स बिक रहे हैं। केंद्र सरकार की दिल्ली में एक ही जिम्मेदारी है-दिल्ली वालों को सुरक्षा देना, वो अपनी जिम्मेदारी में पूरी तरह फेल हैं**

## वायनाड को लेकर अमित शाह से मिलीं प्रियंका गांधी, रिलीफ फंड जारी करने की मांग की

**दिल्ली।** बाढ़ से अस्त-व्यस्त हो चुके केरल के वायनाड को लेकर गृह मंत्री अमित शाह से प्रियंका गांधी ने मुलाकात की है। उन्होंने कहा



कि हमने पीएम और गृह मंत्री को ज्ञापन दिया है। क्षेत्र (वायनाड में) में तबाही पूरी हो गई है। जो लोग प्रभावित हुए हैं उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। ऐसे में अगर केंद्र कदम नहीं उठा सकता तो इससे पूरे देश और खासकर पीड़ितों में बहुत बुरा संदेश जाता है। पीएम ने दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की थी। इसके बाद जब मैं पीड़ितों से मिली तो उन्होंने उम्मीद जताई कि शायद उन्हें कुछ राहत मिलेगी।

इस मुलाकात के दौरान 21 और सांसद मौजूद थे। प्रियंका ने अमित शाह से वायनाड के लिए 2221 करोड़ का रिलीफ फंड जारी करने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि अब, 4 महीने बीत चुके हैं और वह राहत नहीं मिल रही है। मैंने गृह मंत्री से अपील की है और उन्होंने बहुत दयालुता से हमारी बात सुनी है।' मैंने उनसे अपील की है कि हम राजनीति से ऊपर उठें और वास्तव में प्रभावित लोगों के दर्द और पीड़ा को पहचानें। उन्होंने कहा कि केरल के सभी सांसदों की ओर से, उनसे (केंद्रीय गृह मंत्री) से हमारी अपील है कि उन्हें इस पर बहुत गंभीरता से विचार करना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा है कि क्या किया गया है और क्या किया जा सकता है, दोनों का ब्यौरा देंगे।

## स्वामी ब्रह्मानंद की 130वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज स्वामी ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय राठ जनपद हमीरपुर में आयोजित स्वामी ब्रह्मानंद जी की 130वीं जयंती समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए।

उप मुख्यमंत्री के साथ राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश सरकार संदीप सिंह जी भी सभी कार्यक्रम में सम्मिलित रहे। उपमुख्यमंत्री ने स्वामी ब्रम्हानंद की समाधि प्रेरणा स्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण किया। तदोपरांत उन्होंने अखंड मंदिर में स्वामी जी की चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं महाविद्यालय में कंप्यूटरीकृत कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके पश्चात उपमुख्यमंत्री जी एवं राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह जी ने श्रद्धांजलि सभा में प्रतिभाग कर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में स्वामी जी के सपने पूरे न हों ,यह असंभव है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में बुंदेलखंड के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि 2017 से 2024 तक बुंदेलखंड में बदलाव आया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से आवागमन सुलभ हुआ है। गरीबी के कारण हो रहा पलायन रुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना- व मुख्यमंत्री आवास योजना(ग्रामीण )से जरूरतमंदों के घर बन रहे हैं।

हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए काम किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने उल्लेखनीय काम किया है। आज बुंदेलखड में तीन विश्वविद्यालय हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए समर्पित है।

## स्वर्ण मंदिर पर पहरेदारी कर रहे पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर गोली चली

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** पंजाब के अमृतसर में बुधवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल पर गोलीबारी हुई है। यह गोली तब चली जब सुखबीर अकाल तख्त द्वारा सुनाई गई धार्मिक सजा (तनखाह) के तहत स्वर्ण मंदिर के प्रवेश द्वार पर सेवादार कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पहरेदारी कर रहे थे। गोलीबारी करने वाले व्यक्ति को मौके पर पकड़ लिया गया है। हमले में सुखबीर बाल-बाल बच गए हैं।



गोलीबारी के समय का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हमलावर को गोली चलाने से पहले एक व्यक्ति द्वारा पकड़ते देखा जा सकता है। हालांकि, इसके बाद भी गोली चल जाती है, लेकिन किसी को लगी नहीं।हमलावर की पहचान नारायण सिंह चौड़ा के रूप में हुई है, जो दल खालसा का कार्यकर्ता बताया जा रहा है। उसने अपनी पैंट से पिस्तौल निकालकर हमला करने की कोशिश की थी।पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है। सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त साहिब पर पंच सिंह साहिबों ने सोमवार को स्वर्ण मंदिर में बादल और उनके साथ के मंत्रियों को तनखाह सुनाई थी।बादल ने पंच सिंह साहिब के सामने अपनी गलतियों को कबूल किया था। अकाल तख्त ने 2 महीने पहले ही सभी को 'तनखैया' (धार्मिक दोषी) घोषित किया था।अकाल तख्त ने 6 महीने में अकाली दल का नया अध्यक्ष चुनने को कहा और पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल से फख्र-ए-कौम उपाधि छीनी है।

पंजाब में 2007 से 2017 तक अकाली दल और उनकी सरकार द्वारा की गई गलतियों के लिए 30 अगस्त को बादल को 'तनखैया' घोषित किया था।बादल पर अपने कार्यकाल में सिरसा डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को ईशनिंदा मामले में माफी और निर्दोष सिखों की हत्या में शामिल पुलिस अधिकारियों को पदोन्नति देने का आरोप था। राम रहीम पर 2007 में ईशनिंदा का मामला दर्ज हुआ था, लेकिन अकाली दल सरकार ने मामला वापस ले लिया था। सुखबीर और उनकी सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे तत्कालीन विधायक 2 दिन तक 1-1 घंटे स्वर्ण मंदिर, केशगढ़ साहिब, दमदमा साहिब तलवंडी साबो,मुक्तसर साहिब,फतेहगढ़ साहिब में पहरेदारी करेंगे, लंगर में जूठे बर्तन और शौचालय साफ करेंगे।

**राजनीति** देवेन्द्र फडणवीस को बुधवार को सर्वसम्मति से महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया, जिससे उनके तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रास्ता साफ हो गया

## राज्यपाल से मिले फडणवीस, शिंदे और अजित पवार, सरकार बनाने का दावा किया पेश

**महाराष्ट्र।** बीजेपी विधायक दल का प्रमुख चुने जाने के बाद देवेन्द्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने बुधवार को राजभवन में महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की। इन नेताओं ने राज्यपाल से मिलकर राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश किया। देवेन्द्र फडणवीस को बुधवार को सर्वसम्मति से महाराष्ट्र भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया, जिससे उनके तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का रास्ता साफ हो गया।

राज्यपाल से मुलाकात के बाद देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि हमने राज्यपाल से मुलाकात की है और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए समर्थन पत्र सौंपा है।

राज्यपाल ने हमें आज शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया है। फडणवीस ने आगे कहा कि गठबंधन सहयोगी शिवसेना और एनसीपी ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि उन्हें महायुति सीएम के रूप में शपथ दिलाई जाए और राज्यपाल ने सभी अनुरोधों को स्वीकार कर लिया और सभी को आज शाम 5.30 बजे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि सीएम और डीसीएम के पद सिर्फ तकनीकी पद हैं। हम सब मिलकर महाराष्ट्र के लिए काम करेंगे।



अन्य मंत्रियों पर फैसला आगामी बैठकों में लिया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को दक्षिण मुंबई के विशाल आजाद मैदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में आयोजित होने वाले समारोह में शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे और राकांपा के अजित पवार उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बुधवार को विधान भवन में हुई विधायक दल की बैठक में गुजरात के पूर्व सीएम और बीजेपी के केंद्रीय पर्यवेक्षक विजय रूपाणी ने घोषणा की कि फड़णवीस (54) को सर्वसम्मति से बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया है।

# दादरी निवासी फखरुद्दीन कोटिया को राष्ट्रीय लोकदल ने सौंपी शहर अध्यक्ष की जिम्मेदारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**ग्रेटर नोएडा।** जनपद में इकलौती नगर पालिका परिषद दादरी में राष्ट्रीय लोकदल से जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने दादरी निवासी फखरुद्दीन कोटिया को शहर अध्यक्ष का दायित्व सौंपने का काम किया, इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल से आजाद मलिक (युवा जिला अध्यक्ष) एवं मनवीर भाटी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, जसवीर भाटी जिला महासचिव गौतमबुद्ध नगर, वीरेंद्र पुनिया (अध्यक्ष ग्रेटर नोएडा) राष्ट्रीय लोकदल, आदि समेत वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं की मौजूदगी रही, इस दौरान जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि हम दादरी शहर अध्यक्ष फखरुद्दीन कोटिया के साथ जनपद गौतमबुद्ध नगर के दादरी नगर में राष्ट्रीय लोकदल की विचारधारा को घर घर तक पहुंचाने का काम करेंगे, नव नियुक्त शहर अध्यक्ष फखरुद्दीन कोटिया ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष एवं अन्य समस्त वरिष्ठ नेताओं एवं शीर्ष नेतृत्व ने जो विश्वास जताया है इसे पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से निभाने का काम करेंगे, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी जी (केंद्रीय मंत्री भारत सरकार) के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे, किसानों मजदूरों आम जनता की हितैषी राष्ट्रीय लोकदल ने अल्पसंख्यक समुदाय के अनेकों वरिष्ठ नेताओं को बड़ी बड़ी जिम्मेदारियों के साथ साथ राज्यसभा सांसद, सदस्य विधान परिषद एवं प्रदेश सरकारों में मंत्री बनाने का काम भी किया है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में व्यापक असर है पार्टी का, आरएलडी के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष आजाद मलिक ने कहा कि फखरुद्दीन कोटिया के आने से दादरी में पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस दौरान हाजी मुंशी कमरुद्दीन मेवाती, साबु मेवाती, सदर फखरुद्दीन मेवाती, उस्मान सैफी, इमरान अब्बासी, आशु इदरीसी, कादिर मेवाती, पप्पू मलिक आदि मौजूद रहे।

# भाकियू भानु के राष्ट्रीय महासचिव को घर पर किया नजर बन्द

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर।** भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय महासचिव आसिफ नंबरदार और उनकी टीम को गौतमबुद्ध नगर जाने से पहले पुलिस को मिली सूचना के आधार पर घर पर ही नजर बन्द कर दिया।वहीं आसिफ नंबरदार ने बताया भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह ने देश और उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों के पदाधिकारियों को सोशल मीडिया के माध्यम से आदेश किया कि



गौतमबुद्ध नगर में किसानों के साथ सरकार का रवैया किसानों के प्रति व्यवहार कुशल नहीं है सभी पदाधिकारी अपनी अपनी समस्त टीम के साथ गौतमबुद्ध नगर कुच करेंगे और सरकारी अधिकारियों को जेल भरो आंदोलन के तहत जवाब देंगे।लेकिन जाने से पहले ही पुलिस के टीम ने घर को चारों तरफ से घेर लिया और किसी को जाने नहीं दिया। घर पर नजर बन्द हुए सुरेश चौधरी,नरेश ठाकुर, संजय भारद्वाज, कृष्णा वत्स, ऋषि शर्मा, सुहेल सलमानी, आसमोहमद, धीरज चौहान,धीरज वशिष्ठ आदि।

# 141 विद्यालयों में कक्षा तीन कक्षा 6 और कक्षा 9 में परीक्षा संपन्न हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** परख राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण के अंतर्गत 141 विद्यालयों में कक्षा तीन कक्षा 6 और कक्षा 9 में परीक्षा संपन्न हुई। इसके अंतर्गत 42 विद्यालयों में कक्षा तीन की परीक्षा हुई 45 विद्यालयों में कक्षा 6 की और 54 विद्यालयों में कक्षा 9 के बच्चों की परीक्षा हुई। यह परीक्षा यूपी बोर्ड से सम्बद्ध माध्यमिक, परिषदीय, सहायता प्राप्त विद्यालय ,सीबीएसई और आईसीएससी बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों एवं मदरसों में आयोजित की गई। उक्त परीक्षा के अनुश्रवण हेतु राष्ट्रीय ऑब्जर्वर संगीता श्रीवास्तव, उपप्राचार्य डायट ज्योति दीक्षित, बीएसए ओपी यादव, जिला समन्वयक प्रशिक्षण अरविंद



शर्मा,एवं जिला समन्वयक एमआईएस रुचि त्यागी, एस आर जी पूनम शर्मा, विनीता, देवांकुर एवं डाइट मेंटर्स ने अनेक विद्यालयों का भ्रमण किया राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण एक महत्वपूर्ण परीक्षा है जो भारत में शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन करने के लिए आयोजित की जाती है। यह परीक्षा तीन,छह और कक्षा नौ के छात्रों की गणित, विज्ञान, भाषा और अन्य विषयों में प्राप्त ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करती है। ठअर के परिणामों से शिक्षा प्रणाली में कमजोरियों का पता चलता है, जिससे सरकार और शिक्षाविद आवश्यक सुधार कर शैक्षिक नीतियों का निर्माण कर सकते हैं।अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति के बारे में जान सकते हैं और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान कर सकते हैं। इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को एक बुकलेट के रूप में प्रश्न पुस्तिका दी जाती है जिसके उत्तर बच्चे ओएमआर शीट पर भरते हैं। लंबे समय से इस परीक्षा की तैयारी में बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा डायट सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अनवरत संलग्न थे। सभी विद्यालयों में शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हुई।

# राजेश शर्मा को बनाया गौतमबुद्ध नगर से राष्ट्रीय मोदी सेवा समिति का जिला अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गौतमबुधनगर ।** राष्ट्रीय मोदी सेवा समिति का जिला अध्यक्ष गौतम बुध नगर बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट किया और संगठन ने राजेश शर्मा पर विश्वास जताया है



गौतम बुद्ध नगर से राष्ट्रीय मोदी सेवा समिति फ्टरर का जिला अध्यक्ष बनाया है जिसे हर घर घर में संगठन के बारे में पता लग सके और जन-जन तक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी मिल सके संगठन का प्रचार प्रसार हो सके राजेश शर्मा ने कहा है कि मैं अपने कर्तव्य को बड़ी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में ई-लॉटरी का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में विकास खण्डवार ई-लॉटरी का आयोजन किया गया।

**कृषकों को कृषि यन्त्रों के प्रयोग पर बढ़-चढकर हिस्सा लेना चाहिए: जिलाधिकारी**

ई-लॉटरी के समय राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (दलहन), राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) तथा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजशन के अन्तर्गत यन्त्रों की विकास खण्डवार ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया गया है। सबसे पहले सी०एच०सी० ग्रामीण उद्यमी का ई-लॉटरी द्वारा कृषकों का चयन किया गया। इसी क्रम में उपस्थित जन समुदाय के बीच कल्टीवेटर, रोटावेटर, चैपकटर, जीरो ट्रिल सीडड्रिल, लेजर लेण्ड लेवलर, तथा हैरों यन्त्र हेतु ई-लॉटरी द्वारा कृषकों का चयन किया गया।सभी विकास खण्डों के ग्राम पंचायतों से लगभग 40 कृषक तथा ई-लॉटरी हेतु समिति के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। उपस्थित किसानों जिनका चयन हुआ समिति के सामने पारदर्शी



तरीके से यन्त्रों का चयन किया गया। जिन कृषकों का चयन ई-लॉटरी के समय किया गया। उपस्थित जनसमुदाय द्वारा ताली बजाकर बधाई एवं शुभकानाएँ प्रेषित की गयी। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, गुफरान प्रगतिशील कृषक, मामचन्द प्रगतिशील कृषक, ललित त्यागी प्रगतिशील कृषक, सन्नी प्रगतिशील कृषक, कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रतिनिधि, जिला अग्रणी बैक प्रबन्धक तथा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी कार्यालय से सहायक जिला सूचना अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। ई-लॉटरी की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी की गयी।जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि आज के आधुनिक युग मशीनीकरण का युग है। अतः उपस्थित कृषकों को कृषि यन्त्रों के प्रयोग पर बढ़-चढकर हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# सीएम योगी के नेतृत्व में डिजिटल यूपी का सपना हो रहा साकार, भारतनेट परियोजना ने यूपी में पकड़ी रफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश में डिजिटल इंडिया के विजन को साकार करने के लिए भारतनेट परियोजना को अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से योगी सरकार ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों को हाई-स्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी से जोड़कर उन्हें डिजिटल रूप से सक्षम बना रही है। भारत नेट परियोजना के माध्यम से प्रदेश में 46,729 ग्राम पंचायतें इंटरनेट से जुड़ चुकी हैं।

बता दें कि भारत नेट प्रोजेक्ट के तहत ग्राम पंचायतों को चरणबद्ध तरीके से इंटरनेट से जोड़ने की योजना पर काम चल रहा है। इस योजना के तहत देश के सभी 2.64 लाख ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस साल अक्टूबर के अंत तक भारत नेट के पहले और दूसरे चरण के तहत लगभग 2.14 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा जा चुका है। इस परियोजना में जहां बड़ी उपलब्धियां हासिल हुई हैं, वहीं कुछ चुनौतियों का समाधान भी किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अक्टूबर 2024 तक कुल 46729 ग्राम पंचायतों को भारत नेट परियोजना के अंतर्गत ऑप्टिकल फाइबर केबल/सैटेलाइट लिंक से जोड़ा जा चुका है। वहीं महाराष्ट्र में 24575, मध्य प्रदेश में 17850, गुजरात के 14316, आंध्र प्रदेश के 12955 और पंजाब के 12668 ग्राम पंचायत भारत नेट परियोजना से आच्छादित हो चुकी हैं।

**लंबित बिजली कनेक्शनों को जल्द जोड़ने का निर्देश**

4G सैचुरेशन परियोजना की सफलता के लिए बिजली कनेक्शन सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पूर्वी यूपी और पश्चिमी यूपी में कुल 132 स्थलों में से 90 स्थलों पर भूमि अधिग्रहण हुआ। इसमें से 39 जगहों पर बिजली कनेक्शन प्रदान कर दिए गए हैं। पश्चिमी यूपी के क्षेत्र में 42 स्थलों में से 21 पर कनेक्शन दिए गए हैं। यूपी के 22

**इंटरनेट से जुड़ीं यूपी की 46,729 ग्राम पंचायतें, वर्ष के अंत तक 8,568 नए एफटीटीएच कनेक्शन जोड़ने का लक्ष्य**

स्थलों को "टेक्निकली नॉट फीज़िबल" (ळठत्रः) के रूप में चिह्नित किया गया है, जिनमें से 20 घने जंगल क्षेत्रों में स्थित हैं। योगी सरकार ने ऊर्जा विभाग को निर्देश दिया है कि लंबित कनेक्शनों को शीघ्रता से जोड़ा जाए और तकनीकी बाधाओं के लिए वैकल्पिक समाधान निकाले जाएं। दिसंबर 2024 तक 8,568 नए एफटीटीएच (फाइबर टू द होम) कनेक्शन जोड़ने का लक्ष्य है।

**योगी सरकार ने समस्याओं के जल्द समाधान के दिए निर्देश**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल यूपी का सपना साकार करने के लिए विभिन्न विभागों को समन्वय बढ़ाने और परियोजना से जुड़े मुद्दों का समाधान करने का निर्देश दिया है। योगी सरकार ने ग्राम विकास अधिकारियों-पंचायत सचिवों को भारतनेट उपकरणों की देखरेख और उपयोगिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपने का फैसला किया है। इसके तहत जिलों में ग्राम पंचायत स्तर पर निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारी (संरक्षक) की नियुक्ति होगी। इसके अलावा फाइबर केबल को जहां "हर घर जल योजना," सड़क चौड़ीकरण और अन्य निर्माण कार्यों के कारण क्षति पहुंची है, वहां इन्हें पुनः स्थापित करने का कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। वन विभाग को लंबित भूमि आवंटन पर तेजी से कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। साथ ही ऊर्जा विभाग को बिजली कनेक्शन प्रदान करने की प्रक्रिया को तेज करने और कठिन स्थलों के लिए समाधान तलाशने का निर्देश दिया गया है।

**गांवों के डिजिटल सशक्तिकरण से आत्मनिर्भर बनेगा यूपी**

भारतनेट परियोजना देश के दूरदराज व ग्रामीण इलाकों में न केवल हाई-स्पीड इंटरनेट प्रदान कर रही है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, ई-गवर्नेंस और आर्थिक विकास को गति देने का महत्वपूर्ण साधन भी बन रही है। इस परियोजना के पूरा होने से गांवों के लोग डिजिटल सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारतनेट परियोजना के जरिए डिजिटल क्रांति की ओर अग्रसर है।

# 04 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक बनाये जायेंगे किसानों के गोल्डन कार्ड : राम जतन मिश्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद में फार्मर रजिस्ट्री सम्पन्न कराये जाने हेतु दिनांक 04 दिसम्बर 2024 से दिनांक 30 दिसम्बर 2024 तक के समस्त राजस्व ग्राम में वृहद कैम्पों का आयोजन किया जायेगा। दिनांक 04 दिसम्बर 2024 को तहसील लोनी के राजस्व ग्राम क्रमशः नौरसपुर, लोनी चकबन्दी क्षेत्र, इलायचीपुर, निस्तौली, नुर्सताबाद खरखड़ी, भनेड़ा खुर्द इसी तरह तहसील मोदीनगर के राजस्व ग्राम काजमपुर, डबाना, असदपुर नागल, आसिफपुर उजेड़ा, फतेहपुर, मौहम्मदपुर आमद बागपत, फिरोजपुर, शहजॉदपुर, सुलतानगर, छुजूपुर, विहग तथा तहसील गाजियाबाद के राजस्व ग्राम कुशलिया, मसूरी, शाहपुर निजमोरटा, मसौता, कनौजा, निगरावटी, मोरटी, करीमनगर कटियार, महमूदाबाद, रसूलपुर सिकरौड, नाहल, जलालाबाद, महिउद्दीनपुर ढबारसी, शमशेर, भवानीपुर, रघुनाथपुर, डिडवारी, समयपुर, भोवापुर, बहादुरपुर निडौरी, मथुरापुर, दीनानाथपुरपूठी, अटौर, भिकनपुर, मिस्वापुर, इनायतपुर, डासना, मकरेड़ा आदि राजस्व ग्राम में फार्मर रजिस्ट्री कैम्पों का आयोजन किया जाना है।

# श्री बालाजी संकीर्तन मित्र मंडल के नेतृत्व मे भव्य संकीर्तन का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जहांगीरपुर।** मंगलवार की शाम श्री बालाजी संकीर्तन मित्र मंडल के नेतृत्व से भव्य संकीर्तन का आयोजन जयकिशन हलवाई के आवास पर हआ। जिसमें सोनू जी ने दीप प्रज्वलित कर महिपाल सिंह ने मंत्र उच्चारण कर आचार्य राजेश सिंह ने विधि विधान से पूजन कराकर संकीर्तन का शुभारम्भ किया।

भक्तों को तिलक व मोली कलावा बांध आशीर्वाद दिया। वहीं हरिओम जी ने श्री हनुमान जी के भजनों को गाकर मन मोह लिया। भजनों को सुनने के लिए भक्तों की भीड़ लग गई।सोनू जी ने "रामजी से राम राम कहियो,कहियो जी हनुमान जी" आदि भजनों को सुनकर भक्त भजन सुनने को बैठे रहे।



इस अवसर पर जयप्रकाश, दिनेश कुमार,राहुल कुमार, शिवकुमार, मुकटलाल, रोहित, सतीश कुमार, विपिन कुमार,सुधीरआदि का सहयोग रहा।

# अब तक ग्रेनो के 25 पंप हाउस का बदला रंग-रूप, जलापूर्ति भी हुई बेहतर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के पंप हाउसों को चमकाने की सीईओ एनजी रवि कुमार व एसीईओ प्रेरणा सिंह की मुहिम रंग ला रही।

- पंप हाउसों को दुरुस्त करने की सीईओ व एसीईओ की मुहिम रंग ला रही
- ऑटोमेशन से मोटर को ऑन-ऑफ करने से मिली निजात, मेनटेनेंस भी बेहतर

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग ने अब तक 25 पंप हाउसों को चमका दिया है। इन पंप हाउसों को न सिर्फ रंग-रोगन से, बल्कि तकनीक के लिहाज से भी अपडेट किया जा रहा है। हरी-भरी घास, पेड़-पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाई जा रही है। इन पंप हाउस




परिसरों में फलों वाले देशी पौधे रोपित किए जा रहे हैं, जो कि पक्षियों को पसंद हैं। इससे परिसरों में पक्षियों की चह-चहाहट भी सुनाई देगी। इन पंप हाउसों को ऑटोमेषन सिस्टम से लैस करने से जलापूर्ति में भी सुधार हुआ है। साथ ही मेनटेनेंस का खर्च भी घटा है।ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने सभी पंप हाउस परिसरों को चमकाने की जिम्मदारी एसीईओ प्रेरणा सिंह को दी है। एसीईओ ने सबसे पहले अलग-अलग सेक्टरों में बने पंप हाउसों को मौके पर जाकर देखा। उन्होंने जल विभाग की टीम से इन सभी पंप हाउस परिसरों को चमकाने और तकनीकी रूप से भी अपडेट करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह और वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में जल विभाग की टीम ने अब तक 25 पंप हाउसों का सौंदयीर्कृत करा दिया है। इनमें सेक्टर 4, ईकोटेक-12, सेक्टर-2, सेक्टर- 3, सेक्टर 37, टेकजोन-4, सेक्टर पी-4 आदि शामिल हैं। इन पंप हाउसों को ऑटोमेशन सिस्टम पर भी कर दिया गया है। अब इसे चलाने या बंद करने की जरूरत नहीं रह गई है। बाकी पंप हाउसों का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि इन पंप हाउसों पर अलार्म सिस्टम भी लगाया गया है। किसी तरह की तकनीकी फॉल्ट होने पर अलार्म भी बजेगा। इससे जलापूर्ति को और बेहतर करने में मदद मिलेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा है कि जब तक सभी पंप हाउस रेनोवेट नहीं हो जाते हैं, तब तक अभियान जारी रहेगा।

**समझौता**

## इस कार्यक्रम में प्रमुख संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया

# लॉयड बिजनेस स्कूल और स्मार्टब्रिज ट्रेडिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने अकादमिक और उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर किए हस्ताक्षर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (मौ. बिलाल)।** लॉयड बिजनेस स्कूल और स्मार्टब्रिज ट्रेडिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने 4 , 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई को पाटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह रणनीतिक सहयोग छात्रों को पेशेवर विकास के अवसरों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने, उन्हें व्यावहारिक बनाने, उद्योग जगत के लिए प्रासंगिक कौशलो से युक्त करने और उनके करियर की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

इस समझौता ज्ञापन पर लॉयड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की मुख्य रणनीति और विकास प्रमुख डॉ. वंदना अरोड़ा सेठी और स्मार्टब्रिज ट्रेडिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ पंकज भागचंदानी ने औपचारिक समारोह में हस्ताक्षर किए। इस कार्यक्रम में प्रमुख संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया, जिनमें बिजनेस एनालिटिक्स के एरिया चेयर डॉ. सौमेंद्र मोहंती और लॉयड बिजनेस स्कूल में एसोसिएट प्रोफेसर और इंडस्ट्री एंगेजमेंट लीड प्रो. नेहा इस्सर शामिल थे।

यह साझेदारी छात्र विकास के लिए एक समग्र दृष्टिकोण पर केंद्रित है, जिसमें वास्तविक दुनिया के व्यावसायिक अनुभव के साथ अकादमिक शिक्षा को शामिल किया गया है। यह सहयोग लॉयड बिजनेस स्कूल के पाठ्यक्रम में उद्योग-आधारित प्रशिक्षण को एकीकृत करेगा, जिससे छात्रों को व्यवसाय परिदृश्य को आकार देने वाले नवीनतम उपकरणों, रुझानों और प्रौद्योगिकियों से परिचित कराया जाएगा। प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षा के माध्यम से छात्र स्मार्टब्रिज के विशेषज्ञ पेशेवरों के साथ मिलकर लाइव प्रोजेक्ट पर काम करेंगे, जिससे वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों से निपटने में मूल्यवान जानकारी प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त, समझौता ज्ञापन छात्रों के लिए संरचित इंटर्नशिप कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करता है, जिससे उन्हें स्मार्टब्रिज में इंटर्नशिप करने, अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाने और कंपनी के



व्यापक प्लेसमेंट नेटवर्क का लाभ उठाने का मौका मिलता है।स्मार्टब्रिज ट्रेडिंग सॉल्यूशंस ने लॉयड बिजनेस स्कूल के छात्रों के व्यापक विकास के उद्देश्य से कई पहलों की प्रतिज्ञा की है। इंटर्न को स्मार्टब्रिज की विशेषज्ञ टीम से व्यक्तिगत मार्गदर्शन मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि वे आज के गतिशील कारोबारी माहौल में सफल होने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण कौशल विकसित करें। उच्च प्रदर्शन करने वाले इंटर्न को इंटर्नशिप अवधि के दौरान उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे। सहयोग के हिस्से के रूप में, छात्रों को एक्सेल, डेटा विश्लेषण और नेतृत्व, संचार और निर्णय लेने जैसी प्रबंधकीय दक्षताओं सहित प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में विशेष कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा, जो उन्हें कॉर्पोरेट दुनिया में नेतृत्व की भूमिकाओं के लिए तैयार करेगा।लॉयड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की मुख्य रणनीति और विकास प्रमुख डॉ. वंदना अरोड़ा सेठी ने भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों को आकार देने में इस तरह के उद्योग-अकादमिक सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "यह साझेदारी हमारे छात्रों को आज के प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में सफल होने के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल और अनुभव से लैस करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा मानना है कि यह सहयोग उनके शैक्षणिक अनुभव और करियर पथ दोनों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।" लॉयड बिजनेस स्कूल और स्मार्टब्रिज ट्रेडिंग सॉल्यूशंस के बीच समझौता ज्ञापन भारत में व्यावसायिक शिक्षा को फिर से परिभाषित करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अनुभवात्मक शिक्षा, व्यावहारिक प्रशिक्षण और कौशल विकास पर जोर देने के साथ, दोनों संस्थान तेजी से वैश्वीकृत और तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था में सफलता के लिए छात्रों को तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

यह साझेदारी शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग जगत के नेताओं के बीच सहयोग की बढ़ती प्रवृत्ति को दशार्ती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पेशेवरों की अगली पीढ़ी न केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर आधारित हो, बल्कि वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों पर इसे लागू करने में भी कुशल हो।जैसा कि लॉयड बिजनेस स्कूल उद्योग जगत के नेताओं के साथ संबंधों को बढ़ावा देना जारी रखता है।

# प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया औरियनप्रो फैक्ट्री का भ्रमण और उद्यमी संवाद कार्यक्रम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** फैक्ट्री भ्रमण कार्यक्रम के तहत प्रदेश सरकार में मंत्री के प्रभारी असीम अरुण द्वारा विधायक संजीव शर्मा, पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र, जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह, उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, अतुल वत्स, के साथ बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित औरियनप्रो फैक्ट्री, जो मेट्रो गेट्स, सिक्योरिटी गेट्स और आधुनिक उपकरण बनाने वाला बहुत ही हाईटैक उद्योग है, का भ्रमण किया। औरियनप्रो के प्रबंध निदेशक संजीव सचदेव ने मंत्री का गेट पर स्वागत करा और उन्हें फैक्टरी भ्रमण कराया। माननीय मंत्रीजी ने सारे प्रॉसेस और फाइनल उद्पाद को समझा, देखा और फैक्ट्री के सिस्टम्स की बहुत प्रशंसा की। इस दौरान उद्यमी सर्वश्री बृजेश अग्रवाल, मनोज शर्मा, मंजीत सिंह, विश्वेंद्र गोयल, राजीव गुप्ता, नीरज चौधरी, संजीव गुप्ता, अनिल गर्ग, रामावतार जिंदल, संजीव अरोड़ा, सुरेंद्र अरोड़ा, अनिल तनेजा उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दूसरे चरण मे प्रभारी मंत्री ने विधायक जी, सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों के साथ इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के कार्यालय में उपस्थित उद्यमियों की समस्याएं सुनीं, उचित आदेश जारी किए और शीघ्र निदान का आश्वासन दिया। सभी उद्यमियों की मुख्य मांग यूपीसीडा की जमीनों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड कराना और इस विषय में उद्यमियों की मुख्य मंत्री से समय लेने की रही मंत्री की त्वरित कार्य शैली की सभी उद्यमियों ने जमकर तारीफ की। मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त आईएएमए के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ के अध्यक्ष उपेंद्र गोयल, हिंदू इकोनॉमिक फोरम (गाजियाबाद चैप्टर) के अध्यक्ष संजीव सचदेव मंचासीन रहे। आईआईए के मनोज अग्रवाल, अमृत स्टील कंपाउंड के सत्यभूषण अग्रवाल, हर्षा कंपाउंड के अजीत सिंह नंदा, साउथ साइड के महेश अग्रवाल, दिनेश मक्कड़, प्रीतपाल सिंह, आनंद इंडस्ट्रियल एस्टेट के किरण पांचाल, एआईएमओ के निर्मल सिंह, अरुण अग्रवाल एवं अन्य अनेक उद्यमी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सुशील अरोड़ा द्वारा मंत्री को धन्यवाद के साथ सफल कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**उपेंद्र गोयल, अध्यक्ष- उत्तर प्रदेश उद्यमी विकास संघ द्वारा आयोजित**



# नींव द स्कूल में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दिखाई खेल प्रतिभा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सीकरी कलां स्थित नींव द स्कूल में चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव के दूसरे दिन कक्षा 5 से लेकर कक्षा 10 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। दूसरे दिन की खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ मुख्य अतिथि संस्थान के संस्थापक राम किशोर अग्रवाल, डायरेक्टर जनरल डॉ अपर्णा शर्मा, वाइस प्रिंसिपल रोमी शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि राम किशोर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-सा द खेल भी बेहद जरूरी होते हैं। खेलों से शरीर स्वस्थ रहता है। स्कूल की डायरेक्टर जनरल डॉ अपर्णा शर्मा ने कहां कि विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग अवश्य करना चाहिए। इससे विद्यार्थियों के भीतर विजेता बनने की भावना जागृत होती है। साथ ही उनमें खेल क्षमता का विकास भी होता है। वार्षिक खेल महोत्सव के दूसरे दिन क्रिकेट मैच, थ्रो बॉल मैच, रिले रेस' आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि राम किशोर अग्रवाल द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल की तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावकगण मौजूद थे।



# उप्र उद्योग व्यापार मंडल ने कूड़ा टैक्स का जताया विरोध

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर इकाई के अध्यक्ष अमित गोयल के नेतृत्व में पालिका कार्यालय पहुंचे दर्जनों व्यापारियों ने पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली से मुलाकात की और पालिका द्वारा उठाए जा रहे कूड़े की एवज में नगर वासियों पर लगाए गए टैक्स का विरोध जताया।

**कूड़ा उठाने की एवज में टैक्स लगाना सरासर गलत : अमित गोयल**

नगर अध्यक्ष अमित गोयल ने पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली से कहां कि पालिका अब से पहले कूड़ा उठाने की एवज में किसी भी तरह के कर की वसूली नहीं करती थी। लेकिन अब पालिका द्वारा नगर क्षेत्र में कूड़ा उठाने हेतु 50 व 100 रुपए प्रतिमाह की जो वसूली की जा रही है, जो सरासर गलत है। महामंत्री निर्दोष खटाना ने कहा कि पालिका को गरीब जनता पर लगाए गए इस टैक्स के बारे में एक बार पुनः विचार जरूर करना चाहिए। प्रदेश मंत्री सतीश अग्रवाल ने सड़क पर हो रहे गड्ढों को शीघ्र भरवाये जाने के अलावा तिबडा रोड-हापुड़ रोड बंबा पटरी मार्ग की सड़क को शीघ्र ही चौड़ी कराए जाने की मांग की। गोविंदपुरी अध्यक्ष सतेंद्र गुप्ता ने क्षेत्र में आवारा कुत्तों व बंदरों की बढ़ती हुई संख्या तथा उनसे होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए क्षेत्र वासियों को आवारा कुत्तों व बंदरों से सुरक्षा और इनसे निजात दिलाए जाने की मांग की।

इस अवसर पर अमित गोयल के साथ निर्दोष खटाना, सतीश अग्रवाल, सत्येंद्र गुप्ता,पप्पन शर्मा, राजकुमार खुराना, महेश कश्यप, अमित कराटे, गौरव रहेला, जगदीश मदान, एड संजीव कौशिक, नीरज राजपूत, मनोज सोनी, दिशांत भूटानी, अंकुर सक्सेना, राजेश गुप्ता, नरेंद्र कुमार, मधुसूदन शर्मा आदि व्यापारीगण मौजूद थे।



# मन्दिर केवल पूजा के स्थान नहीं बल्कि समाज की जागृति के केंद्र भी हैं : अरविंद ओझा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** सुभाष विहार कॉलोनी में चल रही हनुमत कथा में बुधवार को हमुमन जी के जीवन लीला पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने कहा कि हमारे मन्दिर केवल पूजा करने का स्थान नही है। बल्कि हमारे मन्दिर समाज सेवा व समाज की जाग्रति के केन्द्र बनने चाहिए।

कथा व्यास ने आगे बताते हुए कहा कि हम गृहस्थ लोगो की जिम्मेदारी है कि गुरु और पुरोहित के जीवन यापन की व्यवस्था करे, जिससे वो अपने शास्त्र व राष्ट्र को बचाने के लिए युवाओं को संस्कारित कर सके। हनुमानजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि माता सीता जी का जन्म प्रकृति की कोख से और हनुमानजी का जन्म प्रकृति की गोद में हुआ है। इसलिए सीता जी स्वयं प्रकृति हैं और हनुमानजी उंनके रक्षक हैं। हनुमानजी हमें सन्देश देते कि जो समस्त संसार की अर्थात पशु पक्षि जीव जंतु कीट पतंगे पेड़ पौधे सब में परमात्मा का वास मानकर उनकी सेवा करता है भगवान ऐसे सेवक पर प्रेम और कृपा की वर्षा करते हैं।

उन्होंने कहा कि जीवन एक सरिता है जो सुख और दुःख दो किनारों के बीच बहते हुए आगे बढती है। जैसे नदी के दोनों किनारे एक साथ नही आ सकते, उसी प्रकार जीवन में सुख दुख एक साथ नही आते। इसलिए जीवन में इनको सहते हुए आगे बढ़ते रहना चाहिए। दीप प्रज्वलन छाया पब्लिक स्कूल के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसीडेंट डॉ अरुण त्यागी तथा अमूल डेयरी के मैनेजर लव शर्मा ने किया।

इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, पूर्व चेयरमैन राम आसरे शर्मा, डॉ पवन सिंघल, सभासद बबलू कौशिक, सभासद प्रदीप शर्मा, रश्मि शर्मा,सागर शर्मा, दीपिका शर्मा , अंकुर शर्मा, आकांशा शर्मा, नरेश वर्मा, ममता वर्मा, कुशाग्र लाला, कृतिका, रविन्द्र शर्मा, शशि शर्मा, रजनीश त्यागी, शिव बैंसला, पूर्व सभासद दीपक वत्स, दीपक त्यागी आदि श्रद्धालुजन मौजूद थे।



# हरौड़ा का राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल बुधवार को सफाई कर्मी के भरोसे, जिले में 17 अस्पताल है और 12 चिकित्साक, जिले 5 में चिकित्सकों है कमी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली ब्लॉक के गांव हरौडा.गांव में कई लाख रुपए की लागत से एक राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल बनाया गया है।

जिससे के दर्जनों गांवों के मरीजों को लाभ मिले,बुधवार को अस्पताल सफाईकर्मी के भरोसे था, इसलिए अस्पताल पहुंचने वाले मरीज बिना दवाई लिए वापस लौट गए। यहां पर तैनात चिकित्सक को दो अस्पतालों की जिम्मेदारी मिली हुई है।

बहादुरगढ़ में तैनात चिकित्सक को पिछले कई वर्षों से हरोडा होम्योपैथिक अस्पताल की भी जिम्मेदारी मिली हुई है। जो केवल अस्पताल में तीन दिन बैठती है। सप्ताह के अन्य दिनों में मरीज को चिकित्सा के द्वारा पर्ची पर लिखी हुई दवाई दे दी जाती है।

इस संबंध में जिले के अधिकारी शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि जिले में 17 अस्पताल हैं और 12 चिकित्साक, जिसमें पांच चिकित्सकों के स्टाफ की कमी है, इसलिए हरोडा अस्पताल में तीन दिन चिकित्सक और दो दिन फार्मासिस्ट की व्यवस्था की हुई है। जबकि तीसरा कर्मचारी बीमारी के चलते आज नहीं आया है।




# सिंभावली 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पर 10 एमवीए पावर परिवर्तकों की मरम्मत का होगा कार्य

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली उपखंड अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया की गुरुवार को सुबह 33/11 केवी उपकेंद्र पर 10 एमवीए पावर परिवर्तकों की मरम्मत/अनुरक्षण का कार्य होना प्रस्तावित है।जिस कारण 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रो से सभी फीडरो से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति गुरुवार को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक बाधित रहेगी।

**- आज सुबह 8:00 से दोपहर 1:00 तक विद्युत रहेगी आपूर्ति बंद**

जिसको लेकर उपभोक्ताओं को होने वाली परेशानियों के विषय में विद्युत विभाग ने खेद व्यक्त किया



## एमएलसी ने अपने समर्थको, पार्टी कार्यकर्ताओ व पत्रकारों के साबरमती फिल्म देखी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियावाद।** दिनेश कुमार गोयल अपने समर्थकों, भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओ व पत्रकार बंधुओं के साथ वी0वी0आईपी मॉल राजनगर में गुजरात के गोधरा कांड पर बनी द साबरमती फाइल फिल्म देखी। दिनेश कुमार गोयल द्वारा कहा गया कि द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म में सच्चाई को बहुत साहस के साथ, बेबाकी से दिखाया गया है। झूठ की उम्र तब तक होती है, जब तक सच का सामना नहीं होता। मैं इस प्रभावशाली फिल्म के पीछे की पूरी टीम के प्रयासों की सराहना करता हूं, जो न केवल सच्चाई को उजागर करती है (गोधरा त्रासदी के पीड़ितों को हार्दिक श्रद्धांजलि भी देती है।


# गुलमोहर आरडब्लूए के वित्तीय खातों की जांच के लिए सीए नियुक्त, पूर्व आरडब्लूए महासचिव आर के गर्ग की शिकायत पर डिप्टी रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल ने बैठाई जांच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी आरडब्लूए की मनमानी पर अंकुश लगता नजर आ रहा है।

डिप्टी रजिस्ट्रार ने पूर्व आरडब्लूए महासचिव आर के गर्ग की शिकायत का संज्ञान लेते हुए आरडब्लूए के वित्तीय खातों की जांच के लिए एक सीए की नियुक्ति की है जिसे चार सप्ताह में डिप्टी रजिस्ट्रार को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी।

बता दें कि गुलमोहर आरडब्लूए के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगाए गए थे। इस बारे में कुछ दिन पहले गुलमोहर आरडब्लूए के पूर्व महासचिव आरके गर्ग के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने डिप्टी रजिस्ट्रार ऋषभ अग्रवाल से मुलाकात कर जांच की मांग की थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए इस मामले में जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही अब तक आरडब्लूए के खातों से किये गए लेन देन की जांच के लिए एक सीए भी डिप्टी रजिस्ट्रार ने नियुक्त किया है और चल अचल संपत्ति की जांच के भी डिप्टी रजिस्ट्रार ने आदेश दिए हे ! इस सीए को चार सप्ताह में पूरी जांच रिपोर्ट डिप्टी रजिस्ट्रार को सौंपनी होगी। इस पूरे मामले में आरडब्लूए पदाधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं सोसायटी के निवासी भी आरडब्लूए की कारगुजारियों का काला चिट्ठा खुलता देखने के लिए आतुर हैं।



# सैलानी अब आसमान से निहार सकेंगे अलौकिक अयोध्या का अद्भुत नजारा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अयोध्या।** वाटर मेट्रो बोट के बाद अयोध्या में अब हॉट एयर बैलून की शुरूआत हुई है। सीएम योगी की मंशा पर अयोध्या में शुरू की गई यह सेवा पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट बन गयी है। इस बैलून में बैठने के बाद सैलानी 250 फीट की ऊंचाई से अयोध्या का भव्य नजारा देख सकेंगे। नया घाट हैलीपैड पर बुधवार को इसका शुभारंभ हुआ है। अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके हैं की अयोध्या को इस लिहाज से सजाया जाए कि जिससे यहां एक बार पहुंचने वाला श्रद्धालु बार-बार आने का प्रयास करे। इस दिशा में चल रहे कार्यों के तहत अब यहां एयर हॉट बैलून की शुरूआत की गई है।

**हॉट एयर बलून के जरिये अब 250 फीट की ऊंचाई से निहारिये अयोध्या**

अयोध्या विकास प्राधिकरण और पुष्पक एडवेंचर की मदद से शुरू हुए इस कार्य से निश्चित ही पर्यटन की दिशा में अयोध्या को बड़ा मुकाम हासिल होगा।

**युवा पर्यटक होंगे आकर्षित**

अयोध्या में एडवेन्चर स्पोर्टस के माध्यम से पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने व युवा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए हॉट एयर बैलून का शुभारंभ सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मण्डलायुक्त गौरव दयाल व अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पाण्डेय ने किया। यह अनूठी पहल अयोध्या को एक रोमांचक पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने एवं पर्यटकों को सरयू नदी के मनोरम दृश्यों के साथ अयोध्या की ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक सुंदरता का अद्वितीय अनुभव प्रदान करेगा।

**10 मिनट की राइड, 999 रुपये है किराया**

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी पांडेय ने बताया कि हॉट एयर बैलून एक एडवेंचर है। इसमें 10 मिनट की राइड होगी। ऊपर से रामलला का मंदिर, कनक भवन व सरयू का अद्भुत नजारा देखने के लिए 999 रुपये प्रति व्यक्ति खर्च करने पड़ेंगे। इसमें एक साथ चार लोग ही बैठ सकेंगे, जिसमें एक पायलट भी होगा।





**आने वाले दिनों में कई प्रोजेक्ट धरातल पर उतरेंगे: मंडलायुक्त**

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अयोध्या को पर्यटन की दृष्टि से मजबूत करने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निदेर्शों के तहत अयोध्या में विभिन्न पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत हॉट एयर बैलून शुरू कराया गया है। यह हवा के रुख के हिसाब से चलता है। आने वाले दिनों में ऐसे कई प्रोजेक्ट अयोध्या में धरातल पर दिखाई पड़ने लगेंगे।

## गिरफ्तार — कब्जे से लूट का 37.400 किलोग्राम कॉपर वायर व चोरी की मोटरसाईकि बरामद

# क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट द्वारा फैक्ट्रियों के गार्डों को बन्धक बनाकर लूट करने वाले गिरोह का वाँछित 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित शातिर अपराधी गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** दिनाँक-07,09,24 को हरजिन्द्र सिंह पुत्र स्व0 कुलवन्त सिंह निवासी जूट मिल कम्पाउण्ड पटेल मार्ग गाजियाबाद ने थाना सिहानीगेट पर आकर सूचना दी थी कि सुबह 05 बजे पटेल मार्ग गाजियाबाद स्थित उनकी कम्पनी एस0पी0 इलैक्ट्रिकल इन्जीनियरिंग वर्क्स का अज्ञात बदमाशों द्वारा गार्ड को बन्धक बनाकर ताले तोडकर कॉपर वायर लूट लिया गया है। इस पर अभियोग पंजीकृत कर तत्काल कार्यवाही करते हुए गिरोह के सरगना व शातिर अपराधी नदीम उर्फ कल्लू सहित 03 अपराधियों को पूर्व मे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है उक्त सनसनीखेज लूट के अभियोग मे फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त नगर जोन द्वारा 25 हजार रुपए का नकद पुरस्कार घोषित किया गया था। दिनाँक-03/12/2024 को क्राईम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना सिहानीगेट पुलिस द्वारा उपरोक्त सनसनीखेज लूट करने वाले गिरोह के वाँछित / ईनामी अपराधी आरिफ पुत्र मौहम्मद अली को हमदर्द मैदान टी पॉईट लोहिया नगर थाना सिहानीगेट क्षेत्र से गिरफ्तार करनें में महत्तवपूर्ण सफलता हासिल की गई है । गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल सहित उपरोक्त कम्पनी की लूट से सम्बन्धित 37.400 किलोग्राम कॉपर वायर बरामद हुआ ।

पूछताछ का विवरण- पूछताछ पर अभियुक्त आरिफ उपरोक्त ने बताया कि वह छठवीं कक्षा तक पढा है, पढाई छोडने के बाद उसने तीन साल तक कार मैकेनिक का काम लोनी मे सीखा तथा वर्ष 2010 से 2017 तक लोनी बार्डर मे कार मैकेनिक का काम किया परन्तु उसमे ज्यादा मेहनत थी और आमदनी ज्यादा नही हो रही थी । इसने वर्ष 2018 मे पहली बार क्रूज माल दिल्ली से एक मोटरसाईकिल चोरी करके बेच दिया तथा मिले रुपयो से कबाडे का काम शुरू कर दिया कबाडे का काम करते- करते वर्ष 2022 मे एक फैक्ट्री से अकेले ही कॉपर के क्वायल चोरी करके मुस्तफाबाद मे बेच दिया जिसमे इसे काफी रकम मिली तो यह धीरे-धीरे फैक्ट्रियो, घरों मे तथा वाहनों की चोरियों मे लिप्त हो गया, फिर इसकी मुलाकात नदीम उर्फ कल्लू से हुई दोनो ने मिलकर अपना एक चोरों का गैंग बना लिया और घरो, फैक्ट्रियो,और दुकानो मे नकब लगाकर चोरी करने लगे । आरिफ उपरोक्त वर्ष 2022 मे गोकलपुरी दिल्ली मे कापर चोरी मे जेल गया था। जेल से छूटने के बाद इसने अपराध करना नही छोडा यह लगातार गाजियाबाद,दिल्ली एन.सी.आर. क्षेत्र मे चोरी,लूट के अपराधो मे लिप्त रहा । इसने अपने साथियों के साथ दिनाँक-07/09/24 को थाना सिहानीगेट क्षेत्र में गार्ड को बन्धक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था, घटना करने से पहले आरिफ या इसके गिरोह के अन्य सदस्य दिन मे कबाड आदि की फेरी करके पहले रैकी करते है और घटना करने के स्थान को चिन्हित कर लेते है फिर रात में एक जगह इकट्ठा होकर मोबाईल स्विच ऑफ करके घटना कारित करने जाते है घटना कारित करने के बाद उससे जो भी रुपये मिलते है उसे आपस में बराबर-बराबर बाँट लेते है सूचना या रैकी करने वाले को 10,000 रू0 अलग से देते है। अपने-अपने हिस्से मे आये रूपयो से ये लोग अपने शौक व खर्चे पूरे करते है । पूछताछ पर अभियुक्त आरिफ उपरोक्त ने चोरी,लूट करने वाले अन्य अपराधियों के सम्बन्ध में कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी हैं। जिसके आधार पर टीमें बनाकर माल बरामदगी व गिरफ्तारी हेतु दबिशें दी जा रही हैं। निश्चित रूप से इस प्रकार की पुलिस कार्यवाही से जनपद गाजियाबाद, दिल्ली एन.सी.आर. व आस-पास के क्षेत्रों मे चोरी,लूट की घटनाओं पर रोक लगेगी।

विवरण

आरिफ पुत्र मौहम्मद अली निवासी निकट गडढे वाली मस्जिद ,मौलाना आजाद कालोनी बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद उम्र करीब 28 वर्ष।

1.कॉपर की छोटी बडी रीलें कुल जन करीब 37.400 किलो ग्राम 2.रैकी व घटना करने मे प्रयुक्त चोरी की स्प्लेण्डर मोटर साईकिल अभियुक्त आरिफ उपरोक्त के विरूद्ध दिल्ली में 04 व गाजियाबाद में 01 कुल 05 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

गाजियाबाद क्राइम ब्रान्च, पुलिस कमिश्नरेट





# कांग्रेस सांसदों की संभल जाने की सूचना पर छिजारसी टोल प्लाजा पर पुलिस बल रहा तैनात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/पिलखुवा।** बुधवार को छह सांसदों सहित राहुल गांधी के जिला संभल जाने की सूचना मिलने पर छिजारसी टोल प्लाजा पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। टोल प्लाजा पर वाहनों की जांच कर आगे भेजा





गया। आपको बता दें,कि गत 24 नवंबर को उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में शाही मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा में पांच लोगों की

## राहुल गांधी के वापिस दिल्ली जाने पर पुलिस प्रशासन ने ली राहत की सांस

मौत व कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। बुधवार को पीड़ित परिवारों से मिलने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपने काफिले के साथ संभल जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। जिस पर छिजारसी टोल प्लाजा पर सुबह से ही भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस द्वारा एक-एक वाहन पर नजर रखी जा रही थी और जांच के बाद उन्हें अपने गंतव्य की ओर भेजा जा रहा था। पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए विपक्ष संभल जाने का पहले से लगातार प्रयास कर रहा है,लेकिन माहौल खराब न हो इसके लिए संभल प्रशासन ने धारा 163 लागू की हुई है। किसी भी बाहरी व्यक्ति के संभल जाने पर रोक लगा रखी है। दोपहर में सांसद राहुल गांधी को गाजीपुर में पुलिस द्वारा रोक लिया गया। सुरक्षा का हवाला देकर उन्हें वापिस भेज दिया। जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। छिजारसी टोल प्लाजा पर बुधवार की सुबह से ही अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, सीओ अनिता चौहान, सीओ जितेंद्र शर्मा, सीओ यातायात स्तुति सिंह व कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस मौजूद रही।

# बेटियां आत्मरक्षा के गुर सीखकर सशक्त,निर्भीक बन रही हैं: मनप्रीत खैरा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/सिंभावली।** जनपद के सिंभावली ब्लाक क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय मुरादपुर निजामसर व कंपोजिट विद्यालय छतनौरा में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का समापन पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका प्रीति चौधरी,आदेश वर्मा व व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा ने बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किये। इंचार्ज

- कंपोजित विद्यालयों की छात्राओं ने आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्राप्त किया
- व्यायाम शिक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली छात्राओं में प्रमाण पत्र वितरित किये
- प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी

प्रधानाध्यापिका प्रीति चौधरी व आदेश वर्मा ने संयुक्त रूप से कहा कि सभी बालिकाएं प्रशिक्षण प्राप्त काफी उत्साहित और अनुशासित दिखाई दे रही है। यह प्रशिक्षण न केवल उन्हें आत्मरक्षा के गुर सिखा रहा है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत कर रहा है। इससे वह भविष्य में किसी भी चुनौती का सामना कर सकेंगी।

जिला व्यायाम शिक्षक मनप्रीत खैरा ने कहा कि कक्षा छह से आठवीं तक की बालिकाओं को शिक्षित और सशक्त बनाया जा रहा है। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत जूडो-कराटे में निपुण बन बालिकाएं आत्मरक्षा को तैयार हो रहीं हैं। वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा योजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया।





बालिकाओं ने आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकी पहलुओं का प्रभावी प्रदर्शन किया। इसके साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा और हेल्पलाइन नंबरों के सही उपयोग पर आधारित नाटकों का भी मंचन किया गया। बालिकाएँ व महिलाएं अपनी आत्मरक्षा किट स्वयं बनाएं। बाहर जाते समय सावधानियों के साथ-साथ बालिकाओं व महिलाओं को अपने बैग में अथवा अपने पास कुछ ऐसी वस्तुओं को जरूर रखना चाहिए जिसका वह जरूरत पड? पर आत्मरक्षा के लिए प्रयोग कर सकें।

प्रशिक्षण में छात्राओं ने प्रशिक्षक की देखरेख में अचानक सामने से कलाई,बाल या गर्दन पकड़े जाने की स्थिति में सामने वाले की पकड़ से खुद को मुक्त कराने के साथ ही उस पर हमला करने की तकनीक का भी जमकर अभ्यास करवाया गया। छात्राओं को बेड टच-गुड टच, सेल्फ डिफेंस में बिना किसी हथियार के अपनी रक्षा कैसे कर सकते हैं और विद्यार्थियों को हैंड पंच,किक आदि के गुर भी सिखाएं गये हैं। प्रशिक्षण में मार्शल आर्ट प्रशिक्षु बेटियों को जूडो कराटे ताइक्वांडो में पारंगत किया गया,

बालिकाओं को जरूरी हेल्पलाइन नंबर भी नोट कराए गए। विद्यालय की साहसी बेटियां आत्मरक्षा के गुर सीखकर सशक्त और निर्भीक बन रही हैं बेटियां।

इस अवसर पर ग्राम छतनौरा प्रधान अमरपाल सिंह,एसएमसी अध्यक्ष विनोद कुमार,साक्षी चौधरी,रुचि मलिक,विद्या,पुष्पा,राधा,छमा देवी,विनीता कुमारी, सरिता, प्रीति, गौरव,नंद किशोर,श्रीकांत वर्मा,अमित शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# एसएसवी कालेज द्वारा कुलसचिव,चौ0चरण सिंह विश्वविद्यालय के आदेश का अनुपालन नही किये जाने के मामले में हाइकोर्ट ने दिए सख्त आदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित एस0एस0वी0 कॉलेज में सेल्फ फाइनेंस कोर्स में

- सेल्फ फाइनेंस कोर्स के शिक्षक को विश्वविद्यालय के आदेश के बावजूद नहीं दिया गया मानकानुसार वेतन एवं एरियर
- चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट को दिया गया है 24 घंटे में नोटिस को तामील कराने के निर्देश

कार्यरत शिक्षक डॉ0अतुल कुमार गोयल ने शासनादेशों के अनुसार वेतन




भुगतान कराये जाने के लिये पिछले वर्ष इलाहाबाद हाइकोर्ट में वाद दाखिल किया था।

हाइकोर्ट द्वारा कुलसचिव, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ को 2 माह की समय सीमा में शिक्षक के प्रकरण का निस्तारण करने का आदेश पारित किया गया था। विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षक तथा कॉलेज को अपना पक्ष रखने का पर्याप्त अवसर दिया गया। जिसके पश्चात कुलसचिव,चौ0 चरण सिंह, विश्वविद्यालय द्वारा 6 सितम्बर 2024 को शिक्षक के पक्ष में आदेश पारित किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेश में शिक्षक को कार्यपरिषद द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन एवं उसी दर से विगत वर्षों का एरियर भुगतान करने के निर्देश एस0एस0वी0 कॉलेज को दिए गए थे।

एस0एस0वी0 कॉलेज द्वारा विश्वविद्यालय के इस आदेश को नही माना गया और शिक्षक को मानकानुसार वेतन तथा एरियर नही दिया गया। जिसके बाद शिक्षक ने फिर से हाइकोर्ट में वाद दाखिल कर दिया। जिस पर सुनवाई करते हुए इलाहाबाद हाइकोर्ट द्वारा 2 दिसम्बर 2024 को पारित आदेश में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ, प्राचार्य तथा सचिव एस0एस0वी0 कॉलेज हापुड़ को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह की अवधि में स्वयं के शपथ पत्र द्वारा जवाब दाखिल करने के आदेश पारित किये है कि कॉलेज द्वारा विश्वविद्यालय के आदेश का अनुपालन क्यों नहीं किया गया है। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट हापुड़ तथा मेरठ को सम्बंधित पक्षों को 24 घंटे की अवधि में नोटिस को तामील कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# खेलों के माध्यम से बच्चे अपना भविष्य बना सकते है: बीडीओ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़/धौलाना।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा ग्रामीण खेल लीग 2024-25 धौलाना विकासखंड की प्रतियोगिता का आयोजन आरआर इंटर कॉलेज पिलखुवा में किया गया। जिसमें

- जरूरत है,प्रतिभाओं को खोजकर प्रोत्साहित करने की
- युवा कल्याण विकास दल द्वारा खेल प्रतियोगिता आयोजित की

विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह,खंड विकास अधिकारी धौलाना रामकुमार शर्मा व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रियंका चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसमें धौलाना विकासखंड के प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में सब जूनियर केटेगरी बालक वर्ग में प्रशांत व बालिका वर्ग में काजल प्रथम रही। जूनियर बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में वंश व





800 मीटर की दौड़ जूनियर बालिका वर्ग में पल्लवी प्रथम रही। 1500 में बालक वर्ग में दीपांशु तोमर प्रथम रहे। शॉटपुट सीनियर बालिका वर्ग में तनु,जूनियर वर्ग में राधा प्रथम रहे। लंबी कूद जूनियर वर्ग में जय , सीनियर वर्ग में दिनेश व जूनियर बालिका वर्ग में मीनाक्षी प्रथम रही। कुश्ती 43 किलोग्राम कशिश व 50 किलोग्राम में मुस्कान प्रथम रही, व 45 किलोग्राम बालक में निखिल राणा, 57 किलोग्राम में अर्जुन प्रथम रहे। कबड्डी सीनियर वर्ग बालिका में बझेड़ा खुर्द व जूनियर बालक वर्ग में खेड़ा की टीम प्रथम रही । बैडमिंटन सीनियर बालिका वर्ग में निधि जूनियर में शीतल व सब जूनियर वर्ग। ब्रह्मप्रिया प्रथम रही । बैडमिंटन सब जूनियर बालक वर्ग में विशाल प्रथम रहे ।वॉलीबॉल जूनियर वर्ग में पिलखुवा टीम प्रथम व धौलाना टीम द्वितीय रही । खेल का समापन खंड विकास अधिकारी धौलाना रामकुमार शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार व ऑफिशियल्स को सम्मान प्रतीक देकर किया गया । सम्पूर्ण प्रतियोगिता क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रियंका चौधरी की देख रेख में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आकाश चौधरी , सौरभ तोमर,हरिओम ,सचिन रावत,लोकेश,योगेश आदि सहयोग रहा।

# रक्तदान महादान,व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए: कौशल किशोर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** निष्ठा ग्रुप के तत्वावधान दिल्ली रोड स्थित सरस्वती इनक्लेव में निष्ठा ग्रुप के तत्वावधान में एक ब्लड कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर कर प्रतिभाग कर रक्तदान किया।

## निष्ठा ग्रुप के तत्वावधान में ब्लड कैंप का आयोजन

निष्ठा ग्रुप के चेयरमैन कौशल किशोर गोयल ने कहा कि रक्त देने से शरीर पर कोई हानि नहीं होती है। व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

शीतल त्यागी ने कहा कि लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार,दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है।

नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की




अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है।

डायरेक्टर मीनाक्षी गोयल ने कहा कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरूरत मंद की मदद हो सकेगी। इस मौके पर अभिषेक मलिक,प्रशांत कुमार हुड्डा, अंकित सिंघल,शीतल त्यागी, महक अग्रवाल, लक्ष्य सक्सेना, मोहित, सुमित, कणिका, विवेक शर्मा, गौरव जैन , अरविन्द यादव, राज कुमार, अखिलेश, दीपक शर्मा रमेश,सुनील कुमार,लक्ष्य जिंदल आदि मौजूद थे।

# रोटरी क्लब ऑफ पिलखुवा सिटी द्वारा वृक्षारोपण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा ( गजेन्द्र राठी)।** रोटरी क्लब ऑफ पिलखुवा सिटी द्वारा प्रदूषण के बढ़ते हुए स्तर को ध्यान में रखते हुए एक वृक्षारोपण का कार्यक्रम मुद्गल आयुर्वेदिक भवन में किया जिसमें 50 पौधों को रोपित किया गया क्लब अध्यक्ष गौरव बिंदल द्वारा बताया गया कि पूर्व में भी वृक्षारोपण के कार्यक्रम किये जा चुके हैं जिसके अंतर्गत अभी तक 400 पौधों को रोपित किया जा चुका है क्लब द्वारा पौधों को केवल रोपित ही नहीं बल्कि पोषित भी किया जाएगा। रोटरी वर्ष 2024 25 में क्लब का 1000 पौधों रोपित व पोषित करने का लक्ष्य रखा गया है कार्यक्रम में रोटरी अध्यक्ष गौरव बिंदल , सचिव नितिन गोयल, उप मंडलाध्यक्ष सुधीर गोयल , कार्यक्रम संयोजक डॉ के० के० मुद्गल ,राजीव मित्तल , डॉ० सौरभ गोयल , महेंद्र सिंह सैनी , अजय गोयल , कमल गुप्ता आदि अनेको सदस्यों उपस्थित रहे।



# जिले के118 विद्यालयों में हुआ परख आकलन परीक्षा आयोजित हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बुधवार को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में कक्षा 3, 6 एवं 9 में छात्रों की प्रगति के आंकलन हेतु भाषा,गणित एवं पर्यावरण अध्ययन पर आधारित पूरे देशभर में परख आकलन परीक्षा का आयोजन कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा परीक्षा के दौरान

- कक्षा तीन,छह व कक्षा नौ के छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाग
- सीडीओ व बीएसए ने विद्यालयों का निरीक्षण किया

विद्यालयों का निरीक्षण किया। बुधवार को परख आकलन परीक्षा जनपद के 118 विद्यालयों में परिषदीय,सहायता प्राप्त,मान्यता प्राप्त ,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा इंटर कॉलेज में आयोजित हुई।

मुख्य विकास अधिकारी महोदय हिमांशु गौतम ने उच्च प्राथमिक विद्यालय बक्सर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय भोवापुर का निरीक्षण किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रीतु तोमर ने दीवान पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कक्षा 6 में परीक्षा चल रही थी तथा शत प्रतिशत उपस्थिति पाई गई। फील्ड इन्वेस्टिगेटर एवं आब्जर्वर समय से उपस्थित थे परीक्षा नकलविहीन शुचितापूर्ण चल रही थी।

विद्यालय में परीक्षा के उपरांत छात्रों द्वारा छात्र प्रश्नावली,शिक्षकों द्वारा शिक्षक प्रश्नावली तथा प्रधानाध्यापकों द्वारा स्कूल प्रश्नावली को भी भरा गया। सीबीएसई द्वारा प्रत्येक विद्यालय के लिए ऑब्जर्वर तथा डाइट द्वारा प्रत्येक विद्यालय के लिए एफ आई नियुक्त किए गए बाहरी पर्यवेक्षकों एवं कक्ष निरीक्षक द्वारा परीक्षा शुचितापूर्वक संपन्न कराई गई। छात्रों की उपस्थिति लगभग शत प्रतिशत रही। बीएसए रीतु तोमर ने बताया कि इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में छात्रों की प्रगति के साथ-साथ दृष्टिकोण एवं आवश्यकताओं को जानना है,जिससे कि भविष्य में देश,प्रदेश तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के परिणाम के आधार पर शिक्षा की योजनाएं प्रभावी ढंग से बनाते हुए उन्हें लागू किया जा सके। जिला प्रशासन,डायट द्वारा भी विद्यालयों का भ्रमण कर परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया गया जिसमें परीक्षा संचालन बेहतर ढंग से होता हुआ पाया गया। उक्त परीक्षा का परिणाम शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किया जाएगा। जिसमें देशभर के प्रदेशों को उनके प्रदर्शन के आधार पर स्थान प्राप्त होंगे। प्रदेशों में जनपदों की स्थिति को उनके प्रदर्शन के आधार पर स्थान दिए जाएंगे। इस परीक्षा का परिणाम ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र,सरकारी तथा मान्यता प्राप्त विद्यालय,विषय तथा लर्निंग आउटकम पर आधारित प्रदेश एवं जनपद के अनुसार जारी किया जाता है।





**महोत्सव** प्रात:काल कसेरठ बाजार में स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से शकंर गंज जैन मंदिर ले जाया गया

# श्री 1008 पाश्र्वनाथ जैन मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम प्रारंभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** गढ़ रोड पर स्थित शंकर गंज में श्री 1008 पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन समोशरण मन्दिर की वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बुधवार को प्रातःकाल कसेरठ बाजार में स्थित श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से शकंर गंज जैन मंदिर ले जाया गया।

जैन धर्म के 23वे तीर्थकर भगवान पाश्र्वनाथ की प्रतिमाओं को श्री 1008 आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से बाजार बजाजा,छोटी बड़ी मंडी पाटिया,सराफा बाजार, चंडी रोड, पक्का बाग चौराहा होते हुए गढ रोड के शकंर गंज जैन मंदिर ले जाया गया।

महिलाएं पीला परिधान पहनकर रथ के आगे सिर पर घट रखकर चल रही थी। भारी सख्यॉ मे जैन भक्त शोभायात्रा में अहिंसा परमो धर्म भगवान महावीर स्वामी की जय भगवान पाश्र्वनाथ की जय भगवान महावीर स्वामी का संदेश जियो और जीने दो के बारे लगाते हुए चल रहे थे,मार्ग मे जैन परिवारो ने भगवान जी का रथ अपने आवास पर पहुंचने पर थाली मे दीपक प्रज्वलित कर आरती,





की। शंकर गंज श्री 1008 पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैन समोशरण मन्दिर पहुंचने पर भगवान जी की प्रतिमाओं का पूजन कर वेदी का शुद्धिकरण किया गया। अशोक नगर (मध्य प्रदेश) से आए प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैय्याजी ने जैन विधि विधान द्वारा पूजन अर्चना कराई आचार्य विधासागर जी महाराज की शिष्या बाल ब्रह्मचारिणी जैन साध्वी सविता दीदी ने कहा कि वेदी प्रतिष्ठा और भगवान जी को वेदी पर विराजमान करने का पुण्य अनेकानेक गुणा है,कोई भी जैन परिवार इस पुण्य से वंचित न रहने पाये। हमे वेदी प्रतिष्ठा के सभी आयोजनो को भव्य,दिव्य बनाना है तथा उत्साहपूर्वक सभी आयोजनो में भाग लेना है, ऐसा परम सौभाग्य का समय कभी कभी ही जीवन मे प्राप्त होता है। जैन धर्म मे 24 तीर्थकर हुए हैं,उन्होंने घोर तप साधना कर मनुष्य को कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है,भगवान पाश्र्वनाथ जैन धर्म के 23वे तीर्थकर हैं।

इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, उपाध्यक्ष नितिन जैन एंव पुलकित जैन, महामंत्री अशोक जैन, कोषाध्यक्ष सुखमाल जैन, संरक्षक सुधीर जैन, प्रमोद जैन, इन्जीनियर सतीश कुमार जैन, मंत्री आकाश जैन,विकास जैन, मिलन के अध्यक्ष पंकज जैन, उपाध्यक्ष सुरेश चन्द जैन, अर्चित जैन, राजीव जैन, सुशील जैन, विकास जैन, राकेश जैन, संदीप जैन, अंकुर जैन, आर के जैन, बिजेंद्र जैन,अनिल जैन क्राकरी वाले, महिला जैन समाज की अध्यक्षा रेणुका जैन, कोषाध्यक्ष रेखा जैन, सरोज जैन, बबीता जैन, प्रभा जैन, भावना जैन,निशा जैन, वन्दना जैन, सपना जैन, सुषमा जैन, कृष्णा जैन, मंजू जैन, मगन जैन, बीनू जैन,गरिमा जैन मीडिया प्रभारी तुषार जैन आदि उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# पुलिस और जेल व्यवस्था



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

मुख्य मुद्दा यह है कि ये समस्या पैदा ही क्यों हुई है। स्पष्टतः इसकी जड़ें आपराधिक न्याय प्रक्रिया पर अमल से जुड़ी है। प्रश्न है कि क्या पुलिस और जेल व्यवस्था में बुनियादी सुधार के बिना कोई ठोस व्यावहारिक समाधान निकल सकता है?

एलान सचमुच बड़ा है। आशा है कि इसके पीछे इरादा भी नेक होगा। इसके बावजूद जिस भावना से घोषणा हुई है, उसके जमीन पर उतर सकने को लेकर कुछ सवाल मौजूद हैं।

एलान यह है कि ऐसे विचाराधीन कैदियों को रिहा किया जाएगा, जो अपनी संभावित सजा का एक तिहाई हिस्सा काट चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने धीमी न्याय प्रक्रिया से निपटने के लिए नई पहल की घोषणा की।

उन्होंने दो-टूक कहा कि छोटे अपराधों के आरोप में बंद ऐसे कैदियों को जमानत दी जाएगी, जिन्होंने अपनी संभावित सजा का एक-तिहाई हिस्सा काट लिया है। इसके पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले वर्ष संविधान दिवस पर अपने भाषण में जेलों में बढ़ती भीड़ की ओर ध्यान खींचा था। उन्होंने न्याय की ऊंची लागत की समस्या का जिक्र करते हुए शासन की तीनों शाखाओंझ्र कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिकाझ्र से इसका समाधान खोजने की अपील की थी। बहरहाल, कुछ व्यावहारिक सवाल हैं। मुख्य मुद्दा यह है कि ये समस्या पैदा ही क्यों हुई है। स्पष्टतः इसकी जड़ें आपराधिक न्याय प्रक्रिया पर अमल से जुड़ी है। प्रश्न है कि क्या पुलिस और जेल व्यवस्था में बुनियादी सुधार के बिना कोई ठोस व्यावहारिक समाधान निकल सकता है? फिर मसले का संबंध न्यायपालिका से भी जुड़ता है।

न्यायपालिका में जजों की भारी कमी और जमानत के मौजूदा धन-आधारित मॉडल का विकल्प ढूंढे बिना उपरोक्त नेक इरादे को अमली जामा पहना सकना कठिन हो सकता है। दरअसल, आधुनिक न्याय व्यवस्था में जैसाकि कहा जाता है, बेल नियम और जेल अपवाद होना चाहिए। यानी जमानत मिलना सभी मामलों में सामान्य नियम होना चाहिए।

मगर कई ऐसे मामले हैं, जिनमें राजनीतिक मकसदों से व्यक्तियों पर गंभीर इल्जाम मढ़ दिए जाते हैं। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में यह चलन ज्यादा ही बढ़ गया है। ऐसे मामलों का क्या समाधान होगा? यानी समस्या का एक सूत्र सरकार के अपने नजरिए में भी है। कुल नतीजा जेलों में भारी भीड़ है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2024 की शुरूआत तक 1,34,799 लोग सुनवाई के इंतजार में जेलों में बंद थे, जिनमें से 11,448 पांच साल से ज्यादा समय से बिना सजा के जेल में हैं।




# विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थानों पर उठते सवाल



प्रियंका सौरभ

**भारत मेंविज्ञान और प्रौद्योगिकी शिक्षा को पारंपरिक रूप से चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण संसाधनों की कमी, पुराना पाठ्यक्रम और रटने और याद करने पर जोर के कारण व्यावहारिक शिक्षण अवसरों तक सीमित पहुंच शामिल है। भारत के पास चुनौतियों का अपना सेट है, उनमें से सबसे बड़ी भारतीय संस्थानों द्वारा कम फंडिंग है। भारत का अनुसंधान और विकास व्यय-जीडीपी अनुपात 0.7% के करीब है, जो विश्व औसत 1.8% से काफी कम है। जबकि अनुसंधान और विकास पर भारत का सकल व्यय (जीईआरडी) धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी क्षमताओं को बढ़ावा देने के प्रयासों को दशार्ता है, इसमें सुधार की गुंजाइश है। युवा शोधकर्ताओं के फलने-फूलने के लिए एक सहायक वातावरण बनाने के लिए नीति निर्माताओं, अनुसंधान संस्थानों, फंडिंग एजेंसियों, वाणिज्यिक क्षेत्र और शैक्षणिक समुदाय के ठोस प्रयासों की आवश्यकता है**

भारतीय संस्थानों से एसटीईएम स्नातकों के एक बड़े प्रतिशत में आवश्यक कौशल का अभाव है, जो उद्योग और अनुसंधान प्रगति में बाधा डालता है। संस्थागत रैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान आउटपुट पर ध्यान केंद्रित करने से कई शिक्षण-केंद्रित संस्थानों ने अक्सर निम्न-गुणवत्ता वाले आउटलेट में प्रकाशन पत्र और पेटेंट को प्राथमिकता दी है, कई संस्थानों में संकाय पर अत्यधिक बोझ है, पेशेवर विकास के लिए बहुत कम समय या प्रोत्साहन है। संकाय भर्ती अक्सर स्थानीयकृत होती है, जिससे शैक्षणिक प्रदर्शन और दृष्टिकोण की विविधता सीमित हो जाती है। क्वांटम कंप्यूटिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी पहलों के लिए कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होती है, लेकिन सीमित योग्य कर्मियों और अपर्याप्त प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे के कारण इन पहलों का उपयोग कम होने का खतरा है।

वर्तमान संरचना संसाधनों, पाठ्यक्रम या संकाय के आदान-प्रदान की सुविधा नहीं देती है, जिससे शिक्षा और अनुसंधान के बीच विभाजन मजबूत होता है, विज्ञान, गणित और प्रौद्योगिकी में योगदान के अपने समृद्ध इतिहास के साथ, भारत अब एक ऐसे महत्त्वपूर्ण मोड़ पर है जहाँ देश में (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) शिक्षा के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जैसे-जैसे दुनिया तेजी से डिजिटल होती जा रही है, शिक्षा में प्रौद्योगिकी का समावेश केवल एक चलन नहीं बल्कि एक आवश्यकता बन गया है।

प्रौद्योगिकी छात्रों और शिक्षकों के बीच सहयोग को सुगम बनाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और उपकरण परियोजनाओं पर वास्तविक समय में सहयोग को सक्षम करते हैं, टीमवर्क और संचार कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। ये सहयोगात्मक अनुभव पेशेवर दुनिया में वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति की सहयोगात्मक प्रकृति को दशार्ते हैं। शिक्षा में प्रौद्योगिकी का एकीकरण कई लाभ लाता है, यह चुनौतियों को भी सामने लाता है जिन्हें व्यापक परिवर्तन के लिए सम्बोधित करने की आवश्यकता है।

डिजिटल डिवाइड एक महत्त्वपूर्ण चिंता का विषय बना हुआ है, जिसमें प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच में असमानताएँ हैं। इस अंतर को पाटना यह सुनिश्चित करने के लिए महत्त्वपूर्ण है कि सभी छात्रों को, उनकी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना, प्रौद्योगिकी के उपयोग से लाभ उठाने के समान अवसर मिलें। शिक्षकों को भी अपने शिक्षण विधियों में प्रौद्योगिकी को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है। शिक्षकों के लिए निरंतर व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना सुनिश्चित करता है कि वे प्रौद्योगिकी के उपयोग को समझने के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षा में प्रौद्योगिकी के नैतिक उपयोग, जिसमें डेटा गोपनीयता और सुरक्षा शामिल है, को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। छात्रों की व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के लिए सुरक्षा उपायों को लागू करना और शिक्षा प्रौद्योगिकी उपकरणों के विकास में नैतिक प्रथाओं को सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण कदम हैं।

शिक्षण-केंद्रित संस्थानों के मूल्यांकन को अनुसंधान मेट्रिक्स से अलग करके, रैंकिंग अनुसंधान आउटपुट पर शिक्षण गुणवत्ता को प्रतिबिंबित कर सकती है, जिससे इन संस्थानों पर निम्न-गुणवत्ता वाले अनुसंधान को आगे बढ़ाने का दबाव कम हो सकता है। शिक्षण संस्थानों को मूलभूत कौशल को मजबूत करने के लिए, विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में, अनुसंधान पर शिक्षाशास्त्र को प्राथमिकता देनी चाहिए।

एक समर्पित "शिक्षण ट्रैक" शुरू किया जा सकता है, जिससे शिक्षाशास्त्र में रुचि रखने वाले संकाय सदस्यों को अकेले अनुसंधान आउटपुट के बजाय अपने शिक्षण कौशल के आधार पर आगे बढ़ने की अनुमति मिल सके। अनुसंधान संस्थान संयुक्त डिग्री कार्यक्रम बनाने के लिए शिक्षण संस्थानों के साथ साझेदारी कर सकते हैं, जिससे उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अपना काम पूरा करने में मदद मिलेगी अनुसंधान-केंद्रित संस्थानों में अध्ययन। इस दृष्टिकोण का एक उदाहरण एनआईटी सूरत और आईआईटी बॉम्बे के बीच सहयोग है, जो छात्रों को एक प्रमुख संस्थान में उन्नत अध्ययन पूरा करने की अनुमति देता है। सरकारी फंडिंग को शिक्षण संस्थानों के भीतर शिक्षाशास्त्र में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की दिशा में निर्देशित किया जाना चाहिए। ये केंद्र शिक्षक प्रशिक्षण, पाठ्यक्रम विकास और एसटीईएम शिक्षा में सर्वोत्तम प्रथाओं के केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिससे बड़े अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता के बिना प्रणालीगत सुधार होंगे।

भारत के उच्च शिक्षा संस्थानों के सामने आने वाली चुनौतियाँ एक बहुआयामी दृष्टिकोण की मांग करती हैं जिसमें पाठ्यक्रम आधुनिकीकरण, अनुसंधान वित्त पोषण, संकाय विकास और विविधता पहल शामिल हैं। सरकार और उद्योग के सहयोग में वृद्धि से समर्थित नीतिगत सुधार, अधिक गतिशील, उद्योग-संरेखित और समावेशी एसटीईएम पारिस्थितिकी तंत्र बना सकते हैं। भारत में शिक्षा प्रणाली को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिनमें शिक्षा तक असमान पहुँच, पुराना पाठ्यक्रम और अपर्याप्त धन शामिल है। हालाँकि, इन चुनौतियों के बावजूद, देश में अच्छी तरह से सम्मानित विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की संख्या बढ़ रही है और सरकार ने शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में महत्त्वपूर्ण प्रगति की है। शिक्षा में निरंतर निवेश के साथ, भारत में सीखने और ज्ञान का एक अग्रणी केंद्र बनने और अपने सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की क्षमता है।

## चलो थोडा मुस्कुराते है।

चलो थोडा मुस्कुराते है
इस दवा को आजमाते है.

कठिनाई में खिलखिलाते है,
मुसीबत में भी मुस्कुराते हैं।

जिसकी आदत है मुस्कुराना,
वो ही जमाने को झुकाते है।

मायुसी विषाद की जड़ होती है,
उदासी मुस्कुराहट से मिटाते है।

मुस्कुराना ही औषधि है बेहतरीन,
चलो इस दवा को भी आजमाते है।

खरीदी न बेची जाती मुस्कुराहट,
अनमोल है यह चलो मुस्कुराते है।

बेहतरी के नाम पर मुस्कुराते है,
सुनहरे कल के लिए मुस्कुराते है।



संजीव ठाकुर

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# बालों के लिए फायदेमंद है मुलेठी



शहनाज हुसैन

आज के समय में महिलाएं किसी ना किसी हेयर प्रॉब्लम से जूझ रही हैं। बालों का सफेद होना, कम उम्र में बालों का झड़ना, बढ़ता गंजापन जैसी समस्याएं अब बहुत आम हो चुकी हैं। धूल, मिट्टी और पोषण की कमी के चलते बाल पतले, डल और बेजान होने लगते हैं जो देखने में बिल्कुल भी अच्छे नहीं लगते । इनके समाधान में घरेलू उपाय काफी कारगर साबित होते हैं और आंबला ,भृंगराज के साथ साथ मुलेठी का उपयोग बालों को कोमल , मुलायम और सुदृड़ बनाने में काफी सहायक सिद्ध हो सकता है । बालों पर मुलेठी का उपयोग आप काफी तरीकों से कर सकते हैं ।बालों में रुसी की समस्या से जूझ रहे हैं तो मुलेठी कारगर उपाय हो सकता है । इसके लिए आप एक चमच्च निम्बू , एक चमच्च शहद और एक चमच्च मुलेठी लें । सबसे पहले मुलेठी को पीस कर पाउडर बना लें । अब कांच के जार में एक चमच्च निम्बू , एक चमच्च शहद मिला लें और जब यह अच्छे से मिल जाये तो मुलेठी पाउडर को मिलाकर स्क्रब बना लें । मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुणों की बजह से इस स्क्रब को बालों और खोपड़ी पर लगाने से डैंड्रफ की समस्या से निजात मिलेगी । इसे आप हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकते हैं । हेयर फॉल या गंजेपन की समस्या से निबटने में भी मुलेठी काफी कारगर साबित होती है । कांच के बर्तन में एक चमच्च मुलेठी पाउडर व कुछ केसर के धागे अच्छी तरह मिक्स करने के बाद इसमें 1 कप दूध डाल कर बने मिश्रण को रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएँ । सुबह इसे माइल्ड शैम्पू से धो डालें । आप चाहें तो दूध की जगह दही का उपयोग भी कर सकते हैं । एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पाउडर लें। अब इसमें 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर अच्छी तरह मिक्स करके पेस्ट बना लें । इस पेस्ट को खोपड़ी और बालों पर अच्छी तरह से अप्लाई करें और आधा घण्टा बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें । इससे बाल मजबूत और आकर्षक होंगे । बालों के सेहत के लिए हेयर मास्क भी काफी प्रभाबी उपाय है । हेयर मास्क बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा केला, 2 चम्मच मेहँदी पाउडर और 1 चम्मच मुलेठी पाउडर को अच्छे से मिलाकर बराबर कंसिस्टेंसी का पेस्ट बना लें । इस पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैम्पू से धो लें । बेहतर परिणामों के लिए इस मास्क को आप हफ्ते में एक बार लगा सकते हैं ।मुलेठी का हेयर मास्क बनाने के लिए मुलेठी पाउडर में नारियल तेल या ऑलिव ऑयल को मिक्स करके इसमें दही मिलाएं । इस हेयर मास्क को बालों और खोपड़ी पर लगाने के बाद इस आधा घण्टा बाद ताजे साफ पानी से धो डालें । आप इस हेयर मास्क का हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकते हैं । बालों को स्वस्थ रखने के लिए आप चाहें तो बालों पर मुलेठी का तेल भी लगा सकते हैं। यह भी काफी फायदेमंद साबित होता है। मुलेठी के पाउडर में थोड़ी सी मात्रा में सरसों का तेल मिलाएं और इसे बालों पर लगाएं। इससे आपके बालों के झड़ने की समस्या के साथ ही बालों में आई सफेदी भी कम हो सकेगी।

## गुरुवार का राशिफल

**मेष** — संतान के लिए कुछ कर पाएंगे, टूर ट्रैवल व्यवसाय, यात्रा से लाभ होगा, किसी नई तकनीक को सीख सकते है। भाग्य प्रतिशत-85

**वृषभ** — ज्योतिषी से सलाह लेंगे, बहुत सी चीजों पर काम करना होगा, कुछ भी हाथ से जाने ना दे, गलतफहमी होगी।
भाग्य प्रतिशत-58

**मिथुन** — काम के लिए लोगों से मिलेंगे, हो सकता है लोग आपको देर से काम दे, जो भी बोले नाप तोलेकर बोले।
भाग्य प्रतिशत-50

**कर्क** — किसी गुरु से अच्छी सीख मिलेगी, बनावटी रिश्तों मे फंस सकते है, वायु एवं कफ रोग सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-54

**सिंह** — अब कुछ नया सीखने और खुद को बनाने का समय है, परिस्थिति विपरित है, धार्मिक कार्य से लाभ सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-59

**कन्या** — प्रयास बढ़ाने होंगे,आलस्य ना करे, परिवार में किसी बात पर चर्चा करेंगे, बिजनेस प्लान बनाने का अच्छा समय है। भाग्य प्रतिशत-67

**तुला** — करियर ग्रोथ प्रभावित रहेगी, ले देकर काम चलाना पड़ सकता है, आध्यात्मिक दिशा के लिए शुभ समय है, निर्णय प्रभावित होंगे।
भाग्य प्रतिशत-49

**वृश्चिक** — गुप्त शारीरिक समस्या रहेगी, अच्छी शिक्षा लेकर भी करियर में अच्छा परीणाम नहीं मिलेगा, मन दूसरे देश या शहर में बसने का होगा।
भाग्य प्रतिशत-54

**धनु** — कार्य बनेंगे लेकिन रोग भी रहेगा, खर्चा आ सकता है, नौकरी या व्यवसाय में परिवर्तन दिखता है, व्यग्रता रहेगी। भाग्य प्रतिशत-55

**मकर** — आर्थिक विकास होगा, लोगों से ज्यादा मिलना जुलना नहीं चाहेंगे, प्रेम समबन्ध प्रभावित होगा, शरीर में कैल्शियम घटेगा। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** — परिवार में मिलना जुलना बढ़ेगा, अधिक लाभ के लिए गलत जगह धन ना लगा दे ध्यान रखे, तकनीकी क्षेत्र में उन्नति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-58

**मीन** — पारिवारिक जीवन बिगड़ सकता है, कार्यक्षेत्र मे बदलाव सम्भव है, सीए,सॉफ्टवेयर, लेनदेन कार्य में मध्यम सफलता मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-53



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# एक हैं, तो सुरक्षित हैं के नारे के मर्म को समझा हिंदुसमाज ने



डॉ० आर.के. सिन्हा

महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों को लेकर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों में किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पाँच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक असफलताओं के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर लें। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनावों में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था , जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, "एक हैं तो सुरक्षित हैं"। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था।बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ.हिन्दू मतदाताओं को एक करना भर ही नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी ( अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिंदू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे ह्यबंटेंगे तो कटेंगेह्ण से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।

मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिन्दू मतदाता जुड़े , क्योंकि; कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे , कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना( उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिन्दू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिन्दुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिन्दू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। पीएम मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी: भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है।मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए "बटेंगे तो कटेंगे" नारे का इस्तेमाल किया। आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिन्दू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना। योगी जी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया।अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने 'सत्ता की लालसा में' पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनावों में मिली बड़ी जीत को "एकता" तथा 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' नारे के पीछे की भावना बताया । महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दशार्ता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनावों में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है।

# करंट की चपेट में आकर संविदा लाइनमैन की मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव नवाबगढ़ी मार्ग पर बिजली का खंबा टूट कर गिरने से तार खींच रहे एक लाइनमैन की मौत हो गई बिहार निवासी मृतक लाइनमैन के परिजनों का इंतजार किया जा रहा है।मिली जानकारी के मुताबिक पुराने खंबे हटाकर ने खंबे लगाने का कार्य नगर व आसपास में किया जा रहा है जिसके चलते गांव नवाब गढ़ी मार्ग पर सालासर लिमिटेड कंपनी की देखरेख में सीमेंट के खंभे लगाए जाने का कार्य किया जा रहा था जिस के तहत सीमेंट का खंबा लगाकर 24 वर्षीय अभिषेक पुत्र माने दास निवासी गांव लूंगा तहसील शेरोंन थाना गोगरी बिहार लगाए गए खंबे पर चढ़कर वायर सेट कर रहा था इसी बीच भर भर कर लगाया गया खंबा टूटकर गिर गया उसी के साथ अभिषेक भी नीचे गिर गया और खंबे के नीचे दबकर गंभीर घायल हो गया जिसको नगर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया इसके बाद अन्य कर्मचारियों ने मृतक के परिजनों को सूचना दी है वहीं घटना की सूचना पर विद्युत कर्मियों का सीएससी पर जमावड़ा लग गया। थाना इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि दिल्ली में मृतक अभिषेक के परिवार के लोग रहते हैं जिनको सूचना दे दी गई है। उनके आने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा।वहीं ग्रामीण और क्षेत्र वासियों कहना है कि सड़क किनारे लगाए जा रहे सीमेंट के खंबे अच्छी क्वालिटी के नहीं है नहीं अच्छी मटेरियल से बनाए गए हैं खंभे में लगने वाले सरिया की जगह मामूली तार लगाकर खाना पूर्ति कर दी गई लोगों का कहना है कि खंभा बनाने वाली कंपनी के द्वारा बनाए गए कमजोर और भ्रष्टाचार के खंबे हैं इसी भ्रष्टाचार खंबे में दबकर एक मजदूर की जान चली गई है जो अत्यंत दुखद घटना है।

# विकसित भारत का सपना युवा पूरा कर सकते हैं : जनरल थपलियाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ।** राष्ट्रीय युवा दिवस-2025 के लिए युवाओं को शामिल होने के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री जी की पहल पर विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। माईभारत पोर्टल पर ऑनलाइन आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के युवा भाग ले रहे हैं ताकि उन्हें आगामी 11-12 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर माननीय प्रधानमंत्री जी से मिलने का मौका मिलेगा।

- सुभारती एनएसएस ने विकसित भारत क्विज में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया
- सुभारती परिसर में एनएसएस द्वारा विकसित भारत क्विज के जागरूकता अभियान

इसी के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा परिसर में क्विज रेजिस्ट्रेशन के लिए जगह-जगह स्टैंडी लगाकर छात्रों को क्विज में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल (डॉ.) जी.के. थपलियाल द्वारा आज एनएसएस के स्वयंसेवकों को संबोधित किया गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग एक ऐसी पहल है जिसका उद्देश्य भारत के युवाओं को देश के विकास में योगदान करने के लिए प्रेरित करना और उन्हें एक मंच प्रदान करना है जहां वे अपने विचारों और दृष्टिकोणों को साझा कर सकते हैं।जनरल थपलियाल ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी की इस पहल के माध्यम से, युवा नेता देश के विभिन्न क्षेत्रों में चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करेंगे और विकसित भारत के दृष्टिकोण को आकार देने में योगदान करेंगे। इस अवसर पर कुलपति जनरल थपलियाल ने प्रत्येक वालंटियर्स से क्विज के बारे में फीडबैक भी लिया और इसकी प्रक्रिया जानी। कुलसचिव ग्रुप कैप्टन एम.याकूब ने कहा कि विश्वविद्यालय के अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं में इस क्विज में भाग लेने के लिए सभी विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं और सुभारती विश्वविद्यालय का जोरदार प्रदर्शन इस कार्यक्रम में रहेगा। एनएसएस प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रोफेसर (डॉ) सुभाष चंद्र थलेडी ने इस अवसर पर बताया कि इस क्विज में 15 से 29 साल युवा भाग ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की एनएसएस की चारों इकाइयों के स्वयंसेवक इस क्विज में शामिल हो रहे हैं और अन्य छात्रों को भी शामिल करवा रहे हैं। डॉ. थलेडी ने बताया कि प्रथम चरण में 5 दिसंबर तक क्विज के लिए रेजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। क्विज में सफल होने वाले युवाओं को दस विषयों में से किसी एक विषय में 1000 शब्दों का लेख लिखना होगा। इसमें चुने हुए युवाओं को प्रधानमंत्री जी के समक्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अपनी बात रखने का समय दिया जाएगा।



# सरधना में 8 वर्ष की बच्ची की हत्या के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** थाना क्षेत्र के कालन्द गांव में 8 साल की मासूम बच्ची आफिया के हत्यारोपी मशरूफ पुत्र हासिम को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। एसपी देहात राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सरधना थाना क्षेत्र के कालन्द गांव में बीती 1 दिसंबर को दो पक्षों के आपसी विवाद में गोली लगने से एक बच्ची की मौत हो गई थी। जिसमें तत्काल थाना सरधना में मुकदमा दर्ज किया गया था और आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसमें कालंद गांव का ही निवासी मुख्य आरोपी मसरूफ को कल पुलिस ने पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी ने अपने साथी कामरान के साथ तमंचा और कारतूस जहां छिपाए थे, पुलिस उसकी रिकवरी के लिए आरोपी को लेकर जा रही थीं। इसी दौरान आरोपी मसरूफ ने पुलिस उपनिरीक्षक की सरकारी पिस्टल को छीन कर फायर कर दिया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस द्वारा आत्मरक्षा के लिए चलाई गई गोली से आरोपी घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।हालांकि पुलिस कई को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सीओ सरधना संजय कुमार जायसवाल का कहना है कि पुलिस की तीन टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। महादेव के जंगल मे हत्यारोपी ने पुलिस पर भी फायरिंग की।





# नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने व्यापारियों के साथ की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** नगर पालिका द्वारा नगर मे नाला व नालियों पर स्लेब डालकर किए गए अतिक्रमण व शासन द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक के विक्रय पर रोक लगाने संबंधी नगर के व्यापारिक के साथ पालिका कार्यालय में बैठक की।बैठक में नाले नालियों पर किये गए अतिक्रमण के कारण सफाई कर्मचारियों को होने वाली समस्याओं से अवगत कराया।बैठक में उपस्थित सफाई नायकों द्वारा नगर क्षेत्र के मुख्य बाजारों में स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण नाले नालियों पर डाले गए स्लैब , दुधारू पशुओं से निकलने वाले गोबर को नाले नालियों में बहाने से जल निकासी के अवरोध की समस्या को बैठक में सबके समक्ष रखा गया।सफाई नायकों द्वारा बताया गया कि सफाई कर्मचारी पूरी मेहनत और लगन के कार्य करता है तब भी कार्य में अपेक्षित परिणाम उपलब्ध नहीं होते। जिसके चलते उच्च अधिकारियों द्वारा सफाई कर्मचारी को दंडित भी किया जाता है। सफाई नायकों द्वारा ईओ मोनिका उमराव को प्रार्थना पत्र देकर अतिक्रमण एवं पशुओं के गोबर को नाला नलियों मे बहाने और प्रतिबधित पॉलीथिन विक्रय को रोकने हेतु अनुरोध किया गया।अन्यथा की दशा में सफाई कर्मचारी धरने पर बैठने पर बाध्य होगा। इसके साथ बैठक में उपस्थित व्यापार संगठनों के पदाधिकारी गणों से नगर में प्रतिबंधित पॉलीथिन व सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के विक्रय एवं भंडारण पर रोकथाम हेतु पालिका सहयोग करने हेतु अपील की गई।बैठक में व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी द्वारा अपनी ओर से पालिका प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वस्त किया गया। इस मौके पर नगर के सूर्य देव त्यागी पंकज जैन,इरफान जावेद सिद्दीकी, नीरज गुप्ता, पंकज टाली,नीरज गुप्ता, पालिका प्रधान लिपिक विपिन शर्मा,सफाई पर्यवेक्षक मुनिश कुमार, कमल कुमार, व समस्त सफाई नायक मौजूद रहे।



# सरधना में 8 वर्ष की बच्ची की हत्या के आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ में किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना।** थाना क्षेत्र के गांव कालन्द में आठ साल की मासूम बच्ची आफिया के हत्या आरोपी मशरूफ पुत्र हासिम पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया इसके बाद पुलिस द्वारा घायल आरोपी को सरधना सीएससी पर भर्ती कराया गया। घटना के बाद एसपी द्वारा गठित की गई पुलिस की तीन टीमें नाम जद हत्यारापी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही थी इसी प्रयास में हत्या आरोपी के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई और उसके गोली लगी है गोर तलब है कि चार दिन पूर्व गांव कल में हुई मासूम आफिया की हत्या के मामले में 4 नामजद व 5 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था । बतादें की गांव कालंद में तहसीन व मशरूफ पक्ष की पिछले दो साल से रंजिश चली आ रही है। बीते रविवार की देर शाम मशरूफ अपने साथियों को लेकर तहसीन के घर में घुसकर परिवार पर हमला कर दिया था। इस दौरान कई पिस्टल से अंधाधुंध फायरिंग की गई। तभी छत से पीछे भागकर तहसीन ने तो जान बचा ली लेकिन बाहर देखने आई आठ साल की मासूम बच्ची आफिया के सीने में गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने चार नाम जद तथा पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था इसके बाद एसएसपी विपिन टाडा ने एसपी क्राइम के नेतृत्व में तीन टीमें बनाकर अभियुक्तओ की गिरफ्तारी के लिए लगाया था उन्हें टीमों के द्वारा बुधवार 9 बजे महादेव और बमोरी गांव के जंगल में एक आरोपी मसरूफ पुत्र हाशिम निवासी गांव कालंद को टीम के द्वारा एनकाउंटर के दौरान हाशिम को गोली लग गई इसके बाद हाशिम को गिरफ्तार कर लिया वही पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की तलाश में भी पुलिस दबिश दे रही है।





# नोएडा जाने पर अड़े भाकियू कार्यकर्ता, प्रशासन ने किया नजरबंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के बुधवार को सभी कार्यकताओं को नोएडा में चल रहे धरने में जाना था परंतु प्रशासन ने सभी कार्यकताओं को नजरबंद कर दिया। वहीं प्रशासन द्वारा यूनियन के प्रदेश प्रमुख महासचिव विजेन्द्र सिंह यादव को भी उनके आवास पर नजरबंद किया गया तथा नोएडा न जाने के लिये कहा। इधर सभी कार्यकताओं द्वारा उपजिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया कि किसानों को उनके फसलों के रेट की एमएसपी देना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए, किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर लगे मुकदमों को तुरंत वापस किया जाए, 03 दिसंबर को नोएडा के जो किसान गिरफ्तार किए गए हैं उनको बिना शर्त रिहा किया जाए, हाइकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों के अनुसार नोएडा जनपद के किसानों की अधिग्रहीत की गई भूमि का मुआवजा 64 प्रतिशत बढ़ाकर दिया जाए, नोएडा जनपद के किसानों की अधिग्रहीत भूमि से विकसित की गई भूमि में भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार 10 प्रतिशत भूमि किसानों को दी जाए, जिन किसानों की भूमि अधिकृत की गई है,उनके परिवार के सदस्यों कोस्टाई रोजगार दिया जाए, देश के किसानों को आवारा पशुओं से निजात दिलाई जाए, किसानों की सिंचाई के लिए डीजल पर सब्सिडी दी जाए, रबी की फसल बुआई हेतु डी ए पी, एन पी के,खाद की आपूर्ति शीघ्र कराई जाए, 60 वर्ष से अधिक के किसानों की कम से कम 10 हजार रुपए प्रति माह किसान पेंशन दी जाए। इस मौके पर जबरसिंह यादव, देशराज सिंह, राजेश मौर्य, महावीर सिंह यादव, विपिन यादव, चंद्रविजय सिंह, अंकित ठाकुर, हैदर अली, प्रधान धमेंद्र यादव, हाजी अजीम सिद्धकी, मोहम्मद जफर, ताहिर हुसैन, विनोद यादव, सोनू शंखधार, गुलफाम सिंह, फिरोज नवी, लल्ला बाबू, विमल, कुंवरपाल सिंह, बनवारी, कल्लू यादव आदि मौजूद रहे।





# सेंट जेवियर्स के छात्रों ने किक बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने स्वर्ण पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया।1 दिसम्बर को जे.एस. एकेडमी मोदीपुरम में आयोजित किक बॉक्सिंग टूनार्मेंट में विद्यालय के छात्र अंशुमन दत्ता ने किक लाइट इवेंट में दो स्वर्ण पदक और विलो 45 किलो में अयान मलिक ने एक स्वर्ण पदक जीता। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर प्रीतिश कुमार सिंह प्रबंधक शाल्विक जैन, शिवानी जैन और विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका शर्मा ने दोनों छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।





# विधायक के आश्वासन पर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल हुई समाप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**जेवर (इनामुलहक)।** नगर पंचायत कर्मचारियों की पिछले 9 दिन से चल रही हड़ताल बुधवार को समाप्त हो गई। विधायक ने कर्मचारियों के बीच पहुँच उनको न्याय दिलाने का आश्वासन देकर हड़ताल समाप्त कराई, जिसके बाद नगर अध्यक्ष ने हाथ मे झाड़ू लेकर सफाई का कार्य शुरू किया। नगर पंचायत परिसर मे 9 दिन से हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारियों के बीच बुधवार को विधायक धीरेन्द्र सिंह, एसडीएम अभय सिंह, डिप्टी कलेक्टर व नगर पंचायत ईओ विवेक भदौरिया और नगर पंचायत अध्यक्ष पहलवान नारायण माहेश्वरी पहुंचे। विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कर्मचारियों से वार्ता की और उनकी पीड़ा को जाना। विधायक ने कहां की नगर व गांव को स्वच्छ रखने वाले स्वच्छकार भाइयों की सुरक्षा व सम्मान बेहद जरूरी है। वह उनके सम्मान को हमेशा ऊँचा रखेंगे। उन्होंने कहा कि एक टीम बनाकर मामले की जांच कराई जाएगी। कर्मचारियों के खिलाफ कोई कार्यवाई नहीं होने दी जाएगी और उनकी मांगों पर आश्वासन देकर हड़ताल समाप्त कराई। जिसके बाद नगर पंचायत अध्यक्ष ने हाथ मे झाड़ू लेकर साफ सफाई का कार्य शुरू किया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी ने कहा कि उन्होंने कर्मचारियों को काफी समझाने का प्रयास किया था, लेकिन वह नहीं माने थे। कस्बे मे साफ सफाई न होने के कारण लोगों को जो परेशानी हुई है वह उसके लिए जनता से क्षमा मांगते हैं, वह नगर पंचायत कर्मचारियों के अन्या नहीं होने देंगे।





समीक्षा

## आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : प्रभारी मंत्री

# मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन उ0प्र0 ने की कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** विकास भवन सभागार में मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास, राजनैतिक पेंशन उ0प्र0 धर्मपाल सिंह द्वारा कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में पूर्व में दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा कृत कार्यवाही की आख्या प्रस्तुत की गई। मंत्री द्वारा गत बैठक की पुष्टि पर संतोष व्यक्त किया गया। उन्होने कहा कि विकास और सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताओ में है, शासन की मंशा अनुरूप प्रशासन आमजन को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागो की विकास योजनाओ यथा-एकीकृत बागवानी विकास मिशन, कृषि रक्षा रसायन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना,पीएम कुसुम योजना, शादी अनुदान, प्रोजेक्ट अलंकार, ग्रामीण स्टेडियम एवं ओपन जिम निर्माण, एनआरएलएम, मनरेगा, भवन निर्माण, सडक निर्माण, स्वास्थ्य विभाग, जल जीवन मिशन, पंचायती राज, पर्यटन, शिक्षा, पशुपालन विभाग आदि विभागो की योजनाओ की प्रगति के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। मंत्री द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 70 प्लस आयु वर्ग के लोगो के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलाये जाने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि नकली दवा विक्रेताओ के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाये। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुये उन्होने कहा कि आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इस योजना से जुडे सभी कार्य मार्च 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि पाईप लाईन डालने के बाद सडको को ठीक करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। ग्राम सचिवालय निर्माण की स्थिति की जानकारी प्राप्त कर उन्होने निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर कार्यरत सभी कर्मियो की उपस्थिति दर्ज हो तथा उनके लिए टाईमटेबिल बना दिया जाये ताकि ग्राम की सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहे।उन्होने कहा कि मेरठ में पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं है। मेरठ महाभारतकाल से जुडा है, यहां टूरिज्म सर्किट बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें तथा जो भी पर्यटन क्षेत्र है उन्हें विकसित करने हेतु आवश्यक कदम उठाये। उन्होने पर्यटन को बढावा देने के लिए प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये। उन्होने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को किसानो की आय बढ़ाने के लिए मुर्गी पालन, बकरी पालन, सुअर पालन, मत्स्य पालन के लिए प्रेरित करने, योजनाओ का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये तथा योजनाओ से संबंधित जानकारी जनप्रतिनिधियो से साझा करने व क्षेत्र पंचायत की बैठको में भाग लेने के निर्देश दिये। उन्होने गौशालाओ में गायो के लिए स्वच्छ पानी, चारा तथा ठंड से बचाव के प्रबंध करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री द्वारा विद्युत विभाग के अंतर्गत लाईन लोस, विद्युत सप्लाई, ट्रांसफार्मर का बदला जाना आदि के संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारी से जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।उन्होने कहा कि जमीन से जुडी शिकायतो दाखिल खारिज, पैमाईश आदि का त्वरित निस्तारण किया जाये। आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतो का ससमय निस्तारण किया जाये। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियो को आवास उपलब्ध कराये जाये, कोई भी पात्र लाभार्थी बिना आवास के न रहे। अवैध कालोनी ना बसे, सीवेज सिस्टम बेहतर किया जाये, शहर में जाम की स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाये। उन्होने कहा कि शहर के नालो की साफ-सफाई व शहर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होने संबंधित अधिकारियो को ठंड के दृष्टिगत रैनबसेरा व अलाव का प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये।



इस अवसर पर राज्यमंत्री ऊर्जा डा0 सोमेन्द्र तोमर,राज्यमंत्री जलशक्ति विभाग दिनेश खटीक,महापौर हरिकांत आहलुवालिया, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी, विधायक मेरठ कैंट अमित अग्रवाल, एमएलसी अश्वनी त्यागी,विधायक सिवालखास गुलाम मौहम्मद,विधायक सरधना अतुल प्रधान,जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी विपिन ताडा, सीडीओ नूपुर गोयल, उपाध्यक्ष एमडीए अभिषेक पाण्डेय, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट नारायणी भाटिया, सीएमओ डा0 अशोक कटारिया, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एसटीएफ ने दबोचा ढिकौली चेयरमैन की हत्या में शामिल 25 हजार का इनामी अरुण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

- अरुण बीती 29 अक्टूबर को बागपत के चांदी नगर थाना क्षेत्र में हुई ढिकौली के चेयरमैन प्रवीण उर्फ बब्बू की हत्या में वांटेड चल रहा था

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ की एसटीएफ यूनिट ने देर रात बागपत में बड़ी कार्यवाही करते हुए 25 हजार के इनामी बदमाश अरुण को गिरफ्तार किया है।

आरोपी अक्टूबर के महीने में बागपत में हुई ढिकौली के चेयरमैन प्रवीण उर्फ बब्बू की हत्या के मामले में वांटेड चल रहा था। एसटीएफ एसपी ने बताया कि सोमवार को एसटीएफ ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चांदी नगर पुलिस की मदद से सिखैड़ा मार्ग पर बागपत के लोहारी गांव के रहने वाले अरुण पुत्र राजवीर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से एक तमंचा और तीन कारतूस बरामद किए गए। अरुण बीती 29 अक्टूबर को बागपत के चांदी नगर थाना क्षेत्र में हुई ढिकौली के चेयरमैन प्रवीण उर्फ बब्बू की हत्या में वांटेड चल रहा था। जिसके चलते उसके ऊपर 25 हजार का इनाम भी घोषित था। प्रवीण हत्याकांड में पुलिस आरोपी के साथी ज्ञानेंद्र ढाका और सोनू छिल्लर को गिरफ्तार करके पहले ही जेल भेज चुकी है। एसटीएफ एसपी के मुताबिक अरुण एक शातिर बदमाश है। वर्ष 2013 में बागपत में एक हत्या के प्रयास के मामले में अरुण पहली बार जेल गया था। इसके बाद वर्ष 2014 में अपने ही गांव के रहने वाले कलीराम और वर्ष 2021 में चांदी नगर थाना क्षेत्र में हुई मोनू की हत्या में भी अरुण शामिल था

# भगवान के घर को चोरों ने बनाया निशाना, मंदिर के दानपात्र को तोड़कर,नकदी लेकर फरार, भक्तों में रोष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** जब किसी को कोई परेशानी होती है तो वह मंदिर का दरवाजा खटखटाता है और ईश्वर से प्रार्थना करता है,यह तो भगवान का घर भी सुरक्षित नहीं जनता

**एक माह में मंदिर को चोरों ने दो बार बनाया निशाना, चोरों को पकड़ने में पुलिस नाकाम**





का क्या हाल होगा , चोरों ने तो सभी हदें पार कर दी भगवान का घर भी नही छोड़ा।

पूरा मामला थाना कैला देवी क्षेत्र के खिरनी चौकी के नजदीक बालाजी मंदिर का है जहां फिर से चोरों ने बोल धाबा बोल दिया भगवान के मंदिर में दान पत्र की गुल्लक को तोड़कर रुपए की चोरी कर ले गए लोगों ने बताया कि इसी बाला जी मंदिर मे एक महीने पहले भी चोरी हो चुकी है चोरी का अभी तक नहीं हुआ है कोई खुलासा। एक माहिने मे बालाजी मंदिर को दो बार चोरो ने निशाना बना परन्तु पुलिस आज तक भी चोरों को पकड़ नही पाई, बालाजी मंदिर महंत ने एक लिखित तहरीर दे कर चोरों को पकड़ कर उनके खिलाफ कार्यवाई की माग की है।

# सीडीओ की अध्यक्षता में हुई बाल कल्याण समिति व मिशन शक्ति अंब्रेला की बैठक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूँ ।** कलेक्ट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की तृतीय त्रैमासिक बैठक तथा मिशन शक्ति अंब्रेला की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए कहा। उन्होंने मिशन शक्ति अंब्रेला स्कीम के तहत नई संबल व

**मिशन शक्ति अंब्रेला स्कीम के तहत महिलाओं को सशक्त व सामर्थ बनाना लक्ष्य**

सामर्थ्य पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल कल्याण समिति का कोरम पूरा करने के लिए कहा था कि कोई भी निर्णय लंबित न रहे। उन्होंने किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में कहा कि दायरे से ज्यादा निस्तारण हो। उन्होंने मिशन शक्ति अंब्रेला योजना के तहत जनपद में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना सहित भारत सरकार सहित पोषित इस योजना का लाभ अधिक से अधिक किशोरियों व महिलाओं को उपलब्ध कराने के लिए कहा।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत संबल व सामर्थ्य पर कार्य करते हुए महिलाओं को सशक्त व सामर्थ बनाना लक्ष्य होना चाहिए।

बाल संरक्षण सम्बन्धित जागरुकता कार्यक्रम चलाये जाने के निर्देश दिये गये। समस्त बाल विकास परियोजनाधिकारीयों को ब्लाक बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित कर बैठक की सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान बताया गया कि पीएम केयर योजना के तहत तीन लाभार्थियों को लाभ दिया गया। मुख्यमंत्री बाल



सेवा योजना कोविड के तहत 135 को लाभ दिया गयां। लेकिन जिनकी आयु योजना अनुसार पूर्ण हो गई है। उनको अब नहीं दिया जा रहा है, लेकिन शेष को लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य में 416 को लाभ दिया गया वहीं स्पॉन्सरशिप योजना जिसके तहत शहरी क्षेत्र में रुपए 96000 प्रति वर्ष तथा ग्रामीण क्षेत्र में रुपए 72000 प्रतिवर्ष परिवार की आई होनी चाहिए। पिता का देहांत हो गया हो। ऐसे बच्चों के लिए रुपए 4000 प्रति बच्चा सरकार धनराशि देती है ताकि इससे वह अपना भरण पोषण कर सकें व उनकी पढ़ाई भी जारी रहे। योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 60 बच्चों को लाभ दिया गया है।

बाल विवाह के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 19 बाल विवाह की सूचना प्राप्त हुयी थी जिस पर जिला बाल सरंक्षण इकाई बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से रोके गये है। जिसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर किया जा चुका है।

बैठक में मिशन वात्सल्य योनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई बाल कल्याण समिति किशोर न्याय बोर्ड मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड सामान्य स्पॉन्सरशिप बाल गृह बाल विवाह 1098 चाइल्ड लाइन पी0एम0केयर बाल तस्करी बाल श्रम उन्मूलन बाल भिक्षावृत्ति वार्षिक कार्ययोजना सेवा प्रदाता एजेन्सी पर निदेशक महिला कल्याण विभाग उ0प्र0 लखनऊ के पत्र पर मिशन वात्सल्य योजनान्तगर्त योजनओं पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# संस्थापक, स्व० नवल किशोर भरतिया का जन्म दिवस 'शान्ति यज्ञ' कर मनाया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** बुधवार को नगर की संभाल गेट स्थित एन.के.बी.एम.जी डिग्री कॉलेज में महाविद्यालय के संस्थापक स्व० नवल किशोर भरतिया का जन्म दिवस 'शान्ति यज्ञ' का आयोजन कर पूर्ण श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के संस्थापक स्व० नवल किशोर भरतिया का जन्म चन्दौसी नगर के प्रतिष्ठित परिवार में 04 दिसम्बर सन् 1896 को हुआ था। भरतिया के पुण्य कर्मों का प्रतीक हमारा यह महाविद्यालय जिसका उन्होंने नन्हें बीज के रूप में सन् 1964 में आरोपण किया था, आज एक विशाल वट वृक्ष का रूप धारण कर चहुँओर अपनी सुरभि विकीर्ण कर रहा है। इस अवसर पर सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति की सदस्या संगीता भार्गव तथा प्राचार्या अलका रानी अग्रवाल द्वारा स्व० नवल किशोर भरतिया के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलन,कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यजमान के रूप में प्रबन्ध समिति सदस्या संगीता भार्गव, प्राचार्या अलका रानी अग्रवाल, प्रो० संगीता गोयल, प्रो० अर्चना कुमारी रहीं। तत्पश्चात सभी प्रवक्ताओं, छात्राओं व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के साथ मिलकर वैदिक मंत्रों के साथ आर्य समाज रीति-रिवाज के अनुसार आचार्य सुशील आर्या द्वारा 'शन्ति यज्ञ' के आयोजन को सम्पन्न किया गया। यज्ञ का आयोजन यज्ञ समिति प्रभारी प्रो० अलका रानी अग्रवाल के दिशानिर्देशन में समिति सदस्या, डॉ० मनीषा अग्रवाल,द्वारा किया गया।

# किसान आंदोलन में भाग लेने जा रहे किसानों को पुलिस ने चौपला पर बैरेकैडिंग लगाकर रोका

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**गजरौला (बच्चन सिंह)।** नोएडा भूमि अधिग्रहण को लेकर दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन में भाग लेने जा रहे किसानों को पुलिस ने चौपला पर बैरेकैडिंग लगाकर रोक लिया। काफी देर तक किसानों व पुलिस के बीच खींचतान होती रही। सूचना मिलते ही एसडीएम चंद्रकांता व सीओ धनौरा श्वेताभ भास्कर भी चौपला पहुंच गए। उन्होंने किसानों को नोएडा न जाने की अपील की। जिसके बाद किसान थाने पहुंचे। बता दें कि दिल्ली में किसान आंदोलनरत हैं। बुधवार की सुबह भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े किसान दिल्ली रवाना होने के लिये चौपला चौराहे पर पहुंचे ही थे, कि पुलिस ने उन्हें बैरेकैडिंग लगाकर रोक लिया। काफी देर तक किसानों व पुलिस के बीच खींचातान होती रही। सूचना मिलते ही एसडीएम चंद्रकांता व सीओ श्वेताभ भास्कर पहुंच गए। उन्होंने किसानों को समझा बुझाकर शांत किया। काफी देर तक चौपला क्षेत्र में जाम की स्थिति बन गई। यहां के बाद किसानों ने थाने पहुंचे, जहां से एक बजे के बाद उन्होंने रवानगी की। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह उर्फ पिंट चौधरी, मंडल अध्यक्ष श्यांवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह, युवा जिला अध्यक्ष मोहित बेनिवाल, मंडल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर, किए पुरस्कार वितरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**चंदौसी।** बुधवार को नगर से सटे ग्राम पथरा स्थित डा. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को स्कूल संचालक महानंदन गौतम, प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी एवं समस्त स्टाफ के द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर पुरुस्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विद्यालय के संचालक महानंदन गौतम ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो भी बच्चे अपनी कक्षा में अच्छा स्थान प्राप्त करने से रह गए हैं, वे निराश न हो बल्कि अगली बार इससे भी अधिक मेहनत करें। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने कहा कि सभी बच्चे अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा में पूछे गए सवालों का उत्तर लिखने का तरीका भी उन्हें कुछ अलग बनाता है, इसे भी छात्र-छात्राओं को सीखने की जरूरत है तथा बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अगर आपके कम अंक रह गए हैं तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपको कितने अंक प्राप्त हुए यह महत्वपूर्ण नहीं होता बल्कि आपने कितना सीखा और कितना ज्ञान प्राप्त किया यह महत्वपूर्ण है। इस प्रतियोगिता के आयोजक प्रवीन कुमार ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।इस दौरान नीरज शर्मा, सतेंद्र सिंह,सीमा अग्रवाल सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा, रंजीत कुमार ,शिवगणेश शर्मा, क्षमता , रिनी अग्रवाल, इशिका अग्रवाल आभा, रेशमा, सुशीला योगेश, शालू, सोनी, दुर्गेश नंदिनी कमलजीत कौर,रंजीत कौर, गीता आदि स्टाफ मौजूद रहा। संचालन प्रवीन कुमार एवं नीरज कुमार शर्मा ने किया।

# भारत जोड़ो पार्टी के कार्यकर्ताओं को संभल जाने से पुलिस प्रशासन ने रोका

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (सददाम खान)।** भारत जोड़ो पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सैय्यद नाजिम अली ने बरेली जिले की टीम के साथ जिला संभल जाने का निर्णय लिया बरेली पुलिस प्रशासन को पता चलते ही प्रशासन सक्रिय हो गया पूर्व की रात्रि में काफी दबाव बनाया गया न जाने का सुबह 10:00 बजे भारत जोड़ो पार्टी के कार्यालय पल सैकड़ो कार्यकर्ता संभल जाने के लिए रवाना होने लगे पुलिस प्रशासन ने पुलिस फोर्स बुल्ली पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए कॉफी हॉट टॉक होने के बाद पुलिस के आला अधिकारियों के साथ काफी देर बातचीत का दौर चलता रहा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि आज क्या हो चुका है कि आज भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है विदेशी सोच हमारे भारत में प्रवेश कर चुकी है यह बेहद अफसोस है आज विशेष वर्ग के कुछ चंद लोग मस्जिद के नीचे मंदिर तलाश रहे हैं यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा संभल में जो हुआ बेहद शर्मनाक है उसमें पांच मासूम मारे जा चुके हैं जिनका कोई कसूर नहीं था वह सामान लेने जा रहे थे जिला संभल के प्रशासन से काफी बड़ी चूक हुई है जिसका नतीजा आज हमारे सामने है भारत जोड़ो पार्टी धर्मनिरपेक्ष पार्टी है हम किसी भी धर्म के साथ अन्याय नहीं होने देगी हम लोग सुप्रीम कोर्ट से मांग करते हैं कि इसमें सुप्रीम कोर्ट अपना दखल दे जब भारत में और आप को अवगत कराना है, कि संभल की ऐतिहासिक जामा मस्जिद को मन्दिर बताने के दावे को जिला अदालत द्वारा स्वीकार किया जाना 'पूजा स्थल अधिनियम 1991" "Places of Worship (Special Provisions) Act,1991' का उल्लंघन है, पूजा स्थल अधिनियम



1991 में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि 15 अगस्त 1947 तक धार्मिक स्थलों का जो भी चरित्र था वो यथावत रहेगा, इसे चुनौती देने वाले किसी भी प्रतिवेदन या अपील को किसी न्यायालय, न्यायाधिकरण (ट्रीब्युनल) या प्राधिकार (ऑथोरिटी) में स्वीकार भी नहीं किया जा सकता जब कानून स्पष्ट तौर पर कहता है कि ऐसी कोई याचिका किसी कोर्ट में हो सकती है तो फिर संभल के जिला न्यायालय ने न्याय संगत कार्य नहीं किया है इस हम सुप्रीम कोर्ट से मांग करते हैं की याचिका को खारिज क्या जाना बेहद जरूरी है और इसके पीछे वह कौन लोग हैं जो हमारे देश की फिजा खराब करने में लगे हैं उनको चिन्हित किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, बरेली पुलिस प्रशासन ने पूरा मामला सुनते हुए ।

# जनसंपर्क कर, चलाया सदस्यता अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई ( दिनेश सक्सेना)।** प्रखंड नरौली के खंड एचोली में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग



दल प्रखंड नरौली के तत्वाधान में जनसंपर्क सदस्यता अभियान चलाया गया एचोली के ग्राम प्रधान रघुनाथ के आवास पर एक बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में बजरंग दल जिला संयोजक नितिन शर्मा विश्व हिंदू परिषद आचार्य रितुपर्णा और विश्व हिंदू परिषद राजेश गुप्ता जिला सेवा प्रमुख और विश्व हिंदू परिषद प्रखंड सह मंत्री बॉबी जाटव ने धर्मांतरण लव जिहाद लैंड जिहाद के बारे में बजरंग दल के नए कार्यकर्ताओ को बताया गया। युवाओं में आगामी योजना और विधर्मी द्वारा फैलाई जा रही षड्यंत्र के बारे में बताया गया उन्होंने अपने वक्तव्य से युवाओं में जोश भर दिया तथा आगामी 12 दिसंबर को होने वाली बजरंग दल शौर्य जागरण पथ संचलन यात्रा के लिए युवाओं को तैयार किया।

जनसंपर्क अभियान में बजरंग दल नगर संयोजक अमित कश्यप विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीमाली दीपक कश्यप यश कश्यप आर्यन खेड़ा खास आयुष खेड़ा खास अमित श्रीमाली अनमोल वाल्मीकि, बिट्टू सक्सेना बजरंग दल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी के साथ-साथ 9 कार्यकर्ताओ ने सदस्यता ग्रहण की।

# अचानक हार्ट अटैक आने पर आरक्षी ने बचाई व्यक्ति की जान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बदायूं।** एसएसपी आफिस के सामने नल पर पानी पीने आये व्यक्ति को अचानक हार्टअटैक होने पर आरक्षी 328 सोमवीर सिंह द्वारा व्यक्ति को उढफ



देकर उसकी जान बचायी गयी। व्यक्ति को सही हालत मे परिजनो के सुपुर्द कर उपचार हेतु भेजा गया। परिजनो एवं आम जनमानस द्वारा आरक्षी की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बरेली मंडल में धरना प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली/बदायूं ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बरेली समेत मंडल के चारों जिलों में प्रदर्शन हुआ। बरेली कॉलेज के मैदान में सैकड़ों लोग जुटे। शाहजहांपुर के जीआईसी मैदान में धरना प्रदर्शन हुआ। बदायूं और पीलीभीत जिलों में संगठनों ने विरोध जताया।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में नाथनगरी सुरक्षा समूह की ओर से बरेली कॉलेज मैदान में बुधवार को जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोग जुटे। लोगों ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में आवाज उठाई। हिंदू संगठनों के साथ तमाम शहरवासी झंडे, पोस्टर-बैनर लेकर आक्रोश सभा में पहुंचे। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। बदायूं, शाहजहांपुर और







पीलीभीत में भी हिंदू संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। कई जगह आक्रोश रैली भी निकाली गई। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में बदायूं में मानवाधिकार संरक्षण मंच ने धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम रखा। इसमें जिलेभर से लोग पहुंचे। वक्ताओं ने बांग्लादेश की सरकार का विरोध करते हुए उसे हिंसावादी बताया। कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है। मंच के संयोजक जोगपाल सिंह ने कहा कि भारत में अल्पसंख्यकों की रक्षा हमेशा से बहुसंख्यक करता आया है। ऐसे ही बांग्लादेश में बहुसंख्यकों को अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करनी चाहिए।

**आयोजन**

## प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे अभय

# भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित की गई भाषण प्रतियोगिता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** बुधवार को भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के द्वारा नौ सेना दिवस के अवसर पर राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारतीय नौसेना की भारत की रक्षा में भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य भोपाल सिंह शास्त्री तथा विशिष्ट अतिथि कानपुर निवासी नौसेना के पूर्व अधिकारी सुरेश चंद्र दुबे तथा मुख्य वक्ता वायु सेना के पूर्व अधिकारी राजीव भारद्वाज रहे अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वंदे मातरम के पश्चात भाषण प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभय द्वितीय स्थान रुद्राणी तथा तृतीय स्थान खुशी पाल ने प्राप्त किया भाषण प्रतियोगिता में सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचारों को 3 मिनट में व्यक्त किया, कानपुर से




आए मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र दुबे ने बताया कि भारत की नौसेना तीन कमांडो में बटी हुई है भारतीय नौसेना के पास 67,252 सक्रिय सैनिक और 75,000 रिजर्व सैनिक है और 150 जहाजों और पनडुब्बियों का बेड़ा हैं और 300 विमान हैं। 4 दिसंबर 1971 को नौसेना ने एक ऑपरेशन ट्राइडेंट के द्वारा पाकिस्?तान को करारा जवाब दिया था. इस युद्ध में पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटीशीप मिसाइल का प्रयोग किया गया था. यह युद्ध सात दिनों तक चला था, जिसमें भारतीय नौसेना को विजय मिली थी. जिसके बाद से 4 दिसंबर को नौसेना दिवस के रूप में मनाया जाता है. उन्होने बताया कि मैंने नौसेना में विशाखापत्तनम,अंडमान निकोबार , दिल्ली गोवा तथा मुंबई में विभिन्न पदों पर नौसेना में रहते हुए देश की सेवा की छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आप देश के सच्चे एवं आदर्श नागरिक तभी कहलायेंगे जब आप में देश के प्रति पूर्णतया समर्पण की भावना होगी और देश को अपने से ऊपर समझेंगे जब तक देश सुरक्षित है तभी तक आप सुरक्षित हैं मुख्य वक्ता वायु सेना से सेवानिवृत राजीव भारद्वाज ने अनुशासित जीवन तथा चरित्र निर्माण एवं सामाजिक भावना देश के प्रति देश प्रेम की भावना से उत्प्रोत करने वाले विचारों से छात्रों को प्रोत्साहित किया मुख्य अतिथि भोपाल सिंह शास्त्री ने छात्रों को नौसेना में जाने के लिए तथा छात्रों को देश की सैनिक के रूप में सेवा करने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर शाखा संस्थापक महेश कठेरिया, शाखा अध्यक्ष डॉ एस एन शर्मा, पूर्व वित्त सचिव विजय पांचाल, डॉ जयशंकर दुबे, पूर्व सचिव शैलेंद्र राघव , हेमेंद्र सिंह, अजय शर्मा, विनेश शर्मा, युवराज सिंह, पवन शर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे, निर्णायक मंडल की भूमिका शरद शर्मा, जयशंकर दुबे तथा आचार्य रोहतास सिंह की रही प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड तथा सम्मान पत्र प्रदान किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया राष्ट्रगान के साथ भाषण प्रतियोगिता का समापन किया गया।

# ग्राहक बनकर आये तीन लोगों ने, दुकानदार को मारी गोली,मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल/बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** थाना बनिया ठेर के क्षेत्र में मंगलवार की रात्रि में एक स्पेयर पार्ट्स पर तीन लोग मोटरसाइकिल से पार्ट्स लेने पहुंचे उसके दुकानदार के सर में मारी गोली मारकर हुए फरार मौके पर हुई मौत पुलिस जुटी छानबीन में। पूरा

**पहले खरीदें पार्ट्स,फिर मारी सर में गोली,मौके पर ही हुई मौत**

मामला थाना वनिया ठेर की नरौली चौकी क्षेत्र के नरौली मौहल्ला मकूपुरा का है, जहां टीटू चौधरी नाम का 28 वर्षीय व्यक्ति आटो पार्ट्स की दुकान चलाता था मंगलवार की शाम लगभग 9बजे तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल से कुछ पार्ट्स खरीदने उसकी दुकान पर पहुंचे सामान खरीदने के बाद उनमें से एक व्यक्ति ने दुकानदार के सर में गोली मार दी जिससे दुकानदार की मौके पर ही मौत हो गई गोली की आवाज सुन



मृतक टीटू चौधरी का फायल फोटो।

कर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और परीजनों को सुचित किया परिजन आनन फानन में चंदोसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया मौके पर सीओ बहजोई दीपक कुमार मय फोर्स के पहुंचे और परिजनों से जानकारी ली और शव का पंचनामा भर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और जांच में जुटी हुई है।

मृतक के एक ही वेटा है परिजनों का रोल रो कर बुरा हाल है।

परिजनों ने किसी से बाद विवाद की बात नही की ना ही किसी पर शक करने बात कही है परिजन व लोगों का कहना है कि मृतक बहुत ही सीधा व्यक्ति था आज तक उसका किसे से झगड़ा नही हुआ।

# कानपुर में फांसी पर भूल गई दो नम्बर से फेल छात्रा,घर में कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां विभिन्न कारणों से युवाओं द्वारा मौत को गले लगाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में यहां दो नंबर से फेल होने से दुखी छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी।

वह बीते लगभग 5 सालों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थी लेकिन हाल में ही एक परीक्षा में दो नंबर से फेल हो गई थी, जिसके बाद भी उसने यह घातक कदम उठाया घटना के बाद उसके घर में कोहराम मचा हुआ है।

परिजनों की सूचना पर पहुंची बिधनू पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य भी जुटाए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना

**बीते पांच वर्षों से कर रही थी प्रतियोगी परीक्षाओं की**

बिधनू थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में हुई। यहां के निवासी नागेंद्र सिंह खेती किसानी करके घर का भरण पोषण करते हैं। उनकी पत्नी शोभा शिक्षामित्र हैं। उनकी दो बेटियां व एक बेटा है।

मौके पर पहुंची पुलिस को नागेंद्र ने बताया कि उनकी 22 वर्षीय बड़ी बेटी सृष्टि बीते पांच वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी।

सृष्टि बचपन से ही पढ़ने में काफी तेज थी। सृष्टि ने यूपी पुलिस की परीक्षा दी थी, और जब 21 नवंबर को पुलिस भर्ती परीक्षा का रिजल्ट आया तो सृष्टि के सामन्य महिला वर्ग के नंबर 203 में से 201 नंबर आए। इससे वो दो नंबर कम आने पर फेल हो गयी थी ,जिससे वह बहुत हताश निराश और दुखी थी और इसी वजह से उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

# संगीतमय शो म्यूजिक फॉरएवर पार्ट-2 का हुआ सफल आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (राजू बोहरा )** । नई दिल्ली के लाजपत भवन ओडिटोरिम में रविवार को संगीतमय शो म्यूजिक फॉरएवर पार्ट-2 के दूसरे पार्ट का नीरज गुप्ता द्वारा सफलता पूर्वक आयोजित किया गया जिसमे दिल्ली-एनसीआर एवं अन्य शहरो से आये अनेक गायक-गायिकाओं ने भाग लिया और लाइव सिंगिंग से दर्शको को अपनी गायकी से मंत्रमुग्ध किया। सभागार में मौजूद सभी दर्शक झूम उठे। म्यूजिक फॉरएवर पार्ट-2 शो में जिन गायक-गायिकाओं ने अपनी मधुर आवाज का जादू बिखेरा उनमे अनंत तिवारी, रेखा सिन्हा, राजन अय्यर, अमर किशोर, नीता चंदेल, अर्चना जेना, अनिल धवन, शकुन डे, मनोज श्रीवास्तव, नरेश नरूला, एम.के. कामरा, अरुण गोयला, शंकर लाल, परमिंदर सिंह, यास्मीन खान, एस नासिर, सुनील मित्तल, एस






आर कक्कर किशोर, अजय गोस्वामी, मधु ढिमरी, खुशी सिंह एवं अतुल आदि प्रमुख थे। शो में स्पेशल अट्रैक्शन के रूप में बॉलीवुड सिंगर मोनिका शर्मा और गुलफाम रही। इस शो के आयोजक नीरज गुप्ता है जो पूर्व में दर्जनों संगीत संध्या का सफल आयोजन कर चुके है। कार्यक्रम की एंकरिंग मंजू त्रिपाठी ने की और म्यूजिक डिजाइनर नीरज गोस्वामी थे। मुख्य अतिथि के रूप में अनिल बंसल, विशेष अतिथि के रूप में अनंत तिवारी, ए आर विर्दी, लॉयन राजकुमार शर्मा, गोगी राजा, माता प्रसाद, अरुण कोचर, किरण ठाकुर, एम गुप्ता, शीतल, जमालुद्दीन, अनिता गुप्ता, अजय बाबू, गुलफाम, नदीम किशोर, किरण सेठी, इंदर प्रकाश, सुरेंद्र भारद्वाज, मनोज वर्मा, लकी कश्यप ,तुलसी, मुकेश जैन, शमा खान, राकेश गुलाटी, नरेश कोहली, नगमा, भाटिया जी, नदीम खान, के के कृष्ण कुमार, रमेश जैन, सीमा, सोनू बाली, संजय मानव और वी.आई.पी.गेस्ट मोहन खट्टर शामिल थे। शो के तीसरे पार्ट का आयोजन भी जल्दी होगा।

# हर तरह के भजन गाकर गायकी में अपनी सफल पहचान बनना चाहती हूँ : प्रियंका मिना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (राजू बोहरा )** । नई दिल्ली आज के कंपीटिशन के इस दौर में सफलता हर किसी को इतनी आसानी से नहीं मिलती बल्कि उसके लिए इन्सान को सच्ची लगन के साथ कड़ी मेहमत करनी भी जरुरी है। और साथ ही चाहिए कुछ कर दिखने की इच्छा शक्ति और जज्बा तभी हम लोग अपने अपने क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते है, अपनी मंजिल को पा सकते है। यह कहना है उभरती भजन गायका प्रियंका मिना का जो काफी समय से सिंगिंग के क्षेत्र में सक्रिय है और अब तक हर तरह के ना सिर्फ कई भजन गा चुकी है बल्कि उनके कई भजन अपनी अच्छी खासी पहचान भी बना चुके है।



उनका ह्नमनीहारी श्यामह्न कृष्ण भजन एल्बम सोनोटेक जैसी बड़ी म्यूजिक कम्पनी से आ चुका है।प्रियंका मिना का खाटू श्याम जी पर भी एक भजन आओ सुनाओ श्याम की एक कहानी भी भजन प्रेमियों काफी पसंद आया है। पिछले काफी सालो से से भजन गायकी में सक्रिय गायिका प्रियंका मिना मूलरूप से बिहार की रहने वाली है और वर्तमान समय में झारखंड रांची में रहती है।

प्रियंका मीणा का भजन गायकी में अपनी सफल पहचान बनना ही मेरा एकमात्र लक्ष्य है।हाल में एक खास बातचीत में इस उभरती गायिका ने बताया की वह काफी समय से गा रही है, अब तक कई एलबम्स सोनूटेक और अन्य म्यूजिक कम्पनी से भी आ चुके है और अब तक सभी तरह के भजन भी गा चुकी है, जिसमे माता के भजन, खाटू श्याम जी के भजन, बालाजी के भजन आदि शामिल है।

उनके जल्द ही कई नए भजन भी आने वाले है जो जल्द ही रिलीज होने।

वह अपनी गायकी को निखारने के लिए नियमित रियाज भी करती है। अगर अवसर मिला तो वह वह आगेचलकर प्लेबैक सिंगिंग में भी अपना भाग्य अजमाना चाहती है।

# नेवल एन.सी.सी यूनिट, लखनऊ में नौसेना दिवस पर विशेष कार्यक्रम का किया आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** नेवल एन.सी.सी यूनिट, लखनऊ द्वारा नौसेना दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं,जिनमें एन.सी.सी कैडेट्स के प्रेरणादायक भाषण, कविता पाठ और क्विज प्रतियोगिता शामिल थीं।



कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कमान अधिकारी कमांडर गौरव शुक्ला का प्रेरणादायक भाषण शामिल था, जिसमें उन्होंने नौसेना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और देश की सुरक्षा में नौसेना के योगदान को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में सीनियर डिवीजन एवं विंग के लगभग 50 कैडेट्स सहित ए.एन.ओ द्वितीय अधिकारी डॉ. विमलेश गुप्ता एवं देवेंद्र सिंह, सी.टी.ओ प्रीति शर्मा, पी.आई. स्टाफ तथा यूनिट के सिविल स्टाफ उपस्थित थे।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया, जिसने सभी उपस्थित लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत की। यह आयोजन न केवल नौसेना के योगदान को याद करने का अवसर था, बल्कि युवा कैडेट्स को प्रेरित करने और उनमें अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने का भी माध्यम बना।

# दिल्ली में नशा मुक्त भारत अभियान को तेज करने को उपराज्यपाल वीके सक्सेना के निदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जहां कुछ पुलिस कर्मियों की मिली भगत से नशे के व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है वही राजधानी दिल्ली के उपराज्यपाल बीके सक्सेना ने कहा है कि नशा कभी भी किसी के खुशी नहीं बन सकता हां

**दिल्ली क्राइम ब्रांच के नारकोटिक्स की टीम ने डायरेक्ट माफिया को गिरफ्तार किया उसके पास से 310 ग्राम हीरोइन कीमत लगभग एक करोड़**

पर कुछ पल की यह खुशी जिंदगी पर विराम अवश्य लगा सकती है। उप राज्यपाल ने यह कहते हुए दिल्ली पुलिस को निर्देश जारी किया है कि भारत नशा मुक्ति हो हर इंसान अभियान योजना को तेजी के साथ इस पर काम किया जाए। यही कारण है कि माननीय उप राज्यपाल वी के सक्सेना के आदेश पर नशा मुक्त भारत अभियान पर दिल्ली पुलिस तेजी से कम कर




रही है। साउथ दिल्ली दिल्ली की क्राइम ब्रांच के नारकोटिक्स के टीम ने चार ड्रग्स तस्करों को दबोचा। राज्यपाल की नशा मुक्ति एम को यह बड़ी कामयाबी मिली है।

विदित हो कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को जहां फ्री-फ्री की योजना जैसे पानी बिजली और अन्य की योजना फ्री की बनाई थी। जिसमें महिलाओं की यात्रा भी फ्री की थी। इसी के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक के साथ एक शराब की बोतल भी फ्री की थी जिसके कारण फ्री के चक्कर में दिल्ली वासी नशे के आदी हो गए। इसी कारण दिल्ली में नकली और जहरीली शराब का अवैध व्यापार तेजी से फल फूल गया जिसको देखते हैं उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने नशा मुक्त भारत प्रधानमंत्री की योजना पर सख्त दिशा निर्देश जारी किया और दिल्ली पुलिस इस नशा मुक्ति मुहिम पर बराबर एक्शन ले रही है।

# 32 लाख वाल्मीकि समाज भाजपा के साथ दिल्ली में ना बंटेगा ना कटेगा: चंदेल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली** । राष्ट्रीय वाल्मीकि सेना के राष्ट्रीय चेयरमैन हिंदूवादी सनातनी भाजपा नेता गुरुजी राजू चंदेल ने दिल्ली की आम आदमी केजरीवाल सरकार का आरोप लगाते हुए कहा कि वह भाजपा सनातनी वाल्मीकि

**दिल्ली में वाल्मिकी समाज के नेताओं को लालच दे रहे केजरीवाल**

समाज के नेताओं को गुमराह कर लालच दे रहे हैं क्योंकि 32 लाख वाल्मीकि समाज जो की कट्टर सनातनी हिंदू है यह ना तो बंटेगा ना कटेगा भाजपा समर्पित है वाल्मीकि समाज के कुछ लालची नेताओं को टिकट व मंत्री पद का प्रलोभन देकर वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री चंदेल ने कहा कि दिल्ली में दलित समाज की सबसे बड़ी आबादी मात्र वाल्मीकि समाज की है कुछ जयचंद भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को गुमराह कर हमारी संख्या लगातार काम बताता है हम पक्के सनातनी हिंदू हैं और भाजपा के साथ हैं और रहेंगे जिसको देखते हुए हमारी भारतीय जनता पार्टी को लगभग पांच टिकट दिल्ली विधानसभा में वाल्मीकि समाज के नेताओं को देने चाहिए यह सबसे बड़ी आबादी दिल्ली के इन इलाकों में है जैसे की।

सबसे बड़ी आबादी त्रिलोकपुरी जिसमें लगभग 12 लाख वाल्मीकि समाज के लोग रहते हैं कल्याणपुरी 2 लाख सीमापुरी डेढ़ लाख, सुल्तानपुरी मंगोलपुरी 15 लाख इस प्रकार नजफगढ़ बवाना रोहिणी 3 लाख नई दिल्ली पुरानी दिल्ली पहाडगंज करोल बाग दरियागंज 7 लाख वाल्मीकि समाज के लोग रहते हैं इतनी बड़ी आबादी हमारे वाल्मीकि समाज की जो की भाजपा समर्पित सनातनी लोगों की है यह वोट बैंक हमेशा ही भारतीय जनता पार्टी को



समर्पित रहा है और रहेगा इन जमीनी हकीकत आंकड़ों को देखते हुए इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में वाल्मीकि समाज के लगभग पांच टिकट तो विधानसभा के बनते हैं। चंदेल ने अपने जिलाध्यक्ष चंद्रपाल चंदेल को उत्तर पूर्वी जिला की सुरक्षित सीट से टिकट दिए जाने की मांग करते हुए कहा कि दूसरा टिकट हमारे त्रिलोकपुरी विधानसभा से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश के नेता श्री रुपेश मेहरा जी को दिया जाए व कल्याणपुरी विधानसभा सीट से हमारे भाजपा वरिष्ठ नेता अनुसूचित जाति मोर्चा में ऐसे कई हमारे वाल्मीकि समाज के नेता शामिल है तथा अन्य सुरक्षित सीटों से वाल्मीकि समाज के नेताओं को भी टिकट देने की मांग की है। श्री चंदेल ने अपने देश के गौरवशाली प्रधानमंत्री श्रीमान नरेंद्र मोदी जी से कहा है कि आप हमारे वाल्मीकि समाज जो कि सच्चा सनातनी हिंदू समाज है इसकी कदर व सम्मान करते हैं इस बार दिल्ली विधानसभा में हमारे वाल्मीकि समाज की टिकटों को लेकर अनदेखी न की जाए।

# डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसो लखनऊ शाखा में अरुण अवस्थी अध्यक्ष, कपिल वर्मा मंत्री निर्वाचित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसियेशन उत्तर प्रदेश जनपद शाखा लखनऊ के निर्वाचन में आज अरुण अवस्थी दोबारा अध्यक्ष, कपिल वर्मा मंत्री चुने गए । मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील कुमार, सहायक चुनाव अधिकारी जितेंद्र बहादुर सिंह और अनिल कुमार तथा पर्यवेक्षक प्रांतीय संयुक्त मंत्री ओ पी सिंह की देखरेख में आज निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई । मुख्य चुनाव अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि आज पूर्व से घोषित कार्यक्रम के अनुसार 10:00 बजे से डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा लखनऊ के पदाधिकारी के निर्वाचन के लिए नामांकन प्रपत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई जिसमें कुल 12 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन किये ।

नामांकन पत्रों की जांच में सभी प्रपत्र बैध



पाए गए । 4 प्रत्याशियों की नामांकन वापसी के बाद कुल 8 पदों पर एक एक प्रत्याशी शेष रहने के कारण सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा कर दी गई। अध्यक्ष और मंत्री के साथ राज बहादुर मौर्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष , अरविंद कुमार सिंह उपाध्यक्ष, अविनाश सिंह संगठन मंत्री, रंजीत कुमार गुप्ता संयुक्त मंत्री, चंद्र शेखर श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, राजेश कुमार वरुण संप्रेक्षक चुने गए । पदाधिकारियों ने डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के संविधान के अनुरूप सभी फार्मासिस्टों के हितों के लिए लगातार संघर्ष करने का आश्वासन दिया । निर्वाचन बलरामपुर चिकित्सालय के विज्ञान भवन में संपन्न हुआ । प्रभारी अधिकारी फामेर्सी शिव जी कुशवाहा, फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव, लैब टेक्नीशियन संघ के महामंत्री कमल श्रीवास्तव, जनपद अध्यक्ष महेश कुमार, ऑप्टोमेट्रिस्ट सर्वेश पाटिल, नर्सेज संघ के कोषाध्यक्ष महेंद्र श्रीवास्तव, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ बलरामपुर शाखा के राजीव शुक्ला , पूर्व महामंत्री श्रवण सचान, पूर्व कोषाध्यक्ष रजत यादव, पूर्व महामंत्री के के सचान, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुभाष श्रीवास्तव, चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ के प्रधान महासचिव अशोक कुमार ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी है ।

निर्णय लिया गया कि जनपद शाखा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 6 दिसंबर को बलरामपुर चिकित्सालय के विज्ञान भवन संपन्न होगा ।

# भुगतान के मामले में प्रदेश की पहली चीनी मिल बनी वीनस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** वीनस ग्रुप के सी.ई.ओ. अनुपम कुमार सिंह ने कहा कि मझावली स्थित वीनस शुगर मिल द्वारा जिस प्रकार पेराई सत्र 2024-25 का आरंभ जनपद में सर्वप्रथम किया गया था, उसी प्रकार भुगतान की प्रक्रिया में भी पेराई सत्र समाप्त होने तक वीनस शुगर मिल भुगतान करने में आगे रहेगी। उन्होंने कहा कि सही समय से भुगतान होने के कारण वीनस शुगर मिल पर किसानों का भरोसा बढ़ा है और वे बड़ी मात्रा में गन्ने की आपूर्ति मिल को कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी भुगतान की प्रक्रिया इसी प्रकार बनी रहेगी। उन्होंने बताया कि 28 नवम्बर तक का गन्ना भुगतान करने में वीनस शुगर मिल प्रदेश में प्रथम है। मिल ने पेराई सत्र 2024-25 प्रारंभ होने से लेकर 28 नवम्बर तक का सम्पूर्ण गन्ना मूल्य भुगतान जो कि लगभग 18.50 करोड़ है, कर दिया है। हाल ही में मिल द्वारा किसानों को 22 से 28 नवंबर 2024 तक का कुल गन्ना मूल्य भुगतान 5.70 करोड़ कर दिया है। पेराई सत्र 2024-25 की शुरूआत से ही मिल द्वारा साप्ताहिक भुगतान किया जा रहा है। साथ ही मिल प्रबंधन द्वारा किसानों से अनुरोध किया गया कि आपूर्ति किये जाने वाले गन्ने का क्षेत्रफल बढ़ायें ताकि आने वाले पेराई सत्रों में गन्ने की आपूर्ति सुचारू रूप से मिल को की जा सके।



# नशे के विरुद्ध आईपीएस पुलिस उपायुक्त राकेश पवारिया ने नुक्कड़ नाटक में हेल्पलाइन नंबर से नशा मुक्त भारत बना रहे हैं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (अनिता)।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जहां पॉल्यूशन तेजी पकड़ रहा है वही उत्तर पूर्व दिल्ली को भारत नशा मुक्त करने के लिए उत्तर पूर्व दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राकेश पवारिया ने भी नशे के विरुद्ध अभियान तेज कर दिया है। विदित हो कि उत्तर पूर्व दिल्ली में थाना करावल नगर क्षेत्र में नशे का व्यापार क्षेत्रीय पुलिस कर्मियों के मिली भगत से फलफूल रहा रहा था। राकेश पवारिया आईपीएस उत्तर पूर्व दिल्ली पुलिस उपायुक्त के नशा मुक्त भारत अभियान पर शक्ति करने पर 20% नशे पर अंकुश लगा है।

आपको बता दे की उत्तर पूर्व दिल्ली में नाबालिक बच्चे और युवा पीढ़ी नशे के लत में पड़ रही थी। जिसके कारण नाबालिक लड़के ग्रुप बनाकर चाकू बाजी में एक दूसरे की मृत्यु कर रहे थे। जब से उत्तर पूर्व दिल्ली में आईपीएस पुलिस उपायुक्त राकेश पवारिया ने कमान संभाली है तब से नाबालिक लड़कों के माध्यम से चाकू बाजी का खेल बंद हो गया है। सूत्रों का कहना है कि उत्तर पूर्व दिल्ली के करावल नगर थाना की पुलिस के कर्मी यदि ईमानदारी से नशे के विरुद्ध अभियान चलाए तो जितने घरों में गांजा और शराब बिक रही है सब पर ताला लग सकता है परंतु पुलिस कर्मियों की अवैध उगाई के चलते ऐसा होना उचित नहीं लग रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस उपायुक्त को खुद अपनी टीम लेकर फील्ड में उतरना पड़ेगा। नशे के विरुद्ध राकेश पवारिया उपायुक्त पुलिस उत्तर-पूर्वी जिला के मार्गदर्शन में नशामुक्ति के प्रयासों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में एक हेल्पलाइन नंबर जारी करने के साथ-साथ नुक्कड़ नाटकों व दौड़ का आयोजन कर, आमजन को जागरूक किया जा रहा है।



**समस्या** डीएम के निरीक्षण के एक महीने बाद ही सरोजिनी नगर मार्केट में हाकर फिर हुए सक्रिय

# दक्षिणी दिल्ली के सरोजिनी नगर मार्केट में ठाकुरों का बोलबाला मेट्रो से उतरते घेर लेते हैं पब्लिक को

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नई दिल्ली (ऐजाज अली)** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते अतिक्रमण को लेकर डीएम ने पुलिस सहित संबंधित विभागों को हाकरों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

दक्षिणी दिल्ली। दिल्ली के सबसे बड़े बाजारों की फेहरिस्त में शुमार सरोजिनी नगर मार्केट फिर अव्यवस्थाओं की गिरफ्त में है। अतिक्रमण, बाडी हार्कस और अवैध रेहड़-पटरी वालों के कब्जों के चलते दुकानदार और ग्राहक दोनों परेशान हैं। पिछले दिनों तत्कालीन डीएम की सख्ती के बाद करीब एक महीने तक राहत मिली थी। लेकिन डीएम के स्थानांतरण के बाद हालात फिर से जस के तस हो गए हैं। इस संबंध में मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की ओर से पुलिस, प्रशासन और एनडीएमसी से लगातार शिकायतें की जा रही हैं इसके बावजूद समाधान नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों दिल्ली में दो जगह धमाके हुए हैं, ऐसे में दुकानदार सुरक्षा के लिहाज से इस समस्या से छुटकारा चाहते हैं। दरअसल, सरोजिनी नगर में समस्याओं को लेकर पिछले दिनों जागरण ने जन सरोकार अभियान चलाया था। इसके बाद नई दिल्ली डीएम रवि झा ने मार्केट का मुआयना कर दुकानदारों की समस्याओं का संज्ञान लेकर इन्हें तत्काल दूर करने के आदेश जारी किए थे। आदेशों के बाद एनडीएमसी और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाडी हाकर और अवैध रेहड़-पटरी वालों पर शिकंजा कसा था। व्यापारियों का कहना है कि इसके बाद हालात सुधरे थे और राहत मिली थी, लेकिन मार्केट पर दोबारा से इन्होंने कब्जा कर लिया है। इससे परेशान होकर पुलिस-प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं , लेकिन समाधान नहीं हो रहा। उधर, पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने दुकानदारों को चेताया है कि उन्होंने दुकानों के सामने रेहड़ी-पटरी लगवाई तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक रंधावा बताते हैं कि मेट्रो से मुख्य मार्केट की दूरी तकरीबन आधे किलोमीटर की है। अवैध रेहड़ी-पटरी और बॉडी हाकर्स ने इस रास्ते पर पूरी तरह कब्जा कर रखा है। मेट्रो से बाहर आते ही वे ग्राहकों को घेर लेते हैं। इससे दुकानदारों को खासा नुकसान होता है। इसके अलावा मार्केट में जहां-तहां अतिक्रमण के चलते ग्राहकों का दुकानों से आगे से निकलना भी दूभर कर देते हैं। अवैध रेहड़ी वाले और बाडी हाकर्स समूह बनाकर लोगों को घेरते हैं। इससे मार्केट में खासकर महिला ग्राहकों को असुरक्षा होती है। इसके अलावा दुकानों के आगे से इन्हें हटने का कहने बार दुकानदारों के साथ झगड़े तक की नौबत आ जाती है। जी एवेन्यू जोकि नो वेंडिग जोन है वहां भी रेहड़ी वालों ने अतिक्रमण किया हुआ है। ये मार्केट की गलियों और मल्टीलेवल पार्किंग तक आवाजाही का मुख्य मार्ग है, ऐसे में ग्राहक खासे परेशान होते हैं । वहीं आपात स्थिति में ये स्थिति भयावह साबित हो सकती है।

**एनडीएमसी अधिकारी से मिले दुकानदार**

स्थानीय समस्याओं को लेकर सरोजिनी नगर मार्केट शापकीपर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को एनडीएमसी चेयरमैन केशव चंद्रा से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। साथ ही दुकानदारों ने जनपथ, तिब्बती मार्केट की तर्ज पर छतों के ऊपर स्टोर बनाने की इजाजत देने जैसी मांग भी रखी। इसके अलावा डीसीपी को भी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है। इसमें मार्केट से अवैध रेहड़ी-पटरी व बाडी हार्कस को हटाने, अतिक्रमण की समस्या दूर करने, सफाई व सुरक्षा पुख्ता करने जैसी मांगे उठाई गई है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कालरा ने बताया कि हाल ही पिछले दिनों सख्ती के बाद थोड़ी राहत मिली थी। दोबारा से वही स्थिति हो गई है और अवैध रेहड़ी वालों व बाडी हाकर्स ने हर जगह कब्जा किया हुआ है। पुलिस-प्रशासन से मिलकर सख्त कदम उठाने की मांग की है।

क्या है मार्किट एक नजर में मार्केट

200 करीब दुकाने हैं सरोजिनी नगर मुख्य मार्केट में

500 करीब दुकाने हैं एनडीएमसी की मिनी मार्केट में

40-50 हजार करीब ग्राहक रोजाना आते हैं मार्केट 01 लाख तक होती है वीकेंड पर आवाजाही।

# परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण परीक्षा मुरादाबाद के 128 एवं संभल जनपद के 121 विद्यालयों में संपन्न हुई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** आज मुरादाबाद जनपद के 128 एवं संभल जनपद के 121 विद्यालयों में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण-2024 का आयोजन किया गया 'मुरादाबाद के 131 चयनित विधालयों में कक्षा 03 के 41 कक्षा 6 के 40 व

## वरिष्ठ विशेषज्ञ समग्र शिक्षा नंद कुमार ने 6 विद्यालयों का किया आकस्मिक निरीक्षण

कक्षा 9 के 50 विधालयों में सर्वे किया गया जिसमें बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, मदरसा, उइरए व कइरए बोर्ड के विधालयों का चयन किया गया था। सर्वे हेतु जनपद मुरादाबाद में राज्य स्तर से पर्यवेक्षक के रूप में संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मण्डल मुरादाबाद मनोज कुमार द्विवेदी तथा जिला समन्वयक प्राचार्य डायट बुद्ध प्रिय सिंह एवं जिला विधालय निरीक्षक सर्वेश कुमार एवं सह जिला समन्वयक / मास्टर ट्रेनर आशुतोष त्यागी व अनिल कुमार यादव प्रवक्ता





डायट ने विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया ` जिला समन्वयक प्राचार्य डायट बुद्ध प्रिय सिंह द्वारा मेथोडिस्ट कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया जहां सर्वे से संबन्धित सभी व्यवस्थाएं सुचारु पायी गयी तथा अवगत कराया गया की जनपद मुरादाबाद में कुल 128 विधालयों में सर्वे का क्रियान्वयन किया गया जिसमें कक्षा 3 के 02 विधालयों में 05 से कम नामांकन होने के कारण एवं कक्षा 9 में एक मदरसा विधालय बंद पाये जाने के कारण जनपद के कुल 03 विधालयों में सर्वे नहीं किया गया` परख सर्वे में जनपद मुरादाबाद में कुल 1732 बालक तथा 1539 बालिका कुल 3271 बच्चों तथा कुल 383 शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया गया` जनपद मुरादाबाद के समस्त 128 विधालयों में सर्वे का क्रियान्वयन मानकानुसार सुचारु रूप से किया गया` प्राचार्य डायट द्वारा अवगत कराया गया की परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण प्रत्येक 03 वर्ष में राष्ट्रीय, राज्य व जनपद स्तर पर शिक्षा की स्थिति जानने हेतु आयोजित किया जाता है सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर ही राज्य व जनपद की रैंकिंग निर्धारित की जाती है जिसके अनुरूप राज्य हेतु शिक्षा में सुधार के लिए आवश्यक रणनीति तैयार की जाती है । जिला संभल मे उप शिक्षा निदेशक/प्राचार्य, डायट, बुद्ध प्रिय सिंह के कुशल निर्देशन मे परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण (ठअर) 2024 की परीक्षा का आयोजन किया गया । परीक्षा जिले के कुल 121 चयनित विद्यालयों मे शुचितापूर्वक सम्पन्न हुई । इस परीक्षा मे कुल 121 फील्ड इन्वेस्टिगेटर डायट के ओर से तथा 121 आब्जर्वर सीबीएससी द्वारा लगाए गए । परीक्षा हेतु एक कंट्रोल रूम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , संभल कार्यालय मे बनाया गया जिसमे अभिषेक बंसल( एआरपी) , शाकुल गुप्ता ( एआरपी) , अमर सिंह( एआरपी) , डॉ पंकज मेहरोत्रा ( एआरपी) तथा सुरेश आर्य ( एसआरजी ) के द्वारा कार्य किया गया। अपरिहार्य स्थिति के लिए 5 रिजर्व फील्ड इन्वेस्टिगेटर कंट्रोल रूम पर उपस्थित रहे। परीक्षा मे जिले के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 3 , कक्षा 6 और कक्षा 9 के कुल 3364 छात्रों ने प्रतिभाग किया जिसमे कुल 1980 बालक और 1384 बालिकाएँ उपस्थित रहीं । नन्द कुमार, वरिष्ठ विशेषज्ञ समग्र शिक्षा, लखनऊ द्वारा तीन विकास खण्ड के 6 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया जिसमे सभी व्यवस्थाएं सही पाई गईं। जिला विद्यालय निरीक्षक संभल वेदराम ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संभल अलका शर्मा और डायट प्रवक्ता राशिद अली, डायट प्रवक्ता प्रवेश कुमार एवं डायट प्रवक्ता अजय विक्रम सिंह के कुशल समन्वय से परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई ।

# नोएडा आंदोलनरत किसानों की गिरफ्तारी पर रोष व्यक्त किया


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गजरौला।** भारतीय किसान यूनियन (संयुक्त मोर्चा) की पंचायत राष्ट्रीय मुख्य सचिव अरुण सिद्ध के कार्यालय पर अतरपुरा में हुई। पंचायत में नोएडा आंदोलनरत किसानों की गिरफ्तारी पर रोष व्यक्त किया गया, साथ ही यह निर्णय लिया गया कि 05 दिसम्बर को किसान धारीवाल फार्म हाउस जलालाबाद थाना बछरांयु और किसान भवन दरियापुर थाना गजरौला दोनों स्थलों पर इकट्ठा होकर नोएडा के लिए रवाना होंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि भाजपा की सरकार ने किसानों के साथ मजाक किया। कभी एसएसपी गारंटी कानून बनाने को लेकर, कभी बिजली फ्री देने को लेकर आरोप लगाया कि इस सरकार नं कदम कदम पर झूठ बोलकर किसानों को ठगने का काम किया। अब सरकार की ठग विद्या नहीं चलने देंगे और लड़ाई अब आर पार की होगी। इस अवसर पर पूर्वी एसआई महावीर सिंह को संभल जिला प्रभारी, पूर्व दरोगा सत्यपाल सिंह को मंडल सचिव मुरादाबाद और पूर्व इंस्पेक्टर विजयपाल सिंह को मंडलाध्यक्ष मेरठ, इसरार चौधरी को संगठन मंत्री बनाया गया और कुबेर संधू को गजरौला ब्लॉक उपाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर चौ. विजयवीर सिंह, अरुण सिद्ध, ओमप्रकाश दरोगा, चंद्रपाल सिंह, मयंक धारीवाल, जगदेव सिंह, देवेंद्र सिंह, पंचम सिंह, रवि चौधरी आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 14 दिसंबर को 1620 जोड़े बनेंगे जीवनसाथी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिले में 14 दिसंबर को सामूहिक विवाह कार्यक्रम होगा। जिसमें 1620 जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। डीएम अनुज सिंह ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने सभी बीडीओ और अधिशासी अधिकारियों को लक्ष्य




आवंटित करने के साथ-साथ नियमानुसार सत्यापन के संबंध में भी निर्देशित किया है। सर्किट हाउस के पीछे बुद्धि विहार फेज दो में आयोजन कराया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि ब्लाक डिलारी, ठाकुरद्वारा, छजलैट, मुरादाबाद, नगर निगम, भगतपुर टांडा, डींगरपुर, बिलारी, मूंढापांडे प्रत्येक के लिए 160, नगर पालिका ठाकुरद्वारा के लिए 50, नगर पालिका बिलारी के लिए 25 तथा नगर पंचायत कांठ, ढकिया, उमरी कलां, कुंदरकी, भोजपुर, अगवानपुर और पाकबड़ा में प्रत्येक को 15 लाभार्थियों का लक्ष्य दिया है।

# ब्लॉक स्तर की स्पेल बी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बरेली (शाहिद अल्वी)।** खंड शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में विकास खंड स्तर की स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गए , प्रतियोगिता प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए आयोजित की गई । प्रतियोगिता हिंदी तथा अंग्रेजी के शब्दों का इमला तथा शब्द निर्माण कराया गया, बच्चों ने उत्साह पूर्ण प्रतिभाग किया

प्रतियोगिता के आयोजन हेतु उपस्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान फरीदपुर के कृष्ण कुमार ने बताया कि बच्चों में भाषा की तकनीकी विकसित करने हेतु यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सहज बनाती है, यह प्रतियोगिता निश्चित ही बच्चो की भाषा सुदृढ़ करेगी। ए.आर.पी. संजीव कुमार सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना तथा स्वयं का मूल्यांकन का अवसर देती है जिससे को हर चुनौती का सामना करने हेतु तैयार रहते है ।

कार्यक्रम मे बिजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया इस दौरान ए.आर.पी. धर्मेंद्र कुमार वर्मा,सरवन कुमार, आशीष सिंह, अमिता कुमारी,राकेश मौर्य, शैलेन्द्र सिंह, शीनू, अमोल कुमार, तिलक राम, विलय सिंह, राजकुमार, आशुतोष, कुंवरसेन, लालता प्रसाद, अभिषेक कुमार ,सुधांशु गंगवार, अवधेश, कुमार रामौतार, शशांक गंगवार आदि उपस्थित रहे।

# स्काउट गाइड के शिविर का हुआ समापन, शिविर निर्माण में प्रथम स्थान चीता टोली ने प्राप्त किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारत स्काउट के तीन दिवसीय शिविर के आज समापन पर स्काउट एवं गाइडो ने शिविर निर्माण किया इससे पहले प्रधानाचार्य रियासत अली ने ध्वज फहराकर शिविर का शुभारम्भ किया तथा गाइडो ने ध्वज शिष्टाचारका पालन किया। शिविर निर्माण में स्काउट वर्ग में प्रथम स्थान चीता टोली ने प्राप्त किया, तथा द्वितीय स्थान तितली टोली व तृतीय स्थान तोता टोली ने प्राप्त किया वहीं गाईड वर्ग में शिविर निर्माण में प्रथम स्थान ईगल टोली ने द्वितीय विक्टरी टोली तथा तृतीय स्थान सनराईज टोली ने प्राप्त किया। शिविर में स्काउट गाईड हुड ने सास्कृतिक कार्यक्रमो में हिस्सा लिया। जिसमे प्रथम स्थान यूनिटी इंडिया टोनी, द्वितीय स्थान इडियन टोली तथा तृतीय स्थान व्हाईट हाउस टोली ने प्राप्त किया वही इगोली कम्पटीशन में लोटस प्रथम तथा पिक लोटस होली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कैम्प में फूड प्लाजा का भी आयोजन किया गया कैम्प के अंत में स्काउट गाइड को दीक्षा भी दी गयी। निर्णायक मण्डल में जुल्फिकार अली सौरभ कुमार तथा जाकिर खान थे।

अन्य सहयोगी अध्यापकों में इम्तियाज अली,गफूर मेंहदी,वेद?पाल सिंह, मुदस्सिर हुसैन, तेजपाल सिंह, शाहीन, वसीम, इरम, गुलजार फाल्मा रहे शिविर का संचालन डा. मुहमद फैजान अहमद ने किया तथा प्रशिक्षक रमन कुमार रहे।

# सड़क पर पड़े पाइप में ठोकर खाकर गंभीर रूप से घायल हुए आर्य समाज के संरक्षक सुशील मणि गुप्ता

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** नगर में जल निगम की घोर लापरवाही का शिकार कल रात के आर्य समाज के संरक्षक सुशील मणि गुप्ता हो गए वे दुकान बंद करके घर को लौट रहे थे सड़क पर पड़े पाइप में ठोकर खाकर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए उनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया , अनेक लोगों ने इस घटना के लिए विभाग को जिम्मेदार ठहराया है और उचित कार्रवाई की मांग की है' जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात करीब 9:00 बजे श्वेता कॉपी हाउस के स्वामी दुकान बंद करके घर आ रहे थे रास्ते में सड़क पर पड़े पाइप में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए उनको तुरंत उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, विभाग ने सरकारी सड़क पर पड़े पाइप को उठाना उचित नहीं समझा है' आर्य समाज के अध्यक्ष सुरेश चौहान, भूपेंद्र चौहान,कौशल चौहान, सुशील कुमार, रितेश कुमार शर्माआदि लोगों ने इस घटना के लिए विभाग को जिम्मेदार ठहराया है और उचित कार्रवाई की मांग प्रशासन से की है' उल्लेखनीय है कि नगर में सरकारी सड़क पर पड़े पाइप की खबर को आज दैनिक "बुलंद संदेश "ने फोटो सहित प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था।

# महिला को अगवा करके ले गए कर सवार युवक, पुलिस चौकी में दी तहरीर

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सिविल लाइंस के अगवानपुर में कार सवार लोग एक महिला को अगवा कर ले गए। पीड़िता के पिता ने पड़ोसी युवती और उसके रिश्तेदारों पर अगवा करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार अगवानपुर के रेलवे स्टेशन कॉलोनी में रहने वाले किसान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने फरवरी माह अपनी बेटी की शादी कटघर के गांव में की थी।

भैयादूज पर उनकी बेटी घर आई थी। तबीयत खराब होने की वजह से उसको ससुराल नहीं जाने दिया। वह पत्नी के साथ खेत पर काम करने गए थे। जबकि घर पर उनकी तीनों बेटियां मौजूद थीं। आरोप है कि इस दौरान पड़ोस में रहने वाली युवती घर में आ गई। युवती बहाने से उसको बुलाकर ले गई। कुछ दूर ही युवती के बहनोई की कार खड़ी की हुई थी। आरोपी उनकी बेटी को जबरन कार में डालकर अगवा करके ले गए। इसकी जानकारी घर पर मौजूद दोनों बेटियों को हुई तो उन्होंने खेत पर पहुंचकर माता पिता को घटना के बारे में बताया। उन्होंने आरोपी युवती और उसके रिश्तेदारों से संपर्क करने के प्रयास किया लेकिन सभी के मोबाइल बंद बताए गए ' पिता ने पुलिस चौकी अगवानपुर में तहरीर दी है ।

# फुव्वारे चौक पर चला अवैध अतिक्रमण पर पालिका का चाबुक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** बुधवार को एक बार फिर पालिका का चाबुक चल गया जहां सुबह 9 बजे से ही पालिका के कर्मचारी बुलडोजर व पुलिस बल के साथ फुव्वारा चौक पहुंच गए। और पहले से ही चिन्हित दुकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी। बुलडोजर को देख दुकानदरों के हाथ पैर फूल गए और देखते ही देखते दुकानदारों ने दुकानों से सामान निकालना शुरू कर दिया और चंद घंटों का समय मांगा तो पालिका कर्मचारियों ने पहले से ही जानकारी होने का हवाला देते हुए बुलडोजर चलवाना शुरू कर दिया। और चांद घंटों में पालिका के बाहर बनी सभी दुकानों को ध्वस्त कर दिया गया।


इस दौरान ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को देखने वालों का फुव्वारा चौक पर जमघट लग गया। इसकी जानकारी पालिका अध्यक्ष के पति अखिलेश कुमार खिलाड़ी को होते ही वह भी मौके पर पहुंच गए। और सभी दुकानदारों को दोबारा व्यवस्थापित करने का आश्वासन दिया इस दौरान फुव्वारा चौक स्थित एक मेडिकल संचालक द्वारा हो रहे अवैध अतिक्रमण को खुद ही दिखाया गया और जल्द ही खुद हटाने को कहा साथ ही टूटती दुकानों को देखते हुए और लोगों ने खुद ही अवैध अतिक्रमण को हटाना शुरू कर दिया।

एसडीएम विनय मिश्रा के निर्देशन में अवैध अतिक्रमण को चिन्हित किया गया था और लोगों से स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया था परंतु लोगों ने अनसुना कर रखा था। जब प्रशासन ने बुल्डोजर की सहायता से अतिक्रमण हटाना शुरू किया तब लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटाया और एसडीएम विनय मिश्रा के स्थानांतरण के बाद लोगों को लगा अब शायद अतिक्रमण नहीं हटाया जायेगा परंतु जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के चन्दौसी में अतिक्रमण हटने का जायजा लेने के बाद ही पुनः अतिक्रमण हटाना शुरू किया गया। इसी तरह बीते सोमवार को भी संभल गेट में अवैध अतिक्रमण हटाया गया। अचानक पुनः अतिक्रमण हटाओ अभियान के शुरू होने से लोग स्वयं छैनी हथौड़ा लेकर अतिक्रमण हटाने में जुट गये हैं।

# मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को महिला अपराधों के प्रति किया गया जागरूक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (शाहिद अल्वी)।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत थाना क्योलाडिया की मिशन शक्ति टीम ने क्षेत्र के गांव में जाकर महिलाओं, छात्राओं को जागरूक किया।

जिसमें विशेष तौर पर प्राथमिक विद्यालय महमूदापुर ,में सहायता हेतु महिलाओं व बालिकाओं से उनकी समस्या के बारे में पूछा गया तथा उन्हें जागरूक किया गया जिसमें महिलाओं के साथ मारपीट करना व बालिकाओं के साथ गुड टच बेड टच, लड़कियों के साथ छेड़छाड़ करना, अभद्र टिप्पणी करना,अश्लील हरकतें करना, फोन कॉल मैसेज द्वारा ब्लैकमेल करना आदि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी दी गई, जैसे की कन्या सुमंगला योजना ,मातृशक्ति वंदना योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, आपातकालीन सहायता हेतु टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 वूमेन



पावर हेल्पलाइन नंबर 1090 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, एंबुलेंस 108, स्वास्थ्य सेवा 102 , 15100 निशुल्क विधिक सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर.1930 साइबर हेल्पलाइन आदि के बारे में जानकारी दी गई , तथा थाने पर बनी महिला हेल्प डेस्क तथा साइबर हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई। तथा विद्यालय में शिकायत पेटिका लगाने के लिए कहा गया । इस मौके पर सीओ एवं थाना प्रभारी अजय कुमार यादव ,इंस्पेक्टर क्राइम परमेश्वरी, उप निरीक्षक अलका खरे, सहित पुलिस फोर्स सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल कार्यशाला का हुआ आयोजन, पार्टी की नीतियां जन-जन तक पहुंचाएं : ठाकुर भानु प्रताप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व के अवसर पर मंडल कार्यशाला का आयोजन नगर में हुआ' जिसमें संगठन के चुनाव के बारे में विधिवत चर्चा की गई यहां 105 बूथ अध्यक्ष का चयन 6 दिसंबर तक 16 शक्ति केंद्र प्रभारी का चेन 10 दिसंबर तक होना है 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष का चयन होगा' कार्यशाला के मुख्य अतिथि ठाकुर भानु प्रताप जिला मंत्री भाजपा तथा मंडल कांठ के चुनाव अधिकारी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया, कार्यशाला में समस्त पदाधिकारी ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके स्वागत किया एवं मुख्य अतिथि ठाकुर भानु प्रताप ने दीप प्रज्वलित करके कार्यशाला का शुभारंभ किया' मुख्य अतिथि ठाकुर भानु प्रताप ने अपने संबोधन में आगामी संगठन के मंडल अध्यक्ष का चुनाव अन्य दायित्व संबंधित रूपरेखा के बारे में बताया ' कार्यशाला में सूरज सिंह( मंडल अध्यक्ष), भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी,देवराज सिंह जाटव, सत्यवान राजपूत,अंकुश चौहान, आलोक चौहान, राजपाल प्रजापति (पूर्व मंडल अध्यक्ष) बालापुर के ग्राम प्रधान आनंद सिंह आदि मौजूद थे 'डॉ अशोक चौहान (अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा तहसील अध्यक्ष) के आवास पर जिला मंत्री मंडल कांठ चुनाव अधिकारी ठाकुर भानु प्रताप का पटका पहनाकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया एवं कांठ क्षेत्र की एवं नगर की विभिन्न समस्याओं को प्रभारी के समक्ष रखा गया तथा संगठन के विस्तार के विषय में विचार विमर्श किया।




**प्रतियोगिता** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की भाषण प्रतियोगिता-स्पीचमास्टर 2.0

# टीएमयू एमबीए के ऋषभ इंग्लिश स्पीचमास्टरी में अव्वल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के सेंटर फॉर टीचिंग, लर्निंग एंड डवलपमेंट- सीटीएलडी की भाषण प्रतियोगिता-स्पीचमास्टर 2.0 में मैनेजमेंट से एमबीए थर्ड ईयर के ऋषभ अग्रवाल विजेता रहे। इंजीनियरिंग से बीटेक थर्ड ईयर के संयम जैन ने द्वितीय और विधि संकाय से बीए एलएलबी ऑनर्स थर्ड ईयर की वर्षा अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रतियोगिता के तीन राउंड- हिट द ग्राउंड, बर्न द फ्लोर और द बैटलफील्ड की कड़ी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। निर्णायक मंडल में बोन ऐनी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सुनीता भटनागर और पीएमएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री मैथ्यू पी. एलनचेरिल शामिल रहे। इससे पूर्व ऑडी में टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर




मुख्य अतिथि, गेस्ट्स के संग सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. (डॉ.) पंकज कुमार सिंह आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारम्भ किया। स्पीचमास्टर 2.0 में 317 छात्रों में से 38 छात्रों ने फाइनल राउंड में ऑन-द-स्पॉट स्पीच दी। मुख्य अतिथि वीसी प्रो. वीके जैन ने प्रभावी पब्लिक स्पीकिंग के महत्व और करियर में इसके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. पंकज कुमार सिंह ने कहा, सार्वजनिक भाषण करना और श्रोताओं को अपनी बात से जोड़ना एक अद्वितीय कौशल है।

स्पीचमास्टर 2.0 ने छात्रों को न केवल अपने विचारों को बेहतर तरीके से व्यक्त करने का मौका दिया, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और संचार कौशल में निपुण बनने की दिशा में प्रेरित किया। प्रतियोगिता के जरिए छात्रों को आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी बात रखने और ग्लोसोफोबिया- पब्लिक स्पीकिंग का डर पर विजय प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम में प्रोग्राम कोर्डिनेटर एवम्‌ सीटीएलडी के मास्टर ट्रेनर श्री अंकित शर्मा मौजूद रहे। उल्लेखनीय है, प्रत्येक प्रतिभागी को मंच पर जाने से मात्र चार मिनट पहले स्पीच का विषय दिया गया, इसका मकसद प्रतिभागी की सोचने और त्वरित विचार प्रस्तुत करने की क्षमता का परीक्षण करना रहा।

# नोएडा जा रहे भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रास्ते से किया गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** ग्रेटर नोएडा में चल रहे आंदोलन में मुरादाबाद से जा रहे भारतीय किसान यूनियन टिकैत



के पदाधिकारियो को पुलिस ने गजरौला में हिरासत में लिया। एक जत्थे का नेतृत्व डॉक्टर नौ सिंह राष्ट्रीय सचिव, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह कर रहे थे। देर रात से ही पुलिस अधिकतर किसान नेताओं के घर पर निगरानी कर रही थी। किसान चकमा देते हुए गजरौला तक पहुंचने में कामयाब रहे परंतु पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया। सीएनजी पंप से लगातार पुलिस किसानों का पीछा करती रही गजरौला से पहले पुलिस ने किसानों को हिरासत में ले लिया। किसानों को पुलिस गाड़ी में बैठाकर थाना पाकवाड़ा ले आई। पुलिस टीम का नेतृत्व सीईओ हाईवे, मझोला थाना प्रभारी मोहित चौधरी, कर रहे थे। इस मौके पर महानगर के अध्यक्ष पंकज चौधरी, सचिन चौधरी, मोहित चीमा, सुरेंद्र सिंह, सुदेश मुखिया, वीरेंद्र सिंह, समरपाल सिंह, राहुल चौधरी, लवी चौधरी, वेद प्रकाश ढिल्लों, अफसर अली, सफीक अहमद, बाबू खा, नितिन चौधरी आदि कई दर्जन किसान उपस्थित रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश



# यू आर द लास्ट वन..., नताशा स्तांकोविक ने कही अपने दिल की बात, लोगों ने लगाई अटकलें

एक्ट्रेस और मॉडल नताशा स्तांकोविक और भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या ने शादी के चार साल बाद इस साल जुलाई में अपने तलाक की घोषणा की थी. एक्ट्रेस अपने दोस्त अलेक्जेंडर एलेक्स को लेकर काफी ज्यादा सुर्खियों में है. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर इन दिनों काफी ज्यादा एक्टिव रहती है और अपनी लाइफ के अपडेट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर की है. उनकी इस पोस्ट के बाद फैंस ने तरह-तरह की अटकलें लगाना शुरू कर दिया है. इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने लिखा कि यू आर द लास्ट वन, सो बी द बेस्ट वन. इसके साथ ही उन्होंने व्हाइट दिल इमोजी भी शेयर किया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में हार्दिक से अपने अलग होने का ऐलान कर दिया था. सोशल मीडिया पर जैसे ही दोनों के अलग होने का पोस्ट सामने आया, तो इंटरनेट पर हलचल बढ़ गई और किसी को भी भरोसा नहीं हुआ कि दोनों अलग हो रहे हैं. हार्दिक से अलग होने के बाद नताशा को अक्सर उनके बेस्ट फ्रेंड अलेक्जेंडर एलेक्स के साथ देखा जाता है. वहीं एक्ट्रेस ने एक बार सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी भी शेयर की थी कि एक्ट्रेस और एलेक्स दोनों काफी अच्छे दोस्त हैं, लेकिन यूजर्स ये मानने के लिए तैयार ही नहीं है और यूजर्स अलग- अलग कयास लगा रहे हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ने ये पोस्ट दिसंबर के लिए डाला था. जिसमें उन्होंने लिखा था कि हे दिसंबरज् यू आर द लास्ट वन, सो बी द बेस्ट वन. इसी के साथ उन्होंने एक व्हाइट दिल वाला इमोजी भी लगाया था. वहीं अब लोग इस पोस्ट के बाद अलग-अलग अटकलें लगा रहे हैं. लोगों को लग रहा है कि एक्ट्रेस का इशारा कई और ही है. इन दिनों नताशा अकेली हैं, तो जाहिर है कि उनका एक हल्का-सा इशारा लोगों में चर्चा का विषय बन सकता है।

# 350 करोड़ रुपये का 20 प्रतिशत वसूलने में कामयाब रही कंगुवा

सूर्या की नई एपिक फैंटेसी एक्शन ड्रामा कंगुवा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 18 दिन हो चुके हैं. इन 18 दिनों में फिल्म ने ओपनिंग डे के बाद से अच्छी कमाई नहीं कर पाई है. दर्शकों की औसत समीक्षाओं के साथ-साथ, सूर्या स्टारर कंगुवा बॉक्स ऑफिस पर कम कमाई कर रही है. फिल्म के परफॉर्मेंस से ऐसा लग रहा है कि यह जल्द ही सिनेमाघरों से उतर जाएगी.




शिवा की निर्देशित फिल्म कंगुवा 350 करोड़ रुपये के भारी बजट में बनाई गई है. मेकर्स को फिल्म से काफी उम्मीद थी. लेकिन फिल्म की कमजोर स्क्रिप्ट और एक्टिंग में कमी होने के कारण यह दर्शकों तक अपनी पहुंच नहीं बना पाई। सैकनिल्क वेबसाइट के अनुसार, कंगुवा ने ओपनिंग डे पर 24 करोड़ रुपये की कमाई की. हालांकि पहले वीकेंड में फिल्म 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने में सफल रही. एक हफ्ते में कंगुवा ने 64.3 करोड़ रुपये कमाए. जबकि दूसरे वीकेंड में इसने 3.2 करोड़ रुपये कमाए हैं. वहीं बात करें 18वें दिन की तो कंगुवा ने रिलीज के तीसरे वीकेंड पर भारतीय बॉक्स ऑफिस से केवल 9 लाख रुपये की कमाई की है. 18 दिनों के बाद सूर्या की फिल्म ने भारत में कुल 70.27 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर ली है।

# शरवरी वाघ ने स्टाइलिश आउटफिट में कराया हॉट फोटोशूट, एक्ट्रेस की बोल्डनेस ने इंटरनेट का बढ़ाया तापमान

बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ हमेशा अपने स्टनिंग और हॉट लुक्स से सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से बवाल मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। मुंजिया फेम शरवरी वाघ पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही छा गया है। हाल ही में एक्ट्रेस



ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस बेहद ही स्टनिंग और हॉट लुक में फोटोशूट करवाती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि शरवरी वाघ जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। शरवरी वाघ ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्राउन कलर की कोट लुक मं ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं।

खुले बाल, कानों में इयररिंग्स और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस शरवरी वाघ ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। साथ ही कैमरे के सामने स्टनिंग पोज देती हुई एक्ट्रेस हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न लुक एक्ट्रेस शरवरी वाघ अपने हर एक लुक में बेहद ही शानदार नजर आती हैं। उनका लुक इंटरनेट पर आते ही अक्सर बवाल मचाने लगता है।बताते चलें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं। साथ ही अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़े हुए अपडेट्स भी फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं।

# एक महीने बाद भी रूह बाबा का जादू बरकरार, 31वें दिन बाजीराव सिंघम ने लगाई छलांग

भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए एक महीना हो चुका है. एक महीने के बाद भी दोनों फिल्में सिनेमाघरों में अच्छा परफॉर्म कर रही हैं. हालांकि बीच में रोहित शेट्टी की निर्देशित फिल्म को उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा. लेकिन फिल्म ने अपनी पकड़ बनाए रखी. कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी और अजय देवगन की कॉप यूनिवर्स अब 5वें हफ्ते में एंटर कर चुकी हैं. दोनों फिल्मों के पास अच्छा कलेक्शन करने के लिए ये सप्ताह बचा है, क्योंकि आने वाले 5 दिसंबर को साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की एक्शन फिल्म पुष्पा 2 द रूल रिलीज होने वाली है और इस फिल्म का क्रेज काफी दिनों से दर्शकों के बीच बना हुआ है.

अनीस बज्मी की निर्देशित हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 3 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही हैं. 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित की फिल्म की तिगड़ी को लोग खूब पसंद कर रहे हैं. सैकनिल्क रिपोर्ट के







मुताबिक, भूल भुलैया 3 पहले वीकेंड में 168.86 करोड़ रुपये का बिजनेस किया. वहीं दूसरी, तीसरे और चौथे वीकेंड में क्रमशः 66.01 करोड़ रुपये, 25.98 करोड़ रुपये और 11.4 करोड़ रुपये की कमाई की। चार वीकेंड के बाद कार्तिक आर्यन स्टार का 5वां वीकेंड भी सक्सेफुल रहा. फिल्म ने 5वें वीकेंड में 6.8 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इसमें से फिल्म ने रविवार को 2.50 करोड़ रुपये कमाए हैं. 31 दिनों के बाद भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भूल भुलैया 3 का कुल कलेक्शन 277.78 करोड़ रुपये हो गए हैं.

बॉक्स ऑफिस पर ना सिर्फ भूल भुलैया 3 बल्कि रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स सिंघम अगेन भी सक्सेफुल रन कर रही हैं. इसका अंदाजा फिल्म की रिलीज के 5वें वीकेंड पर हुई कमाई से लगाया जा सकता है. फिल्म ने 5वें रविवार यानी 31 दिन 1.45 करोड़ रुपये कमाए हैं। 5वें वीकेंड में बाजीराव सिंघम ने 4.1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. फिलहाल भारत में सिंघम अगेन ने 270.17 करोड़ रुपये कमा लिए हैं.

दिवाली के त्यौहारी सीजन में सिनेमाघरों में आई अजय देवगन की सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 को दूसरे हफ्ते में द साबरमती एक्सप्रेस और ग्लैडेटर 2 समेत अन्य नई रिलीज का सामना करना पड़ रहा है. इसके बाद भी दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छे तरह से रन कर रही हैं।

# प्रेग्नेंसी के दौरान एक्सरसाइज सही है या नहीं जानें क्या है पूरा सच

पांच में से एक गर्भवती महिला को कम फिजिकल एक्टिविटी करने की सलाह दी जाती है। भले ही एक्सरसाइज को ज्यादातर गर्भावस्थाओं के दौरान सुरक्षित और हेल्दी माना जाता है। हालांकि कुछ डॉक्टर कुछ गर्भवती महिलाओं की कंडीशन देखकर फुल बेड रेस्ट करने की सलाह देते हैं। हालांकि, जिन महिलाओं की हेल्दी प्रेग्नेंसी हैं उन्हें एक्सरसाइज करने की सलाह देते हैं।



गर्भावस्था के दौरान व्यायाम करने के बारे में कई मिथक हैं। लेकिन व्यायाम आम तौर पर सुरक्षित है और ज्यादातर महिलाओं के लिए अच्छा होता है।

आपको गर्भावस्था के दौरान व्यायाम शुरू नहीं करना चाहिए

गर्भावस्था व्यायाम शुरू करने का एक बढि?ा समय है। भले ही आपने पहले कभी व्यायाम न किया हो।

व्यायाम बच्चे को नुकसान पहुंचा सकता है

मध्यम व्यायाम आम तौर पर सुरक्षित है और स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा इसकी अनुशंसा की जाती है।

आप उच्च-प्रभाव वाली गतिविधियां नहीं कर सकते

यदि आप गर्भावस्था से पहले सक्रिय थीं, तो आप उच्च-प्रभाव वाली गतिविधियां जारी रख सकती हैं, लेकिन आपको अपने शरीर की बात सुननी चाहिए और जरूरत के अनुसार बदलाव करना चाहिए।

पेट की कसरत नहीं कर सकते

गर्भावस्था के दौरान कोर की ताकत महत्वपूर्ण है, और पेल्विक टिल्ट या प्लैंक वेरिएशन जैसे सुरक्षित कोर व्यायाम मदद कर सकते हैं।

आपकी हृदय गति कभी भी 140 बीपीएम से ऊपर नहीं जानी चाहिए

अधिकांश डॉक्टर अब आपको सलाह देते हैं कि आप इस बात पर ध्यान दें कि आप कैसा महसूस कर रही हैं और यदि आप आराम से बातचीत नहीं कर सकती हैं तो व्यायाम करना बंद कर दें।

गर्भावस्था के दौरान व्यायाम करने के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं

व्यायाम कार्यक्रम शुरू करने या जारी रखने से पहले अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से सलाह लें।

अगर आप गर्भावस्था से पहले बहुत सक्रिय नहीं थीं। तो हल्के व्यायाम से शुरूआत करें, जैसे कि टहलना। यह कहने का मतलब है हल्के एक्सरसाइज।

# स्विमिंग करने से पहले ज्यादा खाना खाने से पेट में हो सकता है दर्द, जानें क्या है पूरा सच

तैराकी से पहले बहुत ज्यादा खाने से पेट में दर्द होता है इस बात का कोई मेडिकल सबूत नहीं है कि खाने के बाद तैरने से गंभीर ऐंठन या डूबने की संभावना होती है। शरीर पेट और मांसपेशियों दोनों को पर्याप्त ऑक्सीजन की आपूर्ति करता है।तैराकी से पहले खाना मनोरंजक तैराकी के लिए सुरक्षित है। सबसे बड़ा खतरा शायद मामूली ऐंठन है।



**तैराकी से पहले खाने के कम से कम 30 मिनट बाद तक इंतजार**

यह मिथक कि आपको तैराकी से पहले खाने के कम से कम 30 मिनट बाद तक इंतजार करना चाहिए। इस विचार से आता है कि खाने से रक्त पेट और आंतों में चला जाता है। हालांकि, शरीर पाचन में सहायता के लिए अतिरिक्त रक्त की आपूर्ति करता है, लेकिन मांसपेशियों को ठीक से काम करने से रोकने के लिए पर्याप्त रक्त नहीं देता है। तैराकी करते समय अपने पेट में हवा जाने से बचने के लिए।

आप कार्बोनेटेड पेय और च्युइंग गम का सेवन सीमित कर सकते हैं। आपको तैराकी से पहले आलू के चिप्स या फ्राइड चिकन जैसे तले हुए खाद्य पदार्थों से भी बचना चाहिए।सांस लेने की गलत तकनीक की वजह से तैराक हवा निगल सकता है, जिससे तैरने के बाद डकार, गैस और पेट में दर्दनाक ऐंठन हो सकती है। एरोफेगिया के नाम से जानी जाने वाली यह आदत जठरांत्र संबंधी मार्ग में हवा को फंसा देती है। नॉर्थवेस्टर्न मेडिसिन के डाइजेस्टिव हेल्थ सेंटर के गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट क्रिश्चियन स्टीवॉफ ने हेल्थ को बताया कभी-कभी पेट में असुविधा और दर्दनाक शौच लैक्टोज फ्रुक्टोज या ग्लूटेन जैसे खाद्य असहिष्णुता के कारण हो सकता है।

स्विमिंग से पहले कम से कम 30 मिनट पहले कुछ नहीं खाना चाहिए। ऐसा करने से खाना ठीक से पचता नहीं और तैरते समय परेशानी हो सकती है। हालांकि, अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं है, तो खाना खाने के बाद भी तैर सकते हैं। इससे पाचन में सुधार होता है, ब्लड फ़्लो बेहतर होता है और मांसपेशियां रिलैक्स होती हैं।

**स्विमिंग से पहले क्या खाना चाहिए**

स्विमिंग से पहले आसानी से पचने वाले खाद्य पदार्थ खाएं, जैसे कि फल, उबली सब्जियां, कम वसा वाले डेयरी उत्पाद, ब्रेड, नट्स, और साबुत अनाज। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पानी, जूस, अखरोट का दूध, या स्मूदी पिएं। प्रोटीन का सेवन करें ताकि शरीर को ऊर्जा और ताकत मिल सके।

तैराकी से पहले भारी खाना न खाएं, जैसे कि दाल, चावल, रोटी, पराठे, या पूरी। तैराकी से पहले तले-भुने, मसालेदार, रेशेदार खाद्य पदार्थ, उच्च चीनी कार्बोनेटेड पेय, और कैफीन-आधारित पेय न खाएं।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने "आईआईटी फॉर ऑल" पर सेमिनार का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने "आईआईटी फॉर ऑल" विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया, जो मसई स्कूल के सहयोग से आयोजित किया गया था। यह सेमिनार विशेष रूप से उन छात्रों के लिए था जो कंप्यूटर साइंस, अर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और बिजनेस एनालिटिक्स में आईआईटी मंडी, आईआईटी रोपड़ और आईआईटी गुवाहाटी से माइनर डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं।

सेमिनार का उद्घाटन माननीय श्री महेन्द्र अग्रवाल- कुलाधिपति , श्री प्रसन्नजीत कुमार- कुलपति , श्री पीयूष अग्रवाल- उप कुलपति, डॉ. राजीव रतन- कुलसचिव और डॉ. हरिश तलुजा- डायरेक्टर क्द्दअउ ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी निदेशक भी उपस्थित थे। मसई स्कूल के सह-संस्थापक श्री योहेश भट ने सेमिनार के दौरान छात्रों को मोटिवेशनल स्पीच दी, जिसमें उन्होंने बीबीए, बी.कॉम, बीसीए और बी.टेक छात्रों को आईआईटी के बारे में बताया और उन्हें इस नए अवसर के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण के माध्यम से आईआईटी जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं से शिक्षा प्राप्त करने के महत्व को समझाया।

यह सेमिनार छात्रों के लिए अत्यधिक प्रेरणादायक साबित हुआ और सभी उपस्थित छात्र इस अवसर से काफी उत्साहित नजर आए। उन्होंने इस सेमिनार को अपने करियर के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी इस प्रकार के शैक्षिक अवसरों को छात्रों तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे वे अपने शैक्षिक और व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें।



**लखनऊ :** ऑल इंडिया जमातुल कुरैशी की तरफ से गरीबों को कमल बांटने का काम किया गया कल रात में सड़कों पर निकाल कर गरीब बेचारे जो खुली जगह पर जो उनको कंबल देने का काम किया गया ऑल इंडिया जमात अल कुरेश की ओर से राष्ट्रीय सचिव शहाबुद्दीन कुरैशी रहनुमा कुरैशी फैसल मुजीब सईदुर जाम साबू भाई मून आदि मौजूद रहे । **छाया:-बुलन्द संदेश**

# आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का फैसला, अपराध नियंत्रण के लिए बढ़ेगा ड्रोन का उपयोग



**अमरावती (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने निर्देश दिए हैं कि अपराध पर काबू पाने और सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए ड्रोन के उपयोग पर जोर दिया जाए।मुख्यमंत्री ने सचिवालय में बेंगलुरू की एक ड्रोन निर्माण कंपनी द्वारा दी गई प्रस्तुति को देखने के बाद राज्य के अधिकारियों को पूरे राज्य में तत्काल ड्रोन के उपयोग के विस्तार को कहा है।उन्होंने ड्रोन से संदिग्ध गतिविधि का पता लगाने और उचित निगरानी को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने अपराध और सुरक्षा के अलावा परिवहन सुविधाओं से वंचित क्षेत्रों में दवाईयां पहुंचाने, गांवों-नगर पालिकाओं में स्वच्छता में सुधार करने, कीटनाशक छिडकने, जंगल की आग और अन्य आपदाओं की निगरानी के लिए ड्रोन के उपयोग का प्रस्ताव रखा है।कंपनी ने मुख्यमंत्री की टीम को बताया कि ड्रोन का उपयोग भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात का आकलन करने, आवश्यक कार्रवाई, वास्तविक समय में सुरक्षा कमजोरियों की निगरानी, सार्वजनिक घोषणाएं और भीड़ प्रबंधित करने में भी कर सकते हैं। आंध्र प्रदेश ने हाल में औद्योगिक नीति के तहत नई ड्रोन नीति पेश की है, जिसमें राज्य को ड्रोन निमार्ताओं का केंद्र बनाया जाना है।इसके तहत राज्य ड्रोन निगम का निर्माण, कुरनूल में ड्रोन विकास केंद्र की स्थापना, प्रशिक्षण और विनिर्माण इकाइयों के नेटवर्क का विकास होगा।आंध्र प्रदेश ने ड्रोन क्षेत्र में 1,000 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान लगाया है, जिससे 3,000 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व और 40,000 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

# जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चंदौसी।** बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित जनपद स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कार्यक्रम में सरोजिनी नायडू जूनियर हाई

**खेल बच्चों को जीवन में संघर्ष की कला सिखाते हैं : दुर्गा टंडन**

स्कूल नगर क्षेत्र चंदौसी के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंग भरो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

दिव्यांग(मूक बधिर)छात्रा साबोनी ने देश मेरा रंगीला गाने पर सुंदर नृत्य की प्रस्तुति प्रदान की जो अपने आप में सराहनीय हैं। दिव्यांग छात्रा डौली ने रंग भरो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति प्रदान की



। विद्यालय पहुंचने पर बच्चों को मेडल के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डॉ दुर्गा टंडन ने कहा कि मेरे विद्यालय के लिए बहुत गर्व की बात है कि मेरे विद्यालय के बच्चों ने जनपद स्तरीय दिव्यांगजन खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रशक्ति पत्र प्राप्त किये । बच्चे देश का भविष्य हैं मजबूत नींव ही सशक्त भवन का निर्माण निर्माण करती है। खेल बच्चों को जीवन में संघर्ष की कला सिखाते हैं ।जितने उपयोगी पढ़ाई है, उतने ही खेल भी है । विद्यालय बच्चों को चहुंमुखी विकास प्रदान करना चाहता है । बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की कामना करती हूं। कार्यक्रम में बीनू शर्मा,अभिषेक कुमार गुप्ता एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# इन्टरनेशनल डे ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटी दिवस आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को इन्टरनेशनल डे ऑफ



पर्सन विद डिसेबिलिटी दिवस मनाया गया। सामुदायिक हापुड़ केंद्र पर किया गया। इस दिवस का शुभ आरंभ डॉ सुनील त्यागी सीएमओ द्वारा किया गया। सीएमओ ने कहा कि दिव्यांग कोई अभिशाप नहीं है। बल्कि समाज के मुख्य धारा केंद्र में उन्हें लाना है। जिससे वे लोग अपने आप को अलग ना समझे। शिविर मे उद्व्लढ टीम की नोडल अधिकारी डॉ प्रेरणा श्रीवास्तव लोगो को जागरूक करते हुए ये बताया कि दिव्याग लोग आम जन की भाँति व्यवहार करते है। शिविर मे उपस्थित जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम में मुग्धा उपाध्याय, मो अनीश द्वारा लोगो को मानसिक रूप से अगर कोई तो उसे जिला अस्पताल के कमरा नंबर 115 में सोमवार बृहस्पतिवार और शुक्रवार को इसका प्रशिक्षण किया जाता है। शिविर में सी एच सी प्रभारी डॉ महेश चंद्र, डॉ लेख राम, सतीश कुमार उपस्थित रहे।

# युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा ग्रामीण खेल लीग की प्रतियोगिता आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**









**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा ग्रामीण खेल लीग की प्रतियोगिता का आयोजन आरआर इंटर कालेज में किया गया ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबहादुर सिंह, खंड विकास अधिकारी रामकुमार शर्मा व क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी प्रियंका चौधरी द्वारा किया गया ।

प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में सब जूनियर बालक वर्ग में प्रशांत व बालिका वर्ग में काजल प्रथम रही । जूनियर बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में वंश व 800 मीटर की दौड़ जूनियर बालिका वर्ग में पल्लवी प्रथम रही । 1500 में बालक वर्ग में दीपांशु तोमर प्रथम रहे । शाटपुट सीनियर बालिका वर्ग में तनु , जूनियर वर्ग में राधा प्रथम रहे । , लंबी कूद जूनियर बर्ग में जय , सीनियर वर्ग में दिनेश व जूनियर बालिका वर्ग में मीनाक्षी प्रथम रही । कुश्ती 43 किलो कशिश व 50 किलो में मुस्कान प्रथम रही, व 45 बालक में निखिल राणा, 57 किलो में अर्जुन प्रथम रहे । कबड्डी सीनियर वर्ग बालिका में बझेड़ा खुर्द व जूनियर बालक वर्ग में खेड़ा की टीम प्रथम रही । बैडमिंटन सीनियर बालिका वर्ग में निधि जूनियर में शीतल व सब जूनियर वर्ग में ब्रह्मप्रिया प्रथम रही । बैडमिंटन सब जूनियर बालक वर्ग में विशाल प्रथम रहे । वालीबाल जूनियर वर्ग में पिलखुवा टीम प्रथम व धौलाना टीम द्वितीय रही । खेल का समापन खंड विकास अधिकारी रामकुमार शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर किया गया । प्रतियोगिता में आकाश चौधरी , सौरभ तोमर , हरिओम, सचिन रावत , लोकेश, योगेश आदि उपस्थित रहे।

**नोक-झोंक** | **पुलिस के रोकने पर चक्का जाम कर कराया टोल फ्री, पुलिस करती रही इंतजार नही आये राहुल**

# पुलिस से नोक-झोंक करते हुए सैकड़ो किसान पहुंचे गोतमबुद्धनगर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा (गजेन्द्र राठी)।** विगत दिनों संभल में हुई हिंसा के बाद राजनीतिक नेताओं का संभल जाने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के संभल जाने की सूचना पर दिन निकलते ही पिलखुवा के राष्ट्रीय राजमार्ग -9 पर स्थित छिजारसी टोल प्लाजा देखते ही देखते पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। वहां से गुजर रहे एक एक वाहनों की चैकिंग प्रशासनिक अधिकारीयों द्वारा की जा रही थी। बुधवार की दोपहर हापुड़ की ओर से तकरीबन 12:15 मिनट पर किसान संगठन की गाड़िया जैसे ही टोल प्लाजा पर पहुचीं तो वहां मुस्तैदी के साथ खड़े पुलिसकर्मियों ने उनकी गाड़ी को रोक लिया। गाड़ी में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष दिनेश खेड़ा सवार थे। इस बीच पुलिस अधिकारियों व एसडीएम धौलाना की उनके साथ वातार्लाप हुई और इसके दौरान भाकियू के जिलाध्यक्ष ने बताया कि वे नोयडा में संगठन द्वारा चल रहे आंदोलन में शामिल होने के लिए जा रहे है। जिसके बाद पुलिस अधिकारियों ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्हें आगे जाने से मना किया तो जिलाध्यक्ष लाइन 9 नंम्बर की सड़क पर ही बैठ गए। पुलिस अधिकारियों ने उन्हें काफी समझाने का प्रयास किया और देखते ही देखते संगठन के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष के साथ सड़क पर बैठ गए और भारतीय किसान यूनियन जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। और प्रशासन की एक बात न मानी और चंद ही मिनटों में टोल प्लाजा पर संगठन के सेकड़ो कार्यकर्ता एकत्रित हो गए। कार्यकताओं ने आगे जाने की जिद को लेकर छिजारसी टोल प्लाजा की 1,2,3,4,5,6,7,8,9 लाइन की सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया। पुलिस और संगठन के कार्यकताओं के बीच झड़प भी हुई लेकिन लाख समझाने के बावजूद भी इस बीच कार्यकर्ता नही माने और आगे जाने की बात पर अड़े रहे। पुलिस द्वारा काफी रोकने बावजूद भी संगठन के कार्यकर्ता नही माने और नोएडा की ओर रवाना हो गए।

पुलिस अधिकारी भारतीय किसान यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ताओ को समझा बुझा रहे थे इसी दौरान कार्यकताओं ने अपने बुलंद नारों के साथ आगे बढ़ना शुरू कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस के आलाधिकारियों ने उन्हें काफी रोकने का प्रयास किया लेकिन किसी ने एक न सुनी और आगे बढ़ते रहे। देखते ही देखते संगठन के कार्यकताओं का हुजूम आगे बढ़ता जा रहा था और पुलिस उन्हें रोकने के प्रयास में लगी रही। इस दौरान कार्यकताओं और पुलिस के बीच खींचा तानी भी हुई और इस दौरान टोल प्लाजा पर भगदड़ जैसा माहौल हो गया। जाम मे फंसे लोग नजारे को देख हैरान थे और उनकी समझ मे नही आ रहा था कि यह क्या हो रहा है।

**हाथ जोड़ते रहे यात्री, वाहनों को आगे जाने से रोका**









बुधवार की सुबह कोई ड्यूटी करने जा रहा था तो कोई अपने किसी जरूरी काम के लिए अपनी अपनी गाड़ियों में सवार होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से दिल्ली की ओर जा रहा था लेकिन इन सब के बीच कुछ लोग ऐसे भी थे जो अस्पताल में अपने मरीजो से मिलने जा रहे थे या फिर मौत में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

इस बीच अपोलो अस्पताल जा रहे एक वाहन स्वामी के आगे बैठकर किसान संगठन के कार्यकर्ता धरना दे रहे थे तो कार में सवार युवक व एक युवती ने अपनी गाड़ी को आगे ले जाने की बात कही और अस्पताल का हवाला दिया तो किसान नेता नही माने और उनसे मना कर दिया कि किसी की गाड़ी आगे नही जाएगी। इस बीच युवती ने उनके हाथ जोड़े और आगे जाने का निवेदन किया। कुछ देर बाद उनकी गाड़ी को आगे निकाल दिया गया।

**जाम में फंसी एम्बुलेंस, मौके पर पंहुचे कप्तान**

संभल जाने वाले नेताओं को रोकने के लिए एक तरफ छिजारसी टोल प्लाजा पूरी तरह से पुलिस छावनी में तब्दील था तो दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता नोयडा में हो रहे आंदोलन में शामिल होने के लिए आगे जाने की जिद पर अड़े हुए थे। जिसकी वजह से देखते ही देखते वाहनों की लंबी कतार लगनी शुरू हो गई। इस बीच एक बुजुर्ग महिला जिंदगी और मोत की जंग लड़ रही थी और उसके उपचार के लिए उसे एम्बुलेंस द्वारा दिल्ली ले जाया जा रहा था लेकिन छिजारसी टोल प्लाजा पर किसान नेताओ द्वारा वाहनों को आगे जाने से रोकने की वजह के चलते उनकी एम्बुलेंस जाम में फंस गई। किसी तरह अन्य वाहन स्वामियों ने अपनी सूझ बूझ से एम्बुलेंस को रास्ता देकर पीछे घुमवाया और सही रास्ते से उन्हें जाने दिया।

किसान नेताओ के द्वारा आगे जाने की सूचना पर हापुड़ पुलिस अधीक्षक मौके पर पंहुचे और पूरे मामले की जानकारी ली।

**नही आये राहुल, दिन भर तैनात रहा पुलिस बल**

विगत दिनों संभल में हुई हिंसा के बाद अनेक दलों के राजनीतिक नेता संभल जा रहे है लेकिन लोगो की सुरक्षा व कानून व्यवस्था के द्दष्टिगत उन्हें पुलिस प्रशासन आगे जाने की अनुमति नही दे रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी संभल जाने की सूचना पर दिन निकलते ही छिजारसी टोल प्लाजा पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। और इस दौरान एक एक वाहन को चैक कर आगे जाने दिया गया। राहुल गांधी तो नही आये लेकिन राहुल गांधी के संभल जाने की सूचना पर हापुड़ पुलिस दिन भर छिजारसी टोल प्लाजा पर तैनात रहा।

**नोएडा जाने के लिए किसानों की स्याना चौराहे और छिजारसी टोल प्लाजा पर पुलिस के साथ जमकर हुई नोक-झोंक**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के निर्देशन में जनपद हापुड़ के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों किसान पुलिस के साथ नोक-झोंक करते हुए आखिर जीरो पॉइंट नोएडा पहुंच ही गए। जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा में जानकारी देते बताया है कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकट के निर्देशन पर जनपद हापुड़ की टीम बुधवार की सुबह में पुलिस के अथक प्रयास के बावजूद भी नहीं रूक पाए किसान और जैसे-तैसे भाग दौड़ करते हुए छिजारसी टोल प्लाजा से गुजरते हुए अलग-अलग टोलियों के रूप में आखिरकार नोएडा जीरो पॉइंट पर पहुचने में सफल हो गए।

**इस मौके पर**

महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, हापुड़ नगराध्यक्ष रोशनी सैफी, सरिता देवी, कल्पना देवी, मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल, जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनूद, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली, जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर मतलूब, अंकित त्यागी, क्षेत्रीय अध्यक्ष नौशाद अली, शहाबुद्दीन, इमरान अली, मोहसिन अली, सुंदर सिंह गुर्जर, रविंद्र सिंह, उमेश राणा, राजा चौधरी समेत मौजूद रहे।

# हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव के सांस्कृतिक संध्या पर " शिव" नृत्य पर थिरके श्रोता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र में स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती नम्रता पाठक व विशिष्ट अतिथि समाज सेविका शिखा गोयल एवम महोत्सव अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा और सूरज जैसवानी ,विनय दुबे, रनवीर सिंह, हेमू चौरसिया दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का आरंभ हुआ। वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती नम्रता पाठक ने हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव की प्रशंसा करते हुए आयोजक अरुण प्रताप सिंह को बधाई देते हुऐ कहा की ऐसे कार्यक्रम होने से हस्तशिल्प को और बढ़ावा मिलता हैं एवम विलुप्त हो रही सभ्यता और संस्कृति को कायम कर सराहनीह कार्य किया हैं। सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने मनोरम नृत्य,गीत,संगीत एवं कविताओं का मनोरम प्रस्तुती दी गई। टैलेंट शो पूजा साहनी के संयोजन में मोहिनी ने मेरे घर राम आए हैं.... गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। वैष्णवी ने शिव नृत्य कर दर्शकों को घुमाया नचाया इसी क्रम में अनन्या, रिद्धि, ममता, ओम गुप्ता, मोहिनी, वैष्णवी गीता, अमित, जान्हवी, ममता और अनन्या ने प्रस्तुति दी। स्वरांजलि सांस्कृतिक संस्था निर्देशक इंजी ० दिनेश कुमार श्रीवास्तव के संयोजन से जुड़े बिभिन्न गायन ,नृत्य के कलाकारों ने अपनी कला का बहुत ही मनभावन एवं उत्कृष्ट कला का प्रदर्शन किया। गायन में इंजी दिनेश कुमार श्रीवास्तव के अलावा फैसल नसीम, अनिल श्रीवास्तव ,रज्जन लाल, चंद्र मोहन मिश्रा ,संगीता ,प्रतिभा रानी,मृदुला भटनागर ,अर्चना श्रीवास्तव, सोनिया




सक्सेना ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से श्रोताओं का मन मोह लिया। वही मातृभाषा हिंदी संगठन के तत्वाधान में संयोजक कुमार लक्ष्मीकांत एवं अंबुज उषा नंदन, अंकुर पाठक, पीयूष योगी, अशोक, नीतू, कृति शर्मा , वानी और प्रीति सिंह आदि कवियों द्वारा प्रस्तुति पर उपस्थित श्रोता जमकर ठहाके लगाते हुए हास्य कविता के मजे लूटे । अंत में आयोजक अरुण प्रताप सिंह एवं गुंजन वर्मा द्वारा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये कलाकारों एवं कवियों को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र पहना सम्मानित किया गया । इस अवसर पर मंच से संस्थाध्यक्ष महोत्सव आयोजक ने बताया कि हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव का मुख्य उद्देश्य विलुप्त हो रही लोककला एवं हस्तशिल्प कारीगरों,बुनकरो को बढ़ावा देना है। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के मनोज सिंह चौहान,प्रियंका सिंह,उषा गोस्वामी आदि उपस्थित रहे । मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला द्वारा किया गया।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंव एडिटर इन चीफ प्रदीप कुमार अग्रवाल , ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, 9810113170, 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267